सुप्रभात
रांची, शनिवार
30.03.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net चैत, कृष्ण पक्ष, पंचमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 255

12 कांग्रेस का घर-घर गारंटी अभियान तीन अप्रैल से

इफ्तार : शाम 6.01(29 मार्च)
सेहरी : भोर 4.23 (30 मार्च)




# राजद को झारखंड की पलामू और चतरा सीटें

## बिहार में राजद - 26 कांग्रेस - 9 लेफ्ट - 5 सीटों पर लड़ेगा चुनाव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटना, नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन में सीट शेयरिंग पर सहमति बन गयी। राजद को 26 कांग्रेस को 9 और वाम दल को 5 सीटें दी गयी हैं। राजद नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी ने इसका औपचारिक ऐलान कर दिया। समझौते के मुताबिक राजद को झारखंड की दो सीटें, पलामू और चतरा दी गयी है। तय फार्मूले अनुसार कांग्रेस के खाते में 9 सीटें कटिहार, किशनगंज, पटना साहिब, सासाराम, भागलपुर, बेतिया, मुजफ्फरपुर, महाराजगंज और समस्तीपुर सीट गयी है। कांग्रेस के हाथ से पूर्णिया की सीट निकल गयी है। इसी सीट को ले कर पप्पू यादव ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय किया था।

**राजद के खाते में गयी सीटें**

औरंगाबाद, गया, जमुई, नवादा, सारण, पाटलिपुत्र, बक्सर, उजियारपुर, जहानाबाद, दरभंगा, बांका, अररिया, मुंगेर, सीतामढ़ी, झंझारपुर, मधुबनी, सिवान, शिवहर, वैशाली, हाजीपुर, सुपौल, वाल्मिकीनगर, पूर्वी चंपारण, पूर्णिया, मधेपुरा और गोपालगंज। इसके साथ ही झारखंड की पलामू और चतरा सीट भी राजद के खाते में गयी है।

**वाम दलों को पांच सीट**

भाकपा माले- आरा, नालंदा, काराकाट, सीपीआइ- बेगूसराय, सीपीएम- खगड़िया।

### झारखंड में लालू का एमवाई गेम प्लान

वहीं राजद सुप्रीमो लालू यादव ने लोकसभा चुनाव में झारखंड में खाता खोलने के लिए खास प्लान तैयार किया है। प्लान के मुताबिक अपने परंपरागत वोटर मुस्लिम-यादव के साथ-साथ एक खास वर्ग को साधने की कोशिश कर रहे हैं। इसी के तहत उन्होंने पलामू सीट से भाजपा के दो बार के सांसद रहे पूर्व डीजीपी वीडी राम के खिलाफ महिला प्रत्याशी ममता भुइयां को खड़ा किया है। राजद पलामू लोकसभा को परंपरागत मानता है और 2005 से लगातार चुनाव लड़ रहा है। लालू ने सीट शेयरिंग की घोषणा से पहले ही प्रत्याशी की घोषणा कर दी थी। ममता भुइयां मूल रूप से पलामू के सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा की रहने वाली है। ममता के बड़े भाई भी पलामू के पाटन छतरपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं। ममता पहले भाजपा से चुनाव लड़ना चाहती थी लेकिन टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने राजद का दामन थाम लिया। पलामू सीट अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व है। इस इलाके में एमवाई समीकरण के साथा-साथ एक खास जाति वर्ग का वोट पांच लाख के करीब है। यादवों की जनसंख्या तकरीबन 13 कही जाती है, वहीं मुस्लिम वर्गे के 21 प्रतिशत से अधिक वोटर हैं।

## गिरिडीह से चंद्रप्रकाश चौधरी के नाम पर मुहर



### आजसू संसदीय बोर्ड की घोषणा, सभी सीटें जीतेंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** 2024 के लोकसभा चुनाव में गिरिडीह संसदीय सीट से आजसू ने एक बार फिर चंद्रप्रकाश चौधरी को मैदान में उतारा है। शुक्रवार को संसदीय बोर्ड की बैठक में उनके नाम पर सहमति प्रदान की गयी। भाजपा ने गठबंधन के तहत गिरिडीह की सीट आजसू के लिए छोड़ी है। इससे पहले 2019 के चुनाव में चंद्रप्रकाश चौधरी ने गिरिडीह में चुनाव जीता था। महागठबंधन की ओर से अभी तक इस सीट के प्रत्याशी का चयन नहीं कर सका है।

### एनडीए सभी 14 सीटें जीतेगा : सुदेश महतो

संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि चंद्र प्रकाश चौधरी ने जनता की सेवा के साथ गिरिडीह संसदीय क्षेत्र का विकास किया है। विकास का एजेंडा लेकर हम फिर जनता के बीच जायेंगे और निःसंदेह जनता फिर एक बार हमें मौका देगी। उन्होंने दावा किया झारखंड में एनडीए सभी 14 सीटें जीतकर इस बार 400 पार का लक्ष्य पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि एनडीए का उद्देश्य राष्ट्र एवं राज्य के व्यापक हित में काम करना है, जबकि इंडी गठबंधन नेतृत्व विहीन है। इंडी के पास देशहित में कोई एजेंडा नहीं है। चुनावों में जनता उन्हें सिरे से नकारने वाली है।

### मोदी का लक्ष्य पूरा करेंगे : चौधरी

प्रत्याशी घोषित किये जाने के बाद चंद्र प्रकाश चौधरी ने पार्टी के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा पीएम मोदी के नेतृत्व में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हमने काम किया है। मोदी जी के विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए विकसित गिरिडीह अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। गिरिडीह के मतदाता चुनाव में एनडीए को भारी मतों से जिताकर 400+ के लक्ष्य को मजबूती देने का काम करेंगे। बैठक में चन्द्रप्रकाश चौधरी, रामचंद्र सहिस, लम्बोदर महतो, डोमन सिंह मुण्डा, उमाकांत रजक, कुशवाहा शिवपुजन मेहता, डां देवशरण भगत, हसन अंसारी, राजेंद्र मेहता, स्वपन सिंहदेव, डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, राधेश्याम गोस्वामी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## 4 को पूर्णिया से पर्चा भरेंगे पप्पू यादव, कहा
### जीना यहां, मरना यहां, इसके सिवा जाना कहां...

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटना।** भले ही महागठबंधन में पूर्णिया लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में नयी गयी, पर पप्पू यादव ने पूर्णिया सीट पर अपना दावा नहीं छोड़ा है। शुक्रवार को पप्पू यादन ने ऐलान कर दिया कि वह चार को पूर्णिया सीट से ही नामांकन करेंगे। वह भी कांग्रेस के सिंबल पर। इसके साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में कहा- जीना यहां, मरना यहां, इसके सिवा जाना कहां। बता दें कि मधेपुरा और सुपौल सीट से राजद ने सीट शेयरिंग से पहले ही प्रत्याशियों पार्टी सिंबल दे दिया है। कांग्रेस के पाले में 9 सीटें ्यी हैं जिसपर पप्पू यादव को कांग्रेस उम्मीदवार बना सकती है, लेकिन जिस तरह से पप्पू यादव पोस्ट कर रहे हैं उससे लगता है कि वो पूर्णिया से कम में मानने वाले नहीं हैं।

**कांग्रेस का झंडा लहरायेंगे**

पप्पू यादव ने कहा "हमारा संकल्प राहुल गांधी को पीएम बनाने का है। वो अंतिम सांस तक रहेगा। पूर्णिया में कांग्रेस का झंडा फहरेगा। पूर्णिया में कांग्रेस स्थापित होगी। मेरे हाथ में पब्लिक कांग्रेस का झंडा देखना चाहती है। मेरे सीने में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी हैं। पूर्णिया पप्पू यादव की जिंदगी है। हमें पूर्णिया से कोई अलग नहीं कर सकता और न ही छीन सकता है। सीमांचल कोसी जीतकर, देश में कांग्रेस सरकार बनायेंगे।



### पप्पू की घोषणा पर बोले तेजस्वी यादव



पूर्णिया लोकसभा सीट को लेकर महागठबंधन में घमासान मचा हुआ है। वहीं, इस सीट को लेकर कांग्रेस नेता पप्पू यादव के ऐलान पर शुक्रवार को तेजस्वी यादव ने प्रतिक्रिया दी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को इस मुद्दे पर कहा कि यह हमलोगों का विषय नहीं है। हमलोगों की पार्टी का गठबंधन किसी व्यक्ति के साथ नहीं, बल्कि दल के साथ हुआ है। कांग्रेस से तो बहुत पहले से गठबंधन है। इस मुद्दे पर ज्यादा कुछ टीका टिप्पणी नहीं करना है। उन्होंने कहा, हम लोग मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे। बिहार चौंकाने वाले परिणाम देगा।

## न्यूज डायरी

### गांडेय उपचुनाव : भाजपा ने दिलीप वर्मा को उतरा

रांची। भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने झारखंड एवं राजस्थान में होने वाले आगामी विधानसभा उप-चुनाव 2024 के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने गांडेय से दिलीप कुमार वर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया है। घोषणा होने के बाद दिलीप कुमार वर्मा ने अपनी जीत का दावा किया है। झामुमो नेता सरफराज अहमद के इस्तीफा से खाली गांडेय सीट पर उपचुनाव हो रहा है। इस सीट से पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन झामुमो की तरफ से उम्मीदवार तय मानी जा रही है।

### कार से 22 लाख बरामद आइटी को दी गयी सूचना

लातेहार। पुलिस ने अंतर जिला चेक नाका पर वाहन चेकिंग अभियान में एक कार से लगभग 21 लाख 95 हजार रुपए नगद बरामद किया है। इनकम टैक्स विभाग को भी इसकी सूचना दी गयी है। एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर वाहनों की जांच की जा रही है। शुक्रवार को बरियातू थाना के पास लातेहार-चतरा बॉर्डर पर चेकिंग में काले रंग की एक कार से यह राशि जब्त की गयी।

### शिवराज पाटिल की पुत्रवधू भाजपा में

नयी दिल्ली। लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस के कद्दावर नेता शिवराज पाटिल की पुत्रवधू अर्चना पाटिल चाकूरकर शनिवार को भाजपा में शामिल होंगी। पार्टी के पदाधिकारियों के अनुसार डॉ. अर्चना ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। शिवराज पाटिल यूपीए सरकार में वर्ष 2004 से 2008 के बीच केंद्रीय गृह मंत्री थे।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 63700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 79000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## मुख्तार की मौत मामले की न्यायिक जांच होगी


पैतृक गांव के पुस्तैनी कब्रिस्तान में आज अंतिम संस्कार

**बांदा ।** यूपी के मऊ सदर विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक रहे माफिया डान मुख्तार अंसारी की मौत मामले की न्यायिक जांच होगी। बांदा में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने शुक्रवार को माफिया सरगना मुख्तार अंसारी की मृत्यु के न्यायिक जांच के आदेश दिये हैं। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगवान दास गुप्ता ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी/ एमएलए कोर्ट) गरिमा सिंह को जांच अधिकारी नामित करते हुए जांच रिपोर्ट एक माह के अंदर प्रेषित करने का आदेश दिया। बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी की मौत के बाद शव के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुक्रवार शाम तक पूरी हो गयी। इसके बाद बेटा उमर अंसारी और बहू निकहत शव लेकर गाजीपुर के लिए चले गये। शनिवार सुबह नमाज के बाद उनके पैतृक गांव यूसूफपुर मोहम्मदाबाद में स्थित पुस्तैनी कब्रस्तान काली बाग में सुपुर्दे खाक किया गायेगा। इसकी तैयारियां कर ली गयी है। न्यायिक जांच के आदेश की प्रतिलिपि जिला न्यायाधीश , जिला मजिस्ट्रेट को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई के लिये भेजी गयी। साथ ही जिला कारागार अधीक्षक को 63 वर्षीय मुख्तार अंसारी की मृत्यु/ इलाज से संबंधित सभी प्रपत्र और अन्य जो भी प्रलेख जांच से संबंधित तो हो जांच अधिकारी को तीन दिन के अंदर उपलब्ध कराने के भी आदेश दिये गये। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार शाम मुख्तार अंसारी का शव ले कर बेटा उमर अंसारी और बहू निकहत एंबुलेंस से शव लेकर गाजीपुर निकले। बांदा से गाजीपुर की दूरी 389 किमी है।

(शेष पेज 11 पर)

## झारखंड का पारा 40 डिग्री पार, आज-कल बारिश संभव

**रांची।** मार्च के अंतिम सप्ताह में झारखंड का पारा 40 डिग्री पार कर चुका है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को डालटनगंज और जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री पहुंच गया। वहीं राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस रहा। चिलचिलाती गर्मी का एहसास हुआ। धूप के साथ उमस ने भी लोगों को परेशान किया। धनबाद का तापमान भी 38 डिग्री को पार कर गया है। मार्च में ही लोगों को गर्मी का सितम झेलना पड़ रहा है। हालांकि दोपहर में गर्म हवाएं थोड़ी राहत दे रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार और रविवार को रांची समेत झारखंड के 21 जिलों में बारिश की संभावना है। पश्चिमी, दक्षिणी और मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ वज्रपात और हल्की वर्षा होने की संभावना है। राज्य में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की वृद्धि संभव है। वहीं पिछले 24 घंटे में राज्य में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा 2.5 एमएम बरही में दर्ज की गयी। वहीं सबसे कम तापमान 18.3 डिग्री सेल्सियस लोहरदगा का दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, एक अप्रैल से बादल पूरी तरह छंट जायेंगे और मौसम शुष्क और साफ रहेगा। इससे तीखी धूप की गर्मी तापमान को बढ़ायेगी।

**समुद्र के ऊपर बना चक्रवात**

मौसम विभाग ने बताया है कि दक्षिण-पश्चिम एमपी और उससे सटे इलाकों में चक्रवातीय क्षेत्र बना हुआ है। इसके अलावा ओड़िशा और उससे सटे इलाकों में भी समुद्र के ऊपर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन का क्षेत्र बना हुआ है, जिसका असर झारखंड में भी देखा जायेगा। इसके असर से कम से कम दो दिन तक कई जगहों पर वर्षा होने के आसार हैं।

## कांग्रेस को मिला 1800 करोड़ का आयकर नोटिस
### यह कर आतंकवाद, भाजपा इसी बल पर जीतना चाहती है : खड़गे

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आयकर विभाग ने पांच अलग-अलग वित्तीय वर्षों के टैक्स रिटर्न में कथित विसंगतियों के लिए कांग्रेस को 1823.08 करोड़ रुपये के भुगतान का नोटिस जारी किया है। विभाग ने कांग्रेस पार्टी को वित्त वर्ष 2017-18 से लेकर 2020-21 के लिए लिय यह नया नोटिस भेजा है। वहीं इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस ने कहा कि भाजपा कर आतंकवाद से चुनाव जीतना चाहती है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि चुनाव के दौरान मुख्य विपक्षी दल को जान-बूझकर निशाना बनाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग का डिमांड नोटिस वर्ष 2017-18 से 2020-21 के लिए है। कांग्रेस को भेज गये नोटिस में राशि में जुर्माना और ब्याज शामिल है। इस नोटिस ने लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस की परेशानी और बढ़ा दी है। कांग्रेस ने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर जुर्माने की दोबारा जांच की मांग की थी, लेकिन अदालत ने कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी। इसके बाद पार्टी को नोटिस भेजा गया है। अब कांग्रेस तीन अन्य वर्षों की आय की जांच पूरी होने का इंतजार कर रही है। यह जांच रविवार तक पूरी होगी। कांग्रेस के वकील और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने कहा कि आयकर विभाग की कार्रवाई गैर जरूरी और लोकतंत्र के खिलाफ है। आयकर विभाग पहले ही कांग्रेस पार्टी के दिल्ली में स्थित बैंक खातों से 135 करोड़ रुपए वसूल चुका है।

**कांग्रेस ने केंद्र पर साधा निशाना**

कांग्रेस ने भाजपा पर कर आतंकवाद से लोकसभा चुनाव जीतने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि इसके विरुद्ध न्यायपालिका में अपील की जायेगी और सड़क पर संघर्ष होगा। कांग्रेस ने कहा कि आयकर विभाग ने भाजपा भाजपा को लेकर आंखें बंद कर ली हैं। उस पर 4600 करोड़ रुपये का जुर्माना बनता है।

(शेष पेज 11 पर)



## वीसी के जरिये राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का रिफ्रेशर प्रशिक्षण सम्पन्न

# ऐप और पोर्टल के उपयोग से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव प्रबंधन हुआ आसान व सरल: नेहा अरोड़ा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर झारखण्ड में आईटी से संबंधित स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर को शुक्रवार को रिफ्रेशर प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय स्थित सभागार से ट्रेनर्स को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ऐप एवं पोर्टल से संबंधित ऑनलाइन प्रशिक्षण वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिया गया। मौके पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ऐप तथा पोर्टल से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में सुविधा होगी।

### मतदाता एवं अभ्यर्थी दोनों को फायदा होगा

उन्होंने कहा कि तकनीक के माध्यम से मतदाता को लक्षित करने एवं शहरी मतदाताओं को इसकी जानकारी देते हुए उनतक पहुंच बनाते हुए मतदान के लिए जागरूक किया जा सकता है। ऐप के माध्यम से घर बैठे निर्वाचक सूची में अपना नाम शामिल किए जाने से लेकर अपने मतदान केंद्र को जानने, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के बारे में जानकारी प्राप्त करने जैसी सुविधाएं प्राप्त की जा सकती है। चैटबोर्ड के माध्यम से प्रश्नों का उत्तर भी प्राप्त हो जाता है।

नेशनल लेवल मास्टर ट्रैनर्स सैयद नासीर जमील द्वारा सभी को ऐप एवं पोर्टल की जानकारी देते हुए उसके महत्व एवं संचालन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने वोटर सर्विस पोर्टल, एनजीएसपी पोर्टल, एनकोर, सी-विजिल ऐप, ईआरओ नेट, सुविधा ऐप एवं पोर्टल, परमिशन, कैंडिडेट एफिडेविट मैनेजमेंट, वोटर टर्न आउट आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। आज के प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षित स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर्स अपने लोकसभा क्षेत्र के संबंधित कर्मियों को भारत निर्वाचन आयोग के एप्लीकेशन एवं पोर्टल का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

उक्त प्रशिक्षण सत्र में धनबाद, गिरीडीह, रांची, पलामू, साहेबगंज, हजारीबाग, सरायकेला, गुमला, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम के स्टेट लेबल मास्टर ट्रैनर उपस्थित थे।

## मतदान केंद्रों में सुविधाएं बढ़ायें : नेहा अरोड़ा

**अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने रांची के शिवपुरी क्षेत्र स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने रांची के शिवपुरी क्षेत्र स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर शुद्ध पेयजल, बिजली, शौचालय, रैंप सहित दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिये उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं का आकलन किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के निमित्त उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं की कमियों को शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया।

उन्होंने शिवपुरी क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों पर जाकर वहां के बीएलओ से बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप की सूची का अवलोकन किया। उन्होंने बीएलओ को नागरिकों की जानकारी के अभाव को दूर करने, बीएलओ द्वारा नगर निगम के कर्मी को बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप में शामिल करने का निदेश दिया। उन्होंने सभी बीएलओ को बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप एवं वॉलेंटियर्स चयनित करने में भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों का अनुपालन करने को कहा। उन्होंने राजकीय मध्य विद्यालय नवीन आरक्षी केंद्र शिवपुरी के भौतिक निरीक्षण के क्रम में शौचालय को सुचारू रूप से क्रियाशील कराने का निर्देश दिया गया। ट्रैफिक पुलिस स्टेशन एवं पुलिस लाईन के लिए संचालित स्वास्थ्य केंद्र के कारण विद्यालय परिसर में मतदाताओं के लिये पर्याप्त स्थान नहीं है। इसके लिये उन्होंने मतदाताओं की असुविधाओं को शीघ्र दूर करने के लिये संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया। मतदान केंद्रों के भौतिक निरीक्षण के क्रम में निर्वाचन कार्य से जुड़े रांची जिले के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चुनाव ड्यूटी : इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए भाड़ा तय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव के लिए ईवी श्रेणी के वाहनों के लिए हायर एंड डिटेंशन चार्ज की दर्ज निर्धारित की गयी है। परिवहन विभाग ने आदेश जारी किया है। विभाग ने पहले ही पेट्रोल-डीजल वाहनों के लिए हायर एंड डिटेंशन चार्ज तय कर दिया था, अब इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए भी दरों को तय किया है। यानि चुनावी ड्यूटी में अगर ये वाहन प्रयोग में लाये जाते हैं तो उन्हें निर्धारित दरों का ही भुगतान वाहन संचालकों के पक्ष में करना होगा।

- महिन्द्रा एक्सयूवी 400 ईवी, टाटा टियागो नेक्सन ईवी, टाटा टिगोर ईवी, एसी कार : 1470.00 रुपये
- महिन्द्रा एसयूवी 400 ईवी, टाटा टियागो ,नेक्सन ईवी, टाटा टिगोर ईवी, बिना एसी: 1280.00 रुपये।
- टाटा पंच ईवी, टाटा टियागो ईवी, वातानुकूलित : 1340.00 रुपये
- टाटा पंच ईवी, टाटा टियागो ईवी, बिना वातानुकूलित कार: 1170.00 रुपये
- इलेक्ट्रिक ऑटो : 620 रुपये
- ई-रिक्शा, ई कार्ट 400 रुपये।

## चुनाव में खाने-पीने की सामग्री की दर तय चाय 10 और नॉन वेज थाली ₹152 की होगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** लोकसभा चुनाव में चाय-कॉफी से लेकर पानी की बोतल तक की दर तय कर दी गई है। चुनाव कार्य के दौरान उम्मीदवार या राजनीतिक दल द्वारा समर्थकों या पार्टी में नाश्ता या भोजन कराया जाता है तो जिला प्रशासन की ओर से निर्धारित दर ही मान्य होगा। इसी दर पर खर्च की गणना की जाएगी। जिला प्रशासन ने इसके लिए टेंडर जारी किया था और एल वन दर पर इन खाद्य सामग्री की दर निर्धारित की है। इसी दर से उम्मीदवारों को खर्च का हिसाब देना होगा।

निर्धारित दर के अनुसार चाय और कॉफी की दर प्रति कप 10.50 रुपए है। नास्ते को तीन श्रेणी में रखा गया है। साधारण नाश्ते में चार पूड़ी, दो जलेबी और सब्जी रहेगी। नाश्ता टाइप वन में समोसा या कचौड़ी एक पीस, एक वेजिटेबल चॉप, स्पंजी रसगुल्ला 2 या काजू बर्फी दो पीस रहेगी।

साधारण खाना में दो रोटी, चावल, दाल, सब्जी, भुजिया, स्पंजी रसगुल्ला एक, सलाद, अचार और पापड़ रहेगा। वेज खाने में दो रोटी, जीरा राइस, दाल, मिक्स वेज, मटर पनीर, भुजिया, बुंदिया रायता, स्पंजी रसगुल्ला एक, सलाद और पापड़ रहेगा। नॉन वेज खाना में दो रोटी, जीरा राइस, दाल, मिक्स भेज, सब्जी, पनीर सब्जी, भुजिया, बुंदिया रायता, स्पंजी रसगुल्ला एक, सलाद, पापड़, मछली या चिकन या मटन-4 पीस निर्धारित किया गया है।

**खाद्य पदार्थों की निर्धारित दर**

| | |
|---|---|
| चाय | 10.50 |
| कॉफी | 10.50 |
| नास्ता साधारण | 35.00 |
| नास्ता टाइप वन | 45.00 |
| नास्ता टाइप टू | 65.10 |
| खाना साधारण | 80.00 |
| खाना वेज | 120.00 |
| खाना नॉन वेज | 152.25 |
| कोल्ड ड्रिंक्स 2 लीटर | 21.00 |
| पानी बोतल एक लीटर | 10.50 |


## खबर एक नजर में

### रामटहल चौधरी मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले



**रांची।** कांग्रेस नेता और रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सुबोध कांत सहाय और बंधु तिर्की भी मौजूद रहे। इस शिष्टाचार मुलाकात में रांची लोकसभा सीट सहित झारखंड के अन्य लोकसभा सीटों के समीकरणों पर चर्चा की गयी।

### सीएम से मिले कालीचरण मुंडा



**रांची।** इंडी गठबंधन समर्थित खूंटी लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार कालीचरण मुंडा शुक्रवार को राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात की एवं महागठबंधन के उम्मीदवार चुने जाने पर अपना आभार व्यक्त किया। कालीचरण मुंडा ने मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया कि राज्य की जनता का समर्थन महागठबंधन को प्राप्त है। निश्चित रूप से राज्य की सभी सीटों पर महागठबंधन के प्रत्याशी चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा कि झूठे केस में हेमंत सोरेन को फंसाना भाजपा को बहुत भारी पड़ेगा और राज्य की जनता इसका जवाब उन्हें चुनाव में जरूर देगी। बैठक में झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि भूषण राय एवं मदन मिश्रा शामिल रहे।

### क्रूरता के आरोपी पति को नहीं मिली जमानत

**रांची।** प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय की अदालत ने पति और उसके घर के लोगों पर पत्नी पर क्रूरता करने से जुड़े एक मामले में आरोपी पति धर्मवीर शर्मा को अग्रिम जमानत देने से इनकार किया है। अदालत ने कहा कि धर्मवीर शर्मा पर गंभीर आरोप है। वहीं मामले में अन्य आरोपी सास ममता देवी, ननद विनीता शर्मा, देवर करमवीर शर्मा एवं देवरानी स्मृति शर्मा को अदालत ने सशर्त अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की है। सभी कांके थाना क्षेत्र के अरसंडे जय प्रकाश नगर निवासी हैं। महिला ने घटना को लेकर पांच जनवरी 2024 को कांके थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि शादी के 10 साल बाद भी सिर्फ बेटी होने पर प्रताड़ित किया जा रहा है। पति समेत अन्य ससुराल के सदस्यों ने 20 अक्तूबर 2023 को शरीर पर गर्म तेल डालकर जला दिया था, लेकिन, पति के कहने पर केस नहीं किया। इनलोगों ने पुन: दोबारा चार जनवरी को बेटियों को लेकर गाली गलौज की। अदालत ने पति को छोड़ अन्य चार को 20-20 हजार रुपये के दो मुचलके पर अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की है।

## सत्ताधारी गठबंधन के उम्मीदवारों की घोषणा नहीं होने पर भाजपा का तंज

# महागठबंधन के पास उम्मीदवारों की हो गयी कमी : प्रतुल शाहदेव



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने महागठबंधन के झारखंड में सिर्फ तीन उम्मीदवारों की घोषणा पर तंज करते हुये कहा है कि उसके पास उम्मीदवारों का टोटा है। कहा कि महागठबंधन के नेता डूबती नाव की सवारी से बचते दिख रहे हैं, इसलिये अभी तक सिर्फ तीन नाम की घोषणा हुई। उन्होंने कहा कि इसके उलट एनडी गठबंधन से अब तक सारे उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है और सब प्रचार कर रहे हैं। 11 उम्मीदवारों की घोषणा तो एक माह पूर्व ही हो गई थी। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी गठबंधन के बीच सीट बंटवारे को लेकर भी रोज फार्मूला बदलने की खबरें आती हैं। गठबंधन के लोगों को सिर्फ ज्यादा से ज्यादा सीटों को हथियाने की चिंता है। जनता के बारे में इन्होंने अपनी कोई सोच या योजना उजागर नहीं की है। अंततः ऐसा ना हो कि महागठबंधन को जनता ही झारखंड से नौ दो ग्यारह कर दे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधान मंत्री बनाने के लिए राष्ट्रवाद और विकास की आंधी चल रही है। इस आंधी का सामना करने के लिये महागठबंधन के नेता हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के भीतर खाने से चुनाव लड़ने के मुद्दे पर नेताओं में एक दूसरे को पहले आप, पहले आप कहने वाली स्थिति दिख रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि धर पकड़ के और आरजू मिन्नत कर पिछले बार के चुनाव में हारे हुए उम्मीदवारों को ही खोज-खोज कर लड़ाने की तैयारी की जा रही है।

## भाजपा को पूरी छूट और कांग्रेस से लूट की नीति पर काम कर रहा इडी-सीबीआई : राजेश ठाकुर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा को छूट और कांग्रेस से लूट नीति के तहत देश में आयकर विभाग काम कर रहा है। लोकसभा चुनाव में हार के डर से भाजपा अलग-अलग हथकंडे अपना रही है। यह आरोप प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रधानमंत्री मोदी पर लगाते हुए कहा कि आगामी चुनाव के लिए भाजपा द्वारा कराए गए आंतरिक सर्वे में हार की रिपोर्ट आ चुकी है तो मोदी के सिपाहसालार के रूप में कार्य कर रही सरकारी एजेंसियां ईडी, सीबीआई, आईटी आदि खुलकर मैदान में आ गई है।

श्री ठाकुर ने कहा कि आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस को 1823 करोड़ का नोटिस भेजा गया है। 135 करोड़ कांग्रेस के खाते से पहले ही आयकर विभाग द्वारा निकाला जा चुका है। लेकिन भाजपा के खाते की जो जानकारी चुनाव आयोग की वेबसाइट पर है उसमें 1297 लोगों ने बिना नाम पते के बिना पूरी जानकारी के 42 करोड़ रुपए भाजपा के खाते में 2017-18 में जमा किए हैं। कांग्रेस के 14 लाख के डिपॉजिट पर आयकर विभाग ने हमारे खाते फ्रीज कर दिए परंतु बीजेपी के 42 करोड़ नजर नहीं आए।

भाजपा ने जो नियम का उल्लंघन किया है उसके चलते उन पर 4600 करोड़ की देनदारी बनती है लेकिन आयकर विभाग को भाजपा के खाते नजर ही नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में 'कर आतंकवाद' की एक नई परिभाषा गढ़ी जा रही है जिससे जीएसटी की शक्ल में आम जनता पहले से ही पीड़ित है, 2024 के चुनाव में विपक्ष को हतोत्साहित करने का यह एक नया तरीका है कि विपक्ष को आर्थिक रूप से कमजोर करके उसे नख- दंत विहीन किया जाए ताकि चुनाव को एक तरफा करने की कोशिश की जाए, लेकिन मोदी नहीं जानते कि मोदी की नीतियों के खिलाफ विपक्ष नहीं बल्कि जनता चुनाव लड़ रही है। उक्त जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने दिया।

### शिव उरांव संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बने




**रांची।** शिव उरांव को संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। शुक्रवार को प्रेस क्लब में पार्टी के महासचिव विजय शंकर नायक ने मनोनयन पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि शिव उरांव के प्रदेश अध्यक्ष बनने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता सबरीना टोप्पो, मैना उरांव, उमा शंकर झा, नरेंद्र साईं, मनीष चौधरी, फिरोज अंसारी, बसंत उरांव थे।

## जेबीवीएनएल ने ₹81 करोड़ बिजली बिल वसूली के लिए कोल्हान के सरकारी दफ्तरों को भेजा नोटिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से बिजली बिल वसूली के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जहां आम घेरलू उपभोक्ताओं से बिल वसूली और चोरी के खिलाफ छापेमारी की जाती है। वहीं, सरकारी कार्यालयों को नोटिस भेज कर बिल वसूली की जा रही है। पिछले दिनों रांची विद्युत आपूर्ति कार्यालय की ओर से रांची के सरकारी आवासों और कार्यालयों को नोटिस भेजा गया था। वहीं, अब जमशेदपुर के विभिन्न सरकारी कार्यालयों से बिजली बिल वसूली के लिए नोटिस भेजा गया है। इसमें जमशेदपुर, आदित्यपुर, कोल्हान क्षेत्र शामिल है। यहां के सरकारी कार्यालयों में कुल 81 करोड़ रुपए बकाया है। बकाया राशि भुगतान के लिए 31 मार्च तक का समय दिया गया है। बकाया राशि 31 मार्च तक जमा नहीं करने पर कार्रवाई की जायेगी। आदित्यपुर विद्युत अवर प्रमंडल के अधीन आनेवाले सरकारी विभागों और बड़े उद्योगों पर ही करीब 7 करोड़ से अधिक का बिजली बिल बकाया है। इसमें नगर निगम, जेआरडीसीएसल, पीएचडी और जियाडा जैसे सरकारी विभाग शामिल हैं।

आदित्यपुर के सरकारी विभागों के पास एचटी और एलटी कनेक्शन मिलाकर करीब सात करोड़ का बकाया है। इसमें आदित्यपुर नगर निगम पर करीब 1.10 करोड़, पीएचडी पर लगभग 3. 20 करोड़, जियाडा पर 1.66 करोड़ और जेआरडीसीएल पर लगभग 45 लाख का बिजली बिल बकाया है।

आपूर्ति कार्यालय की मानें तो एकमुश्त बिल का भुगतान नहीं कर पाते हैं तो उनके लिए किश्तवार बिल भुगतान करने की भी व्यवस्था है। वे इसका भी लाभ ले सकते हैं। आदित्यपुर परिक्षेत्र में 323 घरेलू उपभोक्ताओं की भी सूची तैयार की गई है। जिनका बिल 10 हजार या उससे अधिक है। यदि वे मार्च महीने के अंत तक बकाया बिल का भुगतान नहीं करते हैं तो उनका कनेक्शन काट दिया जायेगा।

## टेरर फंडिंग मामले में आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोयला परियोजना से टेरर फंडिंग मामले में जेल में बंद कल्याणपुर चौक निवासी अनिश्चय गंझू की जमानत याचिका एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने खारिज कर दी है। वह स्पेशल एनआईए कांड संख्या 2018 से जुड़े एक मामले में छह जून 2020 से जेल में है। इससे पूर्व याचिका पर सुनवाई के दौरान एनआईए की ओर से दलीलें दी गई कि याचिकाकर्ता टीपीसी के लिए कोयला खनन क्षेत्र से जबरन वसूली के माध्यम से नाजायज स्त्रोतों से धन एकत्र किया। अन्य सदस्यों के साथ मिलकर टीपीसी उग्रवादी के नाम पर भय पैदा कर स्थानीय व्यापारियों और डीओ धारकों से लेवी वसूलने में संलिप्त था। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि इसी मामले के आरोपी सुदेश केडिया, संजय जैन, महेश अग्रवाल, अजय कुमार, अजीत ठाकुर और सुभान मियां को ऊपरी अदालत से जमानत मिल चुकी है। याचिकाकर्ता का मामला सह अभियुक्त व्यक्तियों की तुलना में बेहतर स्थिति में है। उन्होंने बहुत कष्ट सहा है। ऐसी संभावना है कि निकट भविष्य में सुनवाई पूरी नहीं हो सकेगी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने याचिका खारिज कर दी।

## यात्रियों की भीड़ देखते हुए रेलवे ने ट्रेनों का किया अवधि विस्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से राज्य में चलने वाली स्पेशल ट्रेन को अवधि विस्तार दिया गया है। वहीं कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ा गया है। यात्रियों की भीड़ और लंबी वेटिंग लिस्ट को देखते हुए रेलवे ने ये निर्णय लिया है। अप्रैल में नवरात्रि और फिर गर्मी छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए, रेलवे ने स्पेशल ट्रेनों को अवधि विस्तार दिया है। इसके साथ ही पूर्व से संचालित स्पेशल ट्रेनों के फेरे जून तक बढ़ा दिये गये हैं।

धनबाद होकर चलने वाली कोलकाता बीकानेर और कोलकाता मदार साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़े जाएंगे। धनबाद, बोकारो और रांची होकर चलने वाली रक्सौल हैदराबाद स्पेशल ट्रेन का परिचालन अब जून तक होगा।

### इन ट्रेनों में जोड़े गये अतिरिक्त कोच



- ट्रेन संख्या 12495 बीकानेर कोलकाता प्रताप एक्सप्रेस में चार से 25 अप्रैल तक एक थर्ड एसी का अतिरिक्त कोच।
- ट्रेन संख्या 12496 कोलकाता बीकानेर प्रताप एक्सप्रेस में पांच से 26 अप्रैल तक एक थर्ड एसी का अतिरिक्त कोच।
- ट्रेन संख्या 19608 मदार कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस में एक से 29 अप्रैल तक एक थर्ड एसी व एक स्लीपर का अतिरिक्त कोच।

ट्रेन संख्या 19607 कोलकाता मदार साप्ताहिक एक्सप्रेस में चार अप्रैल से दो मई तक एक थर्ड एसी व एक स्लीपर का अतिरिक्त कोच।

# दुमका, खूंटी व गोड्डा हॉट सीट, महागठबंधन की तैयारी धीमी







**उदय चौहान**

**रांची।** जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव की तारीखें नजदीक पहुंच रही है वैसे-वैसे चुनावी चर्चा जोर पकड़ रही है। झारखंड के दुमका, खूंटी व गोड्डा सीट सबसे हॉट मानी जाने लगी है। भाजपा ने दुमका से सीता सोरेने, गोड्डा से निशिकांत दुबे व खूंटी से अर्जुन मुंडा को प्रत्याशी बनाया है। महागठबंधन की ओर से दुमका से हेमंत सोरेन के चुनाव लड़ने के चर्चा गरम है। वैसे, सीट शेयरिंग व अन्य कामों में महागठबंधन धीमी रफ्तार से चल रहा है। मात्र खूंटी सीट से कांग्रेस ने कालीचरण मुंडा को उम्मीदवार बनाया है। दुमका व गोड्डा सीट से उम्मीदवारों के नाम महागठबंधन ने घोषित नहीं किया है। झारखंड में सभी 14 सीटों लोकसभा सीटों पर चार चरणों में मतदान होगा।

सूत्रों के अनुसार झारखंड का लोकसभा चुनाव इस बार काफी दिलचस्प होने वाला है। झारखंड की रांची, दुमका, गोड्डा, सिंहभूम, खूंटी और हजारीबाग लोकसभा सीट हॉट मानी जा रही है। भाजपा ने इस बार रांची से संजय सेठ, दुमका से सीता सोरेन, गोड्डा से निशिकांत दुबे, सिंहभूम से गीता कोड़ा, हजारीबाग से मनीष जयसवाल को मैदान में उतारा है। ऐसी चर्चा है कि इस बार झारखंड की दुमका लोकसभा सीट सबसे हॉट सीट हो सकती है। इस सीट से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुनाव लड़ सकते हैं।

मालूम हो कि हेमंत सोरेन अभी जेल में हैं। सूत्रों की मानें, तो वह जेल से ही लोकसभा का चुनाव लड़ सकते हैं। अगर हेमंत सोरेन दुमका से चुनाव लड़ते हैं तो यह देश की सबसे हॉट सीट में से एक हो सकती है। राजधानी रांची हमेशा से ही एक हॉट सीट रही है। रांची में छठे चरण में 25 मई 2024 को मतदान होगा। इस सीट पर अभी भाजपा का कब्जा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के संजय सेठ ने कांग्रेस उम्मीदवार सुबोध कांत सहाय को लगभग तीन लाख वोटों से हराया था। भाजपा ने एक बार फिर संजय सेठ पर भरोसा जताया है। आईएनडीआईए में अभी सीट शयेरिंग को लेकर बातचीत का दौर जारी है। देखना दिलचस्प होगा कि रांची सीट कांग्रेस के पास ही रहेगी या फिर झामुमो बाजी मारेगी।

### गीता कोड़ा ने पलटी सिंहभूम की बाजी

सिंहभूम की सीट भी हॉट सीटों में से एक रहने वाली है। यह सीट अनुसूचित जाति-जनजाति के लिये आरक्षित है। इस सीट पर चौथे चरण में 13 मई 2024 को मतदान होगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में गीता कोड़ा कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा पहुंची थी। गीता कोड़ा ने हाल ही में भाजपा का दामन थाम लिया था। भाजपा ने उन्हें सिंहभूम सीट से अपना उम्मीदवार बनाया। सिंहभूम कांग्रेस के लिये एक गढ़ के रूप में रही है। गीता कोड़ा के जाने के बाद आईएनडीआईए से यहां से कौन चुनाव लड़ेगा, वह तो उम्मीदवारो की लिस्ट जारी होने के बाद ही पता चलेगा। हालांकि इसमें कोई दो राय नहीं है कि यह भी एक हॉट सीट रहने वाली है।

गोड्डा भी एक ऐसी सीट है, जिसपर देशभर के लोगों की नजर रहने वाली है। इस सीट पर सातवें चरण में एक जून 2024 को मतदान होगा। 2019 के चुनाव में इस सीट पर भाजपा नेता निशिकांत दुबे जीत दर्ज कर की थी। निशिकांत दुबे 2009 से लगातार लोकसभा पहुंच रहे हैं। भाजपा ने एक बार फिर से अपने दिग्गज नेता पर भरोसा जताया है। वहीं, आईएनडीआईए की तरफ से अभी स्पष्ट नहीं है कि यहां से कौन चुनाव लड़ेगा। खूंटी भी एक हॉट सीट रहने वाली है। इस सीट पर 13 मई 2024 को चौथे चरण में मतदान होगा। भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार में मंत्री अर्जुन मुंडा को मैदान में उतारा है। अर्जुन मुंडा को खूंटी से से दूसरी बार उम्मीदवार बनाये जाने से सबसे हॉट सीट में से एक बन गई है। हजारीबाग सीट भी इस बार हॉट सीटों में शामिल रहने वाली है। इस सीट पर पांचवे चरण में 20 मई 2024 को मतदान होगा। 2019 के चुनाव में इस सीट से भाजपा के वरिष्ठ नेता जयंत सिन्हा सांसद चुने गये थे। लेकिन, इस बार विधायक मनीष जायसवाल को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है।

खैर! लोकसभा चुनाव में कौन किस पर भारी पड़ता है। अभी तो चर्चा गरम है कि कौन-कौन सबसे हॉट सीट है।

स्पीड न्यूज

## साइबर ठगों ने बनाई उपायुक्त की फेक वाट्सएप आईडी

**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा के नाम पर साइबर ठगों ने फेक वाट्सएप आईडी बनाई है, जिसका नंबर 9579111855 है। इसमें उपायुक्त की तस्वीर भी लगाई गई है। इस संबंध में उपायुक्त ने अधिकारियों, शुभचिंतकों व आमजनों से अपील की है कि अगर इस व्हाट्सएप नंबर या किसी भी अन्य नंबर व किसी भी अनधिकृत सोशल मीडिया के माध्यम से आपसे संपर्क किया जाता है, तो उनके झांसे में न आएं और किसी प्रकार की कोई बातचीत भी न करें।

## सीमा क्षेत्र के बूथों का एसपी ने लिया जायजा

**बोकारो।** पुलिस अधीक्षक बोकारो पूज्य प्रकाश ने अन्तर्राज्यीय सीमा से सटे मतदान केंद्रों एवं थानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बरमसिया मुर्गाताल बिरखाम गवई पुल बिरसा पुल बॉर्डर चेकनाका तथा चीरा चास सियालजोरी थाना एवं बरमसिया बंगड़िया अमलाबाद थाने में उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## परिवहन विभाग ने 10 वाहनों से वसूला ढाई लाख जुर्माना

**धनबाद।** जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने शुक्रवार को जीटी रोड पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया, जिसमें लगभग 40 वाहनों की जांच की गई। 10 वाहनों से ओवरसाइज, ओवरलोड से लिए लगभग 2 लाख 50 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। वहीं अभियान के दौरान अवैध रूप से बालू की ढुलाई कर रहे 6 वाहनों को जब्त कर स्थानीय थाना को सौंप दिया गया।

## मैनेजमेंट केस स्टडी प्रतियोगिता में बीएसएल टीम ने मारी बाजी

**बोकारो।** सेल एमटीआई रांची एनएचआरडीएन रांची चैप्टर के सहयोग से आयोजित 11वीं अनुभव प्रबंधन केस स्टडी प्रतियोगिता के फाइनल में बीएसएल और आरबीयू की टीमों को कारपोरेट श्रेणी में क्रमश विजेता और उपविजेता घोषित किया गया जबकि आईबीएस हैदराबाद और सीएमएस की टीमों को अकादमिक श्रेणी में विजेता और उपविजेता घोषित किया गया। बीएसएल की तरफ से सौरभ सिंह स्नेहा राजू तथा तनु प्रिया की टीम कारपोरेट श्रेणी में विजयी रही। निदेशक कार्मिक सेल और अधिशासी निदेशक एचआरडी एमटीआई ने सभी विजेताओं को बधाई दी।

## बीसीसीएल कर्मियों को मिला मतदान से संबंधित प्रशिक्षण

**धनबाद।** मतदाता जागरुकता अभियान को लेकर शुक्रवार को बीसीसीएल मुख्यालय के कोयला भवन में बैठक हुई। अध्यक्षता निदेशक (कार्मिक) मुरली कृष्ण रमैया ने की। स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह सीओ धनबाद शशिकांत सिंकर ने कंपनी के कर्मियों को मतदान से संबंधित प्रशिक्षण दिया तथा उनकी विभिन्न शंकाओं का समाधान किया।

# ढुल्लू महतो को टिकट मिलने के बाद भाजपा में खलबली

## धनबाद संसदीय सीट : कहीं खुशी, कहीं गम का आलम, टिकट नहीं मिलने वाले गुट हो रहे हैं एकजुट





### ढुल्लू की दागदार छवि बढ़ा सकती है मुश्किलें

वर्ष 2005 से अब तक बाघमारा में दबंग विधायक के रूप में ढुल्लू चर्चा में रहे हैं। 50 से अधिक मुकदमे भी उनकी नकारात्मक छवि उभारने में साथ दे रहे हैं। ढुल्लू के मामलों को लेकर जिले के भाजपाई भी अब तक मुंह फेरते नजर आये हैं। इधर धनबाद, झरिया, बलियापुर, निरसा बोकारो व चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र भी ढुल्लू के लिए नया है। जिस बाघमारा के वह विधायक हैं, वह धनबाद लोकसभा का एरिया नहीं है। यह क्षेत्र गिरीडीह लोकसभा का है। ढुल्लू की राजनीति भी अब तक बाघमारा तक ही सीमित रही है। अब नये क्षेत्र में भाजपा के नाम पर मतदाताओं को अपनी ओर खींचने में वह कितना कामयाब होते हैं, यह चुनाव का नतीजा आने के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल उनकी उम्मीदवारी को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है।

### टिकट मिलने के बाद सक्रिय हैं ढुल्लू

पहले विधायक ढुल्लू महतो धनबाद में अक्सर प्रेस कन्फ्रेंस करने के लिए नजर आते थे। लेकिन अब बोकारो क्षेत्र में भी उनका दौरा तेज हो चुका है। टिकट मिलने के बाद उन्होंने सबसे पहले देवघर बैद्यनाथ धाम मंदिर में पूजा अर्चना की थी। उसके बाद सांसद का पैर छू कर आशीर्वाद भी लिया और उन्हें अपना अभिभावक बताया। अपनी छवि मजबूत करने के लिए वह विभिन्न सामाजिक संगठन के लोगों से मिलजुल रहे हैं। हालांकि पार्टी के अलग अलग गुटों को साधने में पीछे हैं। हालांकि अब टिकट मिलने के बाद वे क्षेत्र में पूरी तरह सक्रिय हो गये हैं। देखना है कि उनकी सक्रियता लोकसभा चुनाव में कितना रंग दिखाती है।

**मिथिलेश कुमार**

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा सीट के लिए टिकट का इंतजार खत्म हो चुका है। विगत सोमवार को आधिकारिक घोषणा के बाद पूरे संसदीय क्षेत्र में खलबली मची हुई है। कुछ लोग खुशी का इजहार कर रहे हैं तो राजनीतिक क्षेत्र में आश्चर्य, विस्मय और कौतूहल का आलम है। बाघमारा के विधायक ढुलू महतो को उम्मीदवार बनाये जाने के बाद भाजपा के अंदरखाने में भी कुलबुलाहट है। टिकट के लिए आस लगाए पार्टी के कुछ दिग्गज हतप्रभ हैं तो कुछ कार्यकर्ता और नेता हताश भी नजर आ रहे हैं। हालांकि पार्टी के निर्णय के खिलाफ कोई मुंह नहीं खोल रहा। परंतु खैर, खून, खांसी, खुशी किसी के छिपाये कब छिपी है। चेहरे पर उभरे भाव सब कुछ बता दे रहे हैं। पार्टी में खुशी और गम का सिलसिला जारी है। बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो व उनके समर्थकों में अपार खुशी का आलम है। वहीं टिकट नहीं मिलने से वर्तमान सांसद पीएन सिंह, विधायक राज सिन्हा, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह के खेमे में मायूसी छाई हुई है। सांसद भले ही पार्टी के निर्णय को स्वीकार करते हुए ढुल्लू को विजयी भवः का आशीर्वाद दे रहे हैं, लेकिन उनके समर्थक ढुल्लू के पुराने कारनामे को याद दिलाते हुए पार्टी से फैसला बदलने की भी अपील कर रहे है। इतना ही नहीं, सभी धुर विरोधी भी इस नतीजे के बाद गोलबंद होते दिखाई दे रहे हैं। होली के दिन सांसद, विधायक व पूर्व मेयर सिर्फ एक साथ नजर ही नहीं नहीं आये, बल्कि एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई भी दी। अब तक की राजनीतिक तस्वीर में विधायक व पूर्व मेयर एक दूसरे को फूटी आंख भी नहीं सुहाते थे। इशारों ही इशारों में एक दूसरे को नीचा दिखाने में दोनों कोई कोर कसर नहीं छोड़ते थे। मंच पर साथ आने के बाद भी दूरी मेंटेन करते थे। लेकिन होली में हंसते खेलते मिले। इसके अलावा सांसद के साथ ही विधायक की अनबन की कहानी सार्वजनिक होती रही है। लेकिन होली में हंसी खुशी मिले। इससे साफ हो गया है कि भाजपा खेमे की हवा में कुछ अनचाही चीजें घुल गई हैं, जो कभी लंबी सांस तो कहीं उबासी के रूप में प्रकट हो रही है। अब ढुल्लू कितना फिट बैठते हैं, यह तो आने वाला वक्त ही तय करेगा। एक समय कहा जाता था कि धनबाद में भाजपा के तीन गुट सक्रिय हैं। एक पीएन सिंह का ,दूसरा राज सिन्हा का तो तीसरा गुट चंद्रशेखर अग्रवाल का। महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय को राज सिन्हा का समर्थक बताया जाता है। अब तक जो भी महानगर के अध्यक्ष रहते थे,वह पीएन सिंह के समर्थक कहे जाते थे। परंतु हाल के दिनों में पहली बार संभवतः पी एन सिंह के नहीं चाहते हुए भी श्रवण राय महानगर के अध्यक्ष बन गए हैं। इन दो तस्वीरों को संयोग माना जाए, प्रयोग कहा जाए या कोई सियासी संदेश, फिलहाल धनबाद भाजपा के अंदर सिर्फ चर्चा का बाजार गर्म है, हालांकि वातावरण बिल्कुल ठंडा नजर आ रहा है।

## ढुल्लू महतो की उम्मीदवारी का हो रहा है विरोध, भाजपा की छीछालेदर

**विशेष संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद कोयलांचल में भाजपा की जम कर छीछालेदर हो रही है। इस कार्य में पार्टी के अपने तो हैं ही, बाहरी भी सपोर्ट कर रहे हैं। कोई खुल कर बोल रहा है तो कोई इशारों-इशारों में ही। संगठन खामोश है, क्योंकि उसकी मजबूरी है और नेतागण भांप रहे हैं माहौल की नजाकत को। फिलहाल मामला धनबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा विधायक ढुल्लू महतो को प्रत्याशी घोषित करने को लेकर है। धनबाद से पार्टी का टिकट लेने की कतार में लगे भाजपाई भी ढुल्लू को प्रत्याशी घोषित करने पर हतप्रभ हैं। ढुल्लू महतो गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले बाघमारा विधान सभा क्षेत्र की तीन टर्म से नुमाईंदगी करते आ रहे हैं। लोकसभा में दो टर्म से धनबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे पीएन सिंह के टिकट कटने के आसार को बढ़ते देख आरएसएस, विद्यार्थी परिषद और भाजपा कैडर के आधा दर्जन से अधिक नेता टिकट के लिये दिल्ली में लॉबिंग कर रहे थे। कुछ महिलाएं भी इस उम्मीद में थीं कि शायद धनबाद महिला कोटे में आ जाये। हालांकि अंतिम समय में भाजपा ने झामुमो छोड़ कर आईं दिशोम गुरु शिबू सोरेन की बड़ी बहू विधायक सीता सोरेन को अपने पाले में कर दुमका से मैदान में उतार कर इसकी कमी पूरी कर दी है, लेकिन ढुल्लू महतो को भाजपा द्वारा उम्मीदवार घोषित करने के पीछे बाजार में चल रही चर्चा को लोग चटकारे लेकर परोस रहे हैं। उनकी आपराधिक छवि, सजायाफ्ता होने और 45 से अधिक मामले के आरोपी होने से संबंधित पम्पलेट बंटने लगे हैं। इससे भाजपा की छवि पर दाग लगना स्वाभाविक माना जा रहा है। साइकिल-मोटरसाइकिल पर चलने वाला ढुल्लू आज 20 हजार करोड़ की चल-अचल संपत्ति का स्वामी कैसे बना, इसकी जांच की मांग भी उठने लगी है।

## सिंदरी में भी ढुल्लू की उम्मीदवारी पर बिगड़ा समीकरण, कांग्रेस पर टिकी सवर्णों की आस

### कांग्रेस पर टिकी सवर्णों की आस, भाजपा के 400 पार के नारे पर चुप्पी

**विशेष संवाददाता**

**सिंदरी।** बाघमारा के विधायक ढुलू महतो को धनबाद से भाजपा प्रत्याशी बनाने के बाद सिंदरी विधानसभा क्षेत्र में भी समीकरणों की उठापटक शुरू हो गई है। कांग्रेस से सवर्ण को टिकट मिलने की आस में भाजपा की नैया डूबती बताई जा रही है। स्थानीय नेता भी पहले की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रत्याशी के समर्थन में सुर नहीं मिला रहे हैं। हालांकि भरे मन से हम साथ साथ हैं का राग भी अलाप रहे हैं। कई नेता तो दबी जुबान से प्रधानमंत्री की 400 पार की घोषणा में धनबाद की भागीदारी पर भी संदेह जता रहे हैं।

### क्या कहते हैं भाजपा के नेता

भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद के बेहद करीबी शैलेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के सपने के साथ हम सभी खड़े हैं। हालांकि उन्होंने प्रत्याशी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो के विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो 12 लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज करेंगे। वह धनबाद ही नहीं झारखंड में एक नया इतिहास रचने जा रहे हैं। भाजपा सिंदरी नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक ने गुरुवार को बैठक कर भाजपा प्रत्याशी को मजबूत जीत दिलाने की बात कही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता दीपक कुमार दीपू ने कहा कि पार्टी ने टिकट सोच समझकर दिया है। सिंदरी विधानसभा की समस्याओं पर भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो कारगर सिद्ध होंगे। हालांकि भाजपा के कई नेताओं ने चुप्पी साधना ही बेहतर समझा और बयान से कतराते दिखाई दिए।

### इंडिया गठबंधन के नेताओं ने जताई उम्मीद

**कांग्रेस सिंदरी नगर अध्यक्ष अजय कुमार** ने कहा कि भाजपा ने अपने नजरिये से प्रत्याशी घोषित किया है। आनेवाला समय समीकरण तय करेगा। **झामुमो धनबाद महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल** ने कहा कि सिंदरी विधानसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन भाजपा पर भारी पड़ेगा। ढुलू महतो कौन हैं। भाजपा देश को बर्बादी की ओर ले जा रही है।

**राजद सिंदरी नगर अध्यक्ष मुनेश्वर यादव** ने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की घोषणा के बाद ही भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो का सिंदरी में असर खत्म हो जाएगा। गठबंधन के सवर्ण प्रत्याशी घोषित होने के बाद भाजपा को मुंह की खानी पड़ सकती है।

## जीटी रोड पर गोवंश लदा पिकअप वैन कंटेनर से भिड़ा, उपचालक सहित चार गोवंश की मौत





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तोपचांची।** शुक्रवार को अहले सुबह तोपचांची थाना क्षेत्र के कांडेडीह स्थित एनएच में तेज रफ्तार गोवंश लदा पिकअप वैन रोड किनारे खड़ी कंटेनर को जबरजस्त टक्कर मार दी जिसमें एक व्यक्ति सहित 4 गोवंश की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पिकअप वैन काफी तेज रफ्तार में थी। पिकअप वैन अनियंत्रित होकर कंटेनर में घुस गई। घटना इतनी जबरदस्त था कि पिकअप वैन का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

### सर धड़ से हुआ अलग

पिकअप वैन में सवार उपचालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पिकअप वैन के अगले हिस्से में मौजूद रहने के कारण युवक का सर धड़ से अलग हो गया। युवक का शिनाख्त अखिलेश यादव बक्सर निवासी के रुप में हुआ है। इधर पिकअप वैन का चालक व कंटेनर का चालक घटना स्थल भागने में सफल रहा।

### चार गोवंश की मौत एक जख्मी

पिकअप वैन में लदा गोवंशो में से चार गोवंश की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जिसमें 3 गाय व एक बछड़ा है। वहीं एक गाय गंभीर रुप से जख्मी है। दो गाय व दो बछड़ा सही सलामत है जिसे तोपचांची पुलिस अपने कब्जे में लिया है। इधर घटना के बाद तोपचांची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

### एनएच बना गोवंश तस्करी का सेफ जोन

प्रतिदिन एनएच के रास्ते से गोवंश से लदी गाड़ी बंगाल गो तस्करी के लिये जाती है। लेकिन गोवंश की सुरक्षा के लिए बनाए गए नियम को ताख में रखकर गो तस्करी धड्डले से किया जाता है। विडम्बना की बात यह है कि एनएच से गुजरने वाली गोवंश से लदी गाड़ी को विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुजरना पड़ता है लेकिन गोवंश तस्करी पर रोक नहीं लग पाती है।

## फांसी के फंदे से लटकी मिली आठवीं की छात्रा

**महुदा ।** कपुरिया ओपी अंतर्गत बांधडीह बस्ती निवासी अशोक बाउरी की बड़ी पुत्री गुरूवार रात अपने कमरे में फांसी के फंदे से झुलती पायी गयी। जिसे देख घर के सदस्यों ने उसे आनन फानन में फंदे से नीचे उतारा तथा इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तत्पश्चात मृतका के परिजनों ने घटना की सुचना कपुरिया पुलिस को दी।कपुरिया ओपी प्रभारी ने परिजनो को शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि गुरूवार की रात वह घर में रोटी बना रही थी। रोटी बनाना बीच में ही छोड़कर वह अपने कमरे में चली गयी। घर के सदस्यों ने बची हुई रोटी बनाकर उसे खाने के लिए बुलाने गये तो देखा कि वह पंखा से दुपट्टे के सहारे लटक रही है। घर के लोग आनन फानन में फंदे से उतारकर निजी वाहन से उसे एसएनएमएमसीएच धनबाद ले गये। जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका मध्य विद्यालय कपुरिया में अष्टम वर्ग की छात्रा थी। मृतका के पिता ओटो चालक है। घटना किस कारण से घटी इस संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पायी है।

## चिरकुंडा में डोर-टू-डोर चलेगा मतदाता जागरूकता अभियान

**चिरकुंडा।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय के सभागार में बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान व सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने कहा कि वार्डों में डोर टू डोर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। वार्ड संख्या 15 में विभाग के कर्मी व सुपरवाइजर द्वारा डोर टू डोर लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कहा गया व मतदान करना क्यों जरूरी है, यह भी समझाया गया। उन्होने कहा कि सभी 21 वार्डों में 'स्वीप' के तहत बीएलओ के साथ नगर परिषद के सुपरवाइजर व कर्मी डोर टू डोर जाकर लोगों को जागरूक करेगें। उन्होने कहा कि जागरूक करने के लिए रंगोली, मेहंदी, क्विज प्रतियोगिता, रैली,वार्डों में बैठक का आयोजन, जिंगल बेल व माइकिंग भी कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिनका 18 वर्ष पूरा हो चुका है वे फार्म 6 जमा जमा कर दें।

एक नजर में

## न्यायपालिका को कमजोर करने के खिलाफ कोयलांचल में भी चलेगा अभियान : जया कुमार



**धनबाद।** धनबाद कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता जया कुमार ने कहा है कि न्यायपालिका को कमजोर करने की कोशिश का मामला सच लग रहा है। वैसे राजनीतिक नेता, जो आर्थिक अपराध में शामिल हैं, उनकी ओर से न्यायपालिका पर दबाव डालना प्रजातंत्र के लिए बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में देश के 500 से ज्यादा वकीलों द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखना सराहनीय है। वकीलों का कहना सही है कि न्यायपालिका खतरे में है। न्यायपालिका को खास समूह के पॉलिटिकल और प्रोफेशनल दबाव से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि न्यायिक अखंडता को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। यही कारण है कि देश के पूर्व सॉलिसिटर जनरल हरीश साल्वे, बार काउंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष मनन मिश्रा समेत देशभर के वरिष्ठ वकीलों ने मुख्य न्यायाधीश को लिखे पत्र में हस्ताक्षर किए हैं । धनबाद में भी इस तरह के अभियान को कोयलांचल के सभी वकीलों की सहायता से वह आगे ले जाएंगी।

## डीटीओ ने बस स्टैंड पर मतदाताओं को किया जागरूक, शपथ दिलाई



**धनबाद।** जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने शुक्रवार को बरटांड बस स्टैंड में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया। उन्होंने बस यात्रियों से 25 मई को अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर पहुंचने की अपील की, साथ ही लोगों को मतदान के महत्व के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि यदि किसी का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है तो शीघ्र अपना नाम जुड़वा लें। उन्होंने लोगों को वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर ऑनलाइन फार्म 6 भरने की प्रक्रिया समझाई। साथ ही बस स्टैंड पर उपस्थिति लोगों को मतदान की शपथ भी दिलाई।

## बलियापुर बीडीओ ने पर्यवेक्षकों के साथ की बैठक, मतदान की तैयारी की समीक्षा

**धनबाद।** बलियापुर प्रखंड के बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में सभी बीएलओ व पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की। मतदान केंद्रों पर की जा रही तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने बूथ स्तर पर बीएलओ की अध्यक्षता में गठित मतदाता जागरुकता समूह (बी ए जी) को क्रियाशील कर व्यापक जागरुकता कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया। सभी बीएलओ को नियमित तौर पर बीएजी की बैठक करते हुए उसकी कार्रवाई का प्रतिवेदन संधारित करने को कहा। पर्यवेक्षकों को मतदान केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का सत्यापन कर उसे व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। एएमएफ गैप का आकलन कर अविलंब उसे पूरा करने का निर्देश दिया। 85 वर्ष से अधिक आयु एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को चिन्हित कर नियमानुसार प्रपत्र 12डी वितरण करने व उनसे प्राप्त कर अग्रतार कार्रवाई करने की बात कही। सभी को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशों का अक्षरश पालन करने का निर्देश दिया गया।

# साइबर क्राइम : झारखंड से सटे बिहार के जिलों में बढ़ रहा ग्राफ

### झारखंड-बिहार में साइबर क्राइम चरम पर- 3

**गणेश झा**

**धनबाद।** जामताड़ा हैकर गिरोह के पैटर्न पर बिहार में ऐसे कई गिरोह जगह.जगह सक्रिय हो गए हैं। इन हैकरों के गिरोह ने देवघरए दुमका के साथ.साथ झारखंड से सटे जमुई व मुंगेर में जबरदस्त जाल फैला रखा है। पुलिस के मुताबिक मुंगेर जिले का संग्रामपुर प्रखंड ऐसे एकाउंट हैकरों का एक नया गढ़ बनता जा रहा है। संग्रामपुर क्षेत्र साइबर अपराध में झारखंड के जामताड़ा के बाद दूसरे पायदान की तरफ पहुंचता जा रहा है। पिछले कुछ सालों से देश के कई राज्यों में हो रहे साइबर अपराधों का संबंध संग्रामपुर से स्थापित हो रहा है।

दो राज्यों के बॉर्डर एटिया में सक्रिय यह गिरोह भी ठीक उसी तरह के तौर.तरीके से काम करते हैं जैसे जामताड़ा वाले हैकर करते हैं। पिछसे कुछ सालों में उत्तर प्रदेश में एकाउंट हैकिंग के कई ऐसे मामले सामने आए जिसमें बैंक खाता हैक करनेवाले हैकर बिहार के ही थे। करीब तीन साल पहले हैकिंग के ऐसे ही कुछ मामलों की छानबीन में उत्तर प्रदेश की पुलिस दो बार आई थी। पुलिस के मुताबिक इन सभी मामलों में उत्तर प्रदेश के बैंक खातों से उड़ाए गए पैसे मुंगेर के संग्रामपुर प्रखंड के बैंक खातों में ट्रांसफर हुए बताए गए थे। उन मामलों की छानबीन में उत्तर प्रदेश पुलिस को पता चला था कि इन बैंक खातों के खाताधारी संग्रामपुर के विभिन्न इलाकों में रहनेवाले लोग हैं। उन्हीं दिनों उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर रेंज की साइबर अपराध पुलिस अपने इलाके में बैंक खातों में हुई सेंधमारी के कुछ ऐसे ही मामलों की छानबीन के लिए मुंगेर जिले के संग्रामपुर प्रखंड के बढ़ौनियां गांव आई थी। उत्तर प्रदेश पुलिस के मिजार्पुर साइबर रेंज थाने के क्षेत्राधिकारी का कहना था कि मिजार्पुर प्रक्षेत्र के कुछ बैंक खातों में सेंधमारी कर उड़ाई गई लाखों की रकम संग्रामपुर प्रखंड के बढ़ौनियां गांव के निवासी राकेश कुमार सिंह उर्फ धारूए पिता. सुभाष प्रसाद सिंह और इसी संग्रामपुर प्रखंड के बलिया गांव के निवासी दशरथ मंडल उर्फ दासो के बैंक खातों में गई है। ये दोनों ही बैंक खाते भारतीय स्टेट बैंक की संग्रामपुर शाखा में चल रहे हैं। यूपी साइबर पुलिस इन दोनों खातेदारों के बैंक खातों में हुए लेनदेन का विवरण लेने संग्रामपुर स्टेट बैंक भी आई थी। सूत्रों के मुताबिक इसके कुछ समय पहले ऐसे ही एक सेंधमारी के मामले में गोरखपुर की साइबर क्राइम पुलिस मुंगेर जिले के संग्रामपुर प्रखंड के बलिया ग्राम पंचायत के कुआंगढ़ी गांव में किसी सेंधमार की तलाश में आई थी। गोरखपुर क्षेत्र के एक बैंक खाते से सेंधमारी के जरिए उड़ाया गया पैसा कुआंगढ़ी के निवासी इसी सेंधमार के बैंक खाते में ट्रांसफर हुआ था बताते हैं। गोरखपुर की पुलिस टीम अपने साथ वहां से उस खातेदार को भी लेकर आई थी जिसके बैंक खाते से करीब डेढ़ लाख रुपए की सेंधमारी की गई थी। **(जारी)**

### मिर्जापुर साइबर पुलिस पहुंची थी बढ़ौनिया गांव

मिर्जापुर साइबर पुलिस के एक अधिकारी ने बताया था कि वे बढ़ौनिया गांव राकेश कुमार सिंह उर्फ धारू की तलाश में गए थे, पर वह घर पर नहीं मिला था। लगता है किसो ने उसे पुलिस आने की सूचना दे दी और वह भाग निकला। पुलिस अधिकारी को गांव में पता लगा था कि इस खेल का मास्टरमाइंड गांव का ही एक आदमी है। पर वह भी पुलिस को नहीं मिल पाया था। इसके बाद पुलिस बलिया गांव के दशरथ मंडल उर्फ दासो के घर गई थी। दशरथ से पूछताछ में इस मामले के बहुत सारे राज खुले थे। दशरथ ने पुलिस को बताया था कि वह बेकसूर है। उसने किसी के बैंक खाते से कभी कोई रकम नहीं उड़ाई। उसने कुछ पैसों की लालच में अपना पासबुक और डेबिट कार्ड बढ़ौनिया के हैकर को दे दिया था और उसने ही उत्तर प्रदेश के बैंक खातों से पैसे उड़ाए थे। दशरथ को पुलिस ने मिजार्पुर भी बुलाया था। दशरथ अपनी बेगुनाही के पक्ष में अपने बलिया पंचायत के मुखिया की एक चिट्ठी और अपने वार्ड नंबर 13 की सदस्या इंदू देवी के पति कलियुग मंडल को साथ लेकर मिजार्पुर साइबर रेंज थाना गया था। पर कलियुग मंडल ने पूछताछ में मिजार्पुर जाने की बात से इंकार किया था। वहीं उनकी पत्नी वार्ड सदस्या इंदू देवी ने बताया था कि उनके पति कलियुग मंडल मामले के अभियुक्त दशरथ मंडल के साथ मिजार्पुर साइबर थाना गए थे। इंदू देवी ने बताया कि दशरथ मंडल बलिया ग्राम पंचायत की मुखिया सारिका सिंह से अपनी बेगुनाही के पक्ष में एक चिट्ठी भी लिखवाकर ले गए थे। मिजार्पुर पुलिस ने दशरथ मंडल को अपने मुखिया से एक चिट्ठी लिखवाकर लाने को कहा था।

### बैंक अधिकारी ने पुलिस को नहीं किया सहयोग

यूपी साइबर पुलिस के एक बड़े अधिकारी ने बताया था कि संग्रामपुर स्टेट बैंक के अफसरों ने बैंक फ्रॉड के इन मामलों की छानबीन में अपेक्षित सहयोग नहीं किया। साइबर पुलिस बढ़ौनियां गांव के कुछ और लोगों के बैंक खातों का लेनदेन देखना चाहती थी, पर बैंक अधिकारी ने इसमें कोई सहयोग नहीं किया। सूत्रों के मुताबिक बढौनियां गांव के करीब 40 से 50 लोग तभी से उत्तर प्रदेश साइबर पुलिस के राडार पर चल रहे हैं।

### आदिवासियों का खास पर्व है बाहा सरहुल : योगेंद्र

**बोकारो/कसमार।** झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र महतो कसमार प्रखंड के बेमरोटांड़ में आयोजित बाहा सरहुल बोंगा पूजा महोत्सव में पंहुचे। जहां उन्होंने सबसे पहले जाहेर थान में बोंगा स्थल पर मत्था टेका और क्षेत्र की सुखएसमृद्धि की मंगल कामना की। महोत्सव में अध्यक्ष सह पूर्व विधायक श्री महतो ने आदिवासियों को बाहा बोंगा महोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सरहुल परब झारखंड की आदि काल की संस्कृति और परंपरा का परिचायक है। प्रकृति के उपासक और रक्षक आदिवासियों में प्रकृति उपासना के इस महापर्व को लेकर उत्साह एवं उमंग खास होता है।

# भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो का बड़बोलापन करेंगे बंद : सरयू राय

## मेरे साथ खड़े होने वाले को दी धमकी तो नहीं करेंगे बर्दाशत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** बाघमारा के जिस विधायक को धनबाद लोकसभा सीट के लिए भाजपा ने टिकट दिया है,उसने अब तक न पर्चा दाखिल किया है और न ही चुनाव जीता है। बावजूद वह व्यक्ति खुलेआम किसी को धमकी देने लगा है,जो असहनीय है। ऐसे व्यक्ति की हम बोलती बंद करने का काम करेंगे। यह बातें शुक्रवार को भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संरक्षक सह जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र के विधायक सरयू राय ने कही। ज्ञातव्य है कि भाजपा प्रत्याशी की धमकी का वीडियो विगत गुरुवार से ही वायरल हो रहा है, जिससे धनबाद के व्यवसायियों का एक वर्ग क्षुब्ध नजर आ रहा है। जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल के धैया स्थित आवास पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जमशेदपुर पूर्वी के विधायक ने कहा कि बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो का चाल, चरित्र किसी से छिपा नही है। वह बाघमारा क्षेत्र के एरिया 1 से 5 में बीसीसीएल और आउटसोर्सिंग कंपनियों से रंगदारी वसूलने का काम करते आ रहे हैं। ये बातें सार्वजनिक हो चुकी हैं। कमजोर और गरीब लोगों की जमीन हड़पने में भी वह आगे रहे हैं। ऐसे व्यक्ति को भाजपा ने टिकट देकर राजनीति में विपरित परिस्थिति पैदा कर दी है। उन पर मनी लांड्रिंग का केस बनता है। निष्पक्ष चुनाव की नीति पर ऐसे लोग पानी फेर सकते है। चुनाव आयोग को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। आयोग को ऐसे लोगों पर नजर रखने के लिए एक टीम का गठन करना चाहिए।

### भाजपा के आदर्शवादी नेताओं को लेना चाहिए संज्ञान

विधायक सरयू राय ने कहा कि कृष्णा अग्रवाल उनके अच्छे साथी हैं। जहां भी उनके लोगों को कोई धमकाने का काम करेगा, वहां वह खड़े रहेंगे। उन्हींके बुलावे पर वह आज धनबाद आये हैं। उन्होंने पिछले दिनों ढुल्लू महतो की उम्मीदवारी को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को पत्र लिखा था, जिसमें हमसभी के आदर्श पंडित दीनदयाल उपाध्याय को कोट करते हुए लिखा था कि उम्मीदवार का चयन करते समय पार्टी से कोई गलती हो जाए तो जनता को ध्यान में रखते हुए उस गलती को सुधारना भी चाहिए। पत्र की इसी बात को लेकर बाघमारा विधायक ने उनके साथ फोन पर तीखी बहस की और इन्हें धमकाने का काम किया। परंतु ऐसी बातों से डरने वाले नहीं हैं। ढुल्लू के कारनामे की शिकायता ईडी से करेंगे और निष्पक्ष जांच की मांग करेंगे। इसके अलावा राज्य सरकार से भी चुनाव में की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बातचीत करेंगे। ऐसे लोगों को उखाड़ फेंकने का काम किया जाएगा। हालांकि यह काम भाजपा के आदर्शवादी नेताओं और आरएसएस को करना चाहिए। परंतु अफसोस है कि इस काम की शुरुआत कृष्णा अग्रवाल ने की है।

### भाजपा के कई लोगों के बीच है नाराजगी

कृष्णा अग्रवाल ने कहा कि धनबाद में जब व्यापारियों को प्रिंस खान से धमकी मिल रही थी, तो धनबाद में धरना भी दिया था। उसी समय उन्होंने भाजपा से इस्तीफा दे दिया था। लेकिन पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री ने इस्तीफा स्वीकार नहीं किया। इसलिए वह भ्राजपा के साथ भी हैं और नहीं भी हैं। पार्टी के लोगों से बातचीत होती है। भाजपा के ही पक्ष में वोट करते आये हैं, लेकिन पार्टी के निर्णय से नारागजी थी, जिसे प्रदेश अध्यक्ष को चार पन्ने का पत्र लिख कर बता दिया था। उसके आधा घंटे बाद मुझे ढुल्लू महतो का फोन आया। उन्होंने तीखी बहस की और धमकाने की भी कोशिश कर रहे थे। इससे वह आहत हैं। उन्होंने खुद मुझे फोन किया था और फोन भी उन्होंने ही काटा। ऐसा नहीं है कि नराजगी सिर्फ मेरी है, पार्टी में कई अन्य लोग में भी इस निर्णय से नाराज हैं। कई लोगों का फोन भी आया था। लेकिन किसी ने कहने की हिम्मत नहीं दिखाई लेकिन मैंने पार्टी के समक्ष कह दी।

### लड़ सकते हैं निर्दलीय चुनाव

लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारी के सवाल पर उन्होंने कहा कि धनबाद सीट को लेकर पिछले डेढ़ माह से चार्चा थी कि भाजपा सरयू राय को टिकट देने जा रही है, तो कभी जदयू के टिकट पर उनके धनबाद से चुनाव लड़ने की बात कही जा रही थी। परंतु सारी बातें गलत हैं। मेरा संगठन है, जिसका मैं संरक्षक भी हूं। चुनाव के लिए उन्होंने एक कमेटी बनाई है। यदि कमेटी ने इच्छा जताई तो चुनाव लड़ने से पीछे नहीं हट सकता। धनबाद में जो विपरीत परस्थिति बनी है, इसपर भी विचार विमर्श कर रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### रक्तदान शिविर में 12 यूनिट रक्त संग्रह

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास एवं उसकी इकाई होली क्रॉस इंटरेक्ट क्लब द्वारा बीजीएच के सहयोग से होलीक्रॉस स्कूल बालीडीह में आयोजित रक्तदान शिविर में 12 रक्त वीरों ने रक्तदान किया। मौके पर रोटरी चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि रक्तदान कर मानव जीवन बचाने वाले समस्त रक्तदाता समाज की अनमोल धरोहर हैं। उन्होंने रोटरी क्लब की ओर से रक्तदाताओं का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बीजीएच के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ श्रवण ने कहा कि रक्तदान मानवता के हित में सर्वोपरि कार्य है। स्कूल की प्राचार्य सिस्टर कमला पॉल ने कहा कि रक्तदान को एक अभियान के रूप में लेना होगा।

# एसएसपी ने किया नक्सल प्रभावित टुंडी का दौरा

- लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चौकसी बढ़ी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन शुक्रवार को नक्सल प्रभावित टुंडी क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे जहाँ सुरक्षा सम्बंधित विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया। एसएसपी ने गिरिडीह धनबाद सीमा पर अवस्थित प्रतापपुर चेक पोस्ट का जायजा लिया। वहां हो रहे वाहनों की जांच का मुआयना करते हुए चेकपोस्ट में प्रतिनियुक्त पुलिस जवानों को सभी वाहनों की सघन जांच करने एवं वाहन जांच पंजी का सही से संधारण के निर्देश भी दिए स दल बल के साथ एसएसपी ने नक्सल प्रभावित गावों का दौरा भी किया स इस दौरान उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्र पर्वतपुर व गुआकोला में पड़ने वाले मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण भी किया स बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने सम्बंधित पदाधिकारी को जरुरी दिशानिर्देश भी दिए। निरीक्षण के क्रम में एसएसपी टुंडी थाना अंतर्गत ग्राम ओझाडीह कटनिया पहुंचे जहां स्कूल भवन का निरीक्षण करते हुए चुनाव के दौरान सुरक्षा बल के आवासन स्थल का उन्होंने जायजा भी लिया। सुरक्षा बलों के आवासन के दौरान स्कूल भवन में पर्याप्त बिजली व्यवस्थाए शुद्ध पेयजलए शौचालय समेत अन्य मूलभूत जरूरतों के पुख्ता इंतजमात करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया।

### निरीक्षण में थे शामिल

टुंडी क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन के साथ सीआरपीएफ कमांडेंट 154 बटालियन अच्युतानंदए पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 2 संदीप गुप्ताए टुंडी थाना प्रभारी असीम टोपनो समेत सशस्त्र बल के जवान व अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

### गांव कदैया में बूथ का किया निरीक्षण

क्षेत्र भ्रमण के दौरान एसएसपी टुंडी थाना क्षेत्र के संवेदनशील कदैया ग्राम पहुंचे जहाँ वल्नरेबल बूथ का निरीक्षण करते हुए स्थानीय ग्रामीणों से वार्ता कर समाज में मैत्री संबंध बढ़ाने व आपसी सौहार्द बनाये रखने की उन्होने अपील की। ग्रामवासियों से शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव कराने में पुलिस व जिला प्रशासन को सहयोग करने की अपील भी की। एसएसपी ने कहा कि धनबाद पुलिस स्थानीय जनता के सहयोग व सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैए किसी भी आपातकालीन स्थिति में ग्रामीण किसी भी तरह की मदद के लिए पुलिस से संपर्क कर सकते हैंए उन्होंने हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिया। स्थानीय ग्रमीणों से बातचीत के दौरान एसएसपी ने ग्रामीणों को आपस में मिलकर रहने व सामाजिक भाईचारा को बढ़ाने पर जोर दिया तथा आमजनों को सुरक्षा का पुख्ता भरोसा देते हुए अत्याधिक संख्या में आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने को कहा।

# सशिवि मंदिर बाघमारा में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह

## प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बाघमारा।** सशिवि मंदिर बाघमारा में शुक्रवार को कक्षा नवम एवं एकादश (2023-24) का वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। समारोह का उद्घाटन मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सरस्वती वंदना भी हुई। प्राचार्य संतोष कुमार झा ने अतिथियों का परिचय कराया, बाघमारा की प्रखंड प्रमुख गीता देवी, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव विनय कुमार पांडे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धनबाद जिला के संघचालक विशु रवानी भी मौजूद थे। वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा शिक्षक नीरज कुमार पंडित ने की। परीक्षा में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा शिशु वर्ग, बाल वर्ग व किशोर वर्ग (नवम एवं एकादश) में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के साथ शत प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में वर्ष भर रंगोली, मेहंदी, थाल सज्जा ,कलश सज्जा, चित्रकला ,वाद-विवाद प्रतियोगिता, अखिल भारतीय स्तर पर खेलकूद व अन्य गतिविधियों में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी तथा परिश्रम कर निरंतर आगे बढ़ने के लिए कहा । समारोह को सफल बनाने में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का पूर्ण सहयोग रहा।

## एक नजर में

### मैथन डैम पर नमामि गंगे योजना के तहत स्वच्छता पखवाड़ा समारोह



**मैथन।** नमामि गंगे योजना के तहत शुक्रवार के शाम मैथन डैम के छठघाट पर स्वच्छता पखवाड़ा समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता एग्यारकुण्ड प्रखंड की बीडीओ श्रीमती मधु कुमारी ने की। नमामि गंगे योजना पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य है कि नदियों के संरक्षण के लिए व्यापक जन सहभागिता व जन जागरूकता लायी जा सके। साथ ही लोग जल स्रोतों के संरक्षण को लेकर जागरूक होंए इसका प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि लोगों को जल स्रोतों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करने के साथ उसमें कचराए पॉलिथीन आदि न डालेंए इसके लिए भी उन्हें जागरूक किया जाना जरूरी है। इससे पहले कार्यक्रम के दौरान छठघाट पर बीडीओ के नेतृत्व में लोगों ने अपना श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया गया। घाट पर जहां .तहां फेंके गए कचराए पोलिथिन आदि की सफाई किया गया। इसके अलावा रंगोली प्रतियोगिता एवं दीपदान कार्यक्रम के तहत संध्या आरती किया गया। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार झा बबिता देवी उत्तम कुमार घाटी प्रकाश चंद्र महतो पंकज कुमार सिंह अजय कुमार भीमपदो रोहिदासए लालू रोहिदासए विवेकए बेनी पाठक आदि उपस्थित थे।

### व्यावसायिक शिक्षा एवं बस्ता रहित दिवस पर कार्यशाला, बच्चों को दी गई जानकारी

**गोविंदपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में पूर्व व्यावसायिक शिक्षा एवं बस्ता रहित दिवस पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हुआ। कार्यशाला में धनबाद जिले के विभिन्न प्रखंडों के 67 विद्यालयों के विज्ञान एवं समाज अध्ययन के दो-दो शिक्षकों ने भाग लिया। उद्घाटन बीईईओ राजीव रंजन एवं संकाय सदस्य डॉ राजेश्वर राय, ओम प्रकाश सिंह एवं सुधीर राय ने किया था। प्रशिक्षक के रूप में शिक्षक प्रभात कुमार, महेंद्र प्रताप महथा एवं राजदीप पांडेय थे। प्रशिक्षकों ने शिक्षकों व वर्ग 6 एवं 8 के बच्चों को पूर्व व्यावसायिक शिक्षा के बारे में विस्तार से बताया। 1 से 30 अप्रैल के बीच इन कक्षाओं के छात्र 10 दिनों तक बिना बस्ता के स्कूल आएंगे । इसके लिए प्रत्येक विद्यालय को 12-12 हजार की राशि दी गई है। इसमें 3000 स्थानीय कारीगरों, 6000 बच्चों के औद्योगिक भ्रमण के लिए तथा 3000 प्रदर्शनी एवं सामग्री के लिए दिये जाएंगे। स्थानीय कारीगरों से विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

# वर्तमान शिक्षा प्रणाली बच्चों को बना रही दुर्बल : स्वामी शशंकानंद

## शिक्षा से स्वरोजगार प्राप्त करने के लिए बच्चों को शिक्षक करें प्रेरित : आशुतोष



**सिंदरी।** शिक्षा से स्वरोजगार की ओर ले जाने के लिए शिक्षकों को जागृत करने के उद्देश्य से डीएवी स्कूल सिंदरी में तीन दिवसीय शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला की शुरुआत शुक्रवार को की गई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि चंदनकियारी मामरकुदर कोलबिंदी के स्वामी रामकृष्ण आश्रम से आए स्वामी शशंकानंद ने आज की शिक्षा प्रणाली को दुर्बल, असहाय, पराधीन और परमुखापेक्षी बनाने वाला बताया। डीएवी दिल्ली मैनेजमेंट कमेटी के सेंटर फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि ने खेती को उत्तम रोजगार बताया। उन्होंने कहा कि भारत कभी भी नौकरी से आजीविका चलाने वाला देश नहीं रहा। नयी शिक्षा नीति स्वामी विवेकानंद की बातों को चरितार्थ कर रहे हैं। भारत के गांव में बसने वाली 80 प्रतिशत जनता खेती को छोड़कर शहर में नौकरी की तलाश में निकल पड़ी है। इससे बचने की भावना शिक्षक ही जागृत कर सकता है। डीएवी स्कूल सिंदरी के प्राचार्य आशुतोष कुमार ने कहा कि अधिकतरा बच्चे पिछली कक्षाओं की गलतियों को सुधारे बगैर आगे बढ़ जाते हैं। गलतियों के बोझ से उनके मन मस्तिष्क में तनाव बढ़ जाता है। इससे नकारात्मक सोच बढ़ती है। शिक्षक का काम है कि उनकी क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करे। कार्यशाला में डीएवी सिंदरी, कुसुंडा, कोयला नगर, अलकुसा, मुनीडीह, लोदना, मुगमा से विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, संगीत व जीव विज्ञान के 150 शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# तोपचांची : जमीन विवाद में घायल युवक की मौत

## शव को लेकर थाना पहुंचे परिजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तोपचांची।** तोपचांची थाना क्षेत्र के अंतर्गत लेदाटांड स्थित हिन्दुस्तान ढाबा में एक सप्ताह पूर्व जमीन विवाद को लेकर दो गुटों में हुई जबरदस्त भिड़ंत में जख्मी युवक एहतेशाम अंसारी का शुक्रवार की सुबह निधन की सूचना से गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। संघर्ष में दोनों गुटों के कुल आठ लोग गंभीर रुप से जख्मी हुए थे। गंभीर रुप से जख्मी युवकों का इलाज धनबाद के निजी अस्पताल में चल रहा था। शुक्रवार अहले सुबह हिन्दुस्तान ढाबा के मालिक अब्दुल सलाम के छोटे बेटे एहतेशाम अंसारी का अस्पताल में इलाज के दौरान इंतकाल हो गया। बताते चलें हिन्दुस्तान ढाबा के बगल में स्थित जमीन में बांस गाड़ने को लेकर दोनों गुटों में मामला बढ़ा था उस दौरान लाठी डंडे और रॉड से दोनों गुटों के बीच जमकर संघर्ष हुआ था। आपको बताते चलें घटना 20 मार्च के बाद अब्दुल सलाम अंसारी के द्वारा थाना में 23 मार्च को आवेदन दिया गया था जिसके आधार पर 9 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। मोहम्मद महमूद सानदार अलीए दिलदार अलीए सनाउलए तसुरुदिन्नए खुर्सिद अंसारीए असरफ अंसारी दिलशादए समशुदिन्न इन लोगों पर तोपचांची थाना में मामला दर्ज किया जा चुका है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि केश में हत्या का मामला दर्ज कर जल्द से जल्द आरोपियों का गिरफ्तारी किया जाएगा।

### हत्या का मामला दर्ज कराने की लगाई गुहार

मृतक के परिजन शुक्रवार शाम को शव को लेकर तोपचांची थाना पहुंच कर हत्या के तहत मामला दर्ज करने का गुहार लगाया। मृतक के पिता अब्दुल सलाम अंसारी ने बताया कि जमीन से संबंधित थाना में काफी वर्षों से मामला दिया गया था परन्तु जमीन संबंधित कोई कागजात थाना के द्वारा देखने का प्रयास नहीं किया गया जिसके कारण आज इतनी बड़ी घटना घटी। थाना के द्वारा दो.तीन दिन में आरोपी को गिरफ्तारी का आश्वासन दिया गया है। मृतक का दो बच्चा है दोनों बच्चों का रो.रो कर बुरा हाल है।

### सुझाव मेला में कर्मियों ने दिये अपने विचार

**बोकारो।** औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग के तत्वावधान में बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न विभागों में सुझाव मेला का आयोजन किया गया। औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष जीएम हिमांशु गुप्ता व प्रबंधक प्रीति प्रिया के नेतृत्व में एसएमएस 2 एवं सीसीएस विभाग में आयोजित सुझाव मेला का उद्घाटन सीजीएम अरविंद कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एसएमएस 2 एवं सीसीएस के जीएम संजय कुमार झा आरएल वस्त्राकर हेमंत कुमार टीपी वर्मा एस पांडा डीके सक्सेना एके तिवारी ने अपने अनुभव साझा किए।

# गोविंदपुर : सड़क किनारे नाली निर्माण में गड़बड़ी सुधारने का काम शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोविंदपुर।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण मुख्यालय दिल्ली के निर्देश पर गोविंदपुर इलाके में सड़क के दोनों किनारे नाली निर्माण में गड़बड़ी को कंपनी फिर से सुधार रही है। शुक्रवार से नाली को तोड़ने का काम शुरू किया गया। कंपनी ने तीन माह पूर्व इस तरह की नालियां बनाई कि लोगों को अपना घर, दुकान और प्रतिष्ठान तक आने जाने में भारी परेशानी हो रही है । कई बैंक वाले भी परेशान हैं और ग्राहकों को आने जाने में दिक्कत हो रही है।

जीटी रोड का फुटपाथ और संकीर्ण हो रहा है तथा नाली के बाद की सड़क की जमीन बेकार हो गई है। नालियां इस तरह बना दी गई हैं कि इसके बाद की सड़क की जमीन की कोई उपयोगिता नहीं रह गई है। सड़क निर्माण कंपनी की गड़बड़ी के खिलाफ सामाजिक संस्था नागरिक समिति के अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल, प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह, जीटा अध्यक्ष अमितेश सहाय, जिप सदस्य सोहराब अंसारी व नाजिश रहमानी, मुखिया ममता देवी व झूमा



मुखर्जी, सांसद प्रतिनिधि बलराम साव आदि ने राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण नई दिल्ली के अध्यक्ष को विगत 12 फरवरी को पत्र लिखा था। पत्र में कहा गया था कि चौड़ीकरण करने वाली कंपनी द्वारा निम्न स्तरीय कार्य किया जा रहा है। गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है तथा नालियां इस कदर बनाई गई है कि उसमें बरसात के पानी का प्रवेश नहीं होगा तथा लोगों को आने-जान में परेशानी होगी।

> गोविंदपुर क्षेत्र में कंपनी ने लापरवाही बरतने वाले इंजीनियर आनंद कुमार को कार्य से हटा दिया है। प्राधिकरण ने स्काईलार्क कंपनी को कहा था कि नाली निर्माण में गड़बड़ी की गई है। परंतु कंपनी इस मामले में टाल मटोल करते रही और जब नागरिक समिति ने मंत्री और प्राधिकरण के अध्यक्ष को पत्र लिखा तो गड़बड़ी सुधारने का कड़ा निर्देश आया है ।
>
> **एलपी सिंह, हाईवे इंजीनियर**

# ईसाई धर्मावलंबियों ने मनाया गुड फ्राइडे

## फादर ऑलविन ने सुनाये यीशु के संदेश, की गई क्रूस की उपासना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** शहर के ईसाई धर्मावलंबियों ने शुक्रवार को गुड फ्राइडे का त्योहार मनाया। संत एंथोनी और संत मेरी गिरजाघर में विशेष प्रार्थना सभा हुई। मिस्सा बलिदान में ईसाई समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में प्रभु यीशु को याद किया। क्रूस रास्ता में यीशु के पकड़वाए जाने, प्राणदंड दिए जाने और मृत्यु के बाद क्रूस पर रखे जाने तक के 14 विशेष स्थानों के दुःखभोग को स्मरण करते हुए प्रार्थना की गई। इस दौरान क्रूस की उपासना भी की गई। विक्टर जनरल फादर ऑलविन ने यीशु के संदेशों को सुनाया और बाइबल के वचनों से गुड फ्राइडे के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि प्रभु यीशु ने मानव जाति के लिए अपना बलिदान दिया। हमें उनके बलिदान को याद कर प्रेम और शांति के साथ जीवन व्यतीत करना चाहिए. इससे पीड़ादायक रूपी क्रूस से मुक्ति मिलती है। गुड फ्राइडे के दिन प्रभु यीशु ने क्रूस पर अपने प्राण त्यागे और प्यार का संदेश दिया। वहीं फादर ने बताया कि शनिवार को ईस्टर के उपलक्ष्य में रात्रि 9:30 बजे प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। प्रार्थना सभा के पूर्व सभी ईसाई धर्मावलंबी हाथों में मोमबत्तियां जलाकर चर्च परिसर को प्रकाश से प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिशिर प्रभात तिर्की, हरमन बिल, प्रवीण लोंमगा, एतवा टूटी, जॉन कैंप, विमल खाखा आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

# सिंदरी में शीघ्र ही लगेगा नैनो यूरिया संयंत्र



- दो कंपनियों से टेक्नोलॉजी पर बातचीत संपन्न, बोर्ड की बैठक में 8 को होगा विचार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट हिन्दुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड गोरखपुर में बोर्ड क्लियरेंस के बाद नैनो यूरिया का कारखाना जल्द लगाया जाएगा, जबकि सिंदरी में अगले तीन से चार महीने में नैनो यूरिया खाद कारखाना की तैयारी शुरू हो जाएगी। यह जानकारी देते हुए हर्ल एमडी शिव प्रसाद मोहंती ने शुक्रवार को कहा कि भारत की दो कंपनियों से इसके लिए टेक्नोलॉजी पर बातचीत गुरुवार को संपन्न हुई है। दुनिया की प्रथम नैनो फर्टिलाइजर कंपनी इफको और गुजरात की रेन ऐनो साइंस कंपनी से नैनो यूरिया टेक्नोलॉजी के लिए वार्ता हुई है। दोनों भारतीय कंपनियों की टेक्नोलॉजी पर 18 अप्रैल को बोर्ड की बैठक में विचार-विमर्श किया जाएगा। बोर्ड का क्लियरेंस मिलते ही किसी एक कंपनी के साथ हर्ल गोरखपुर में नैनो यूरिया संयंत्र लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि दोनों कंपनियां फर्टिलाइजर कंट्रोल आर्डर में पंजीकृत है। हर्ल एमडी के अनुसार अगले 3 से 4 माह में हर्ल सिंदरी व बरौनी खाद कारखाने में नैनो यूरिया संयंत्र लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की ड्रोन दीदी परियोजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा झारखंड में इफको कंपनी की नैनो यूरिया का स्प्रे कराया जा रहा है। हर्ल में उत्पादन के बाद सरकार द्वारा निर्धारित नैनो यूरिया का स्प्रे किया जाएगा। महिला स्वयं सहायता समूह की दो यूनिट को हर्ल सिंदरी द्वारा ट्रेनिंग दी गई है।

स्पीड न्यूज

## शुक्रवार को गुड फ्राइडे धूमधाम से मनाया गया



**तालझारी।** प्रखंड स्थित सीएनआई के एपीफनी चर्च में शुक्रवार को गुड फ्राइडे धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बरहरवा चर्च के पास्टर डिकन विजय किस्कू ने प्रार्थना सभा के दौरान संबोधित किया और प्रभु ईसा मसीह के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प दिलाया। यहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। गुड फ्राइडे पर ईसाई समाज ने यीशु मसीह को याद किया। चर्च में विशेष आराधना हुई। यीशु को सूली पर चढ़ाए जाने से पहले उनकी सात वाणियों को पढ़ा गया। पास्टर ने कहा कि यीशु मसीह को सूली पर चढ़ाने की याद में गुड फ्राइडे मनाया जाता है। गुड फ्राइडे से एक दिन पहले माउंडी थर्सडे मनाया गया। इस दिन यीशु ने अपने 12 शिष्यों के पैर धोए थे। सूली पर चढ़ाए जाने के तीसरे दिन यीशु मसीह के उठने की खुशी में ईस्टर मनाया जाता है। ईस्टर पर यीशु के दोबारा जीवित हो उठने की खुशी में गीत भी गाए जाएंगे। कहा कि दूसरे को क्षमा करें जब आप दूसरों को क्षमा करेंगे तो आपको भी प्रभु यीशु क्षमा करेंगे। परमेश्वर हम पर दया करता है, हमारे पापों को क्षमा करता है और हमारा उद्धार करता है। अंत में बच्चों ने यीशु मसीह के जीवन वृत्त पर नाटक प्रस्तुत किया।

## अंतरराज्यीय सीमा क्षेत्र के बूथों का एसपी ने लिया जायजा



**बोकारो।** पुलिस अधीक्षक बोकारो पूज्य प्रकाश ने अन्तर्राज्जीय सीमा से सटे मतदान केंद्रों एवं थानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बरमसिया मुर्गातल बिरखाम गवई पुल बिरसा पुल बॉर्डर चेकनाका तथा चीरा चास सियालजोरी थाना एवं बरमसिया बंगड़िया अमलाबाद ओपी में उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## मांदर की थाप पर झूमे प्रकृति प्रेमी



**बेरमो।** पेटरवार प्रखंड के पिछरी गांव में सरहुल पूजा समिति पिछरी की ओर से बाहा बोंगा (सरहुल) महोत्सव सोल्लास मनाया गया। जेहरा स्थान में पूजा की गई। इसके बाद मांदर की थाप पर लोक नृत्य से समां बंध गया। ग्रामीण महिला-पुरुषों संग अतिथि भी थिरके। बेरमो विस क्षेत्र के भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने जल-जंगल-जमीन व विरासत को बचाते हुए विकास पर बल दिए जाने की बात कही। कहा कि बेरमो को मिलकर आगे बढ़ाना होगा, विकास का प्रकाश हर ओर फैलाना होगा। झामुमो जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी, आजसू जिलाध्यक्ष सचिन महतो, भाजपा जिला मंत्री वक्रिम सिंह, जिप सदस्य अशोक मुर्मू, झामुमो के वरीय नेता घुनू हांसदा सहित अन्य अतिथि पहुंचे। नायके बाबा में सुरेश मुर्मू, शिव मुर्मू, रूपलाल मुर्मू व भदरू मुर्मू सहित अध्यक्ष शंकर मुर्मू, सचिव बिरेन टुडू, कोषाध्यक्ष रमेश टुडू व मुन्ना टुडू, उपाध्यक्ष रवि मरांडी, उप सचिव शंकर हेम्ब्रम, उप कोषाध्यक्ष राजेंद्र हांसदा, सलाहकार अनिल मुर्मू, संगठन पदाधिकारी सुनील हांसदा, मीडिया प्रभारी शिवलाल बास्के एवं सोशल मीडिया प्रभारी परगन मुर्मू, सुबोध मुर्मू, मार्टिन नाग व रमेश टुडू सामिल रहे।

## फुसरो में रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ

**बेरमो।** फुसरो स्थित पटेल नगर में 24 घंटे का रामचरित मानस पाठ का शुभारंभ आचार्य बिरेन्द्र मिश्रा उर्फ शास्त्रीजी की देखरेख पंडितों की एक टीम द्वारा किया गया। मुख्य जजमान के रूप में अमरनाथ मिश्रा एवं उनकी धर्मपत्नी अनीता मिश्रा शामिल हुई। शुक्रवार से शुरू हुआ यह रामचरितमानस पाठ शनिवार को 2 बजे तक भंडारा के साथ समाप्त होगा।

# साजिश कर हेमंत को जेल भेजा, पर भाजपा को नहीं मिलेगी एक भी सीटें

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** झामुमो के वरीय नेता सह पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू ने शुक्रवार को चौधरी कॉलोनी स्थित होटल अभिनव श्री में प्रेस कांफ्रेंस कर विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जननायक हेमन्त सोरेन को गिरफ्तार हुए 60 दिन हो गए लेकिन उन पर अभी तक कोई आरोप सिद्ध नहीं हुआ है। अभी तक हुए एफआईआर से पता चलता है कि राजनीतिक षड्यंत्र के तहत हेमन्त सोरेन को जेल में डाला गया है। झामुमो ये बात पहले से कह रही है। अब खुल कर बात सामने आ रही है कि चुनाव तक उनको अंदर रखने की साजिश रची गई है। ताकि झारखंड के 14 पर भाजपा कब्जा जमा सके। लेकिन हेमंत के जेल जाने से झामुमो के लिये लोगों में सहानुभूति बढ़ी है। इस बार सीट जनता भाजपा को यहां एक भी सीट नहीं देगी। गठबंधन यहां 14 सीट जीतेगी। हेमलाल ने कहा कि विपक्ष जिन सवालों को उठा रहा है उसका जवाब तो पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त ने अपने काम से पहले ही दे दिया है। 1932 खतियान व सरना कोड को पारित कर गया केंद्र सरकार व राज्यपाल को भेज दिया है। हेमलाल ने अभी हाल में भाजपा में शामिल हुईं सीता सोरेन पर भी निशाना साधा। कहा कि सीता सोरेन कहती हैं कि उन्हें पार्टी व परिवार में सम्मान नहीं मिला। सीता सोरेन 15 वर्षों से जामा की विधायक आखिर किसके सम्मान व सहानुभूति से हैं। सीता सोरेन स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की जामा में आदमकद प्रतिमा नहीं लगाने की बात करती हैं। जबकि खुद वहां की विधायक हैं। उन्हें विधायक मद से ही प्रतिमा लगवा लेनी चाहिए थी। हेमलाल ने कहा कि दुर्गा सोरेन उनके व पार्टी के आदर्श हैं। उनकी प्रतिमा लगनी ही चाहिए। हेमलाल में कहा कि सीता सोरेन ने कभी कुछ नहीं कहा। 15 वर्षों से विधायक बनी रहीं। आज भाजपा जॉइन कर नई-नई बात कर रही हैं। उनका ये निर्णय उन्हें घाटे में ले जायेगा। भाजपा का कारनामा देश व राज्य देख रहा है। भाजपा सिर्ग वोट की राजनीति करती है। उन्हें सिर्फ सीट जीतना है, कैसे भी हो। सिद्धांत व नीति को ताक में रख कर सीट जीतना उनकी मंशा है। आज इलेक्ट्रोल बांड के रूप में बड़ा घपला इतिहास में पहली बार सामने आया है। भाजपा बड़े पूंजीपतियों की पार्टी बन गई है। अब जनता सोंचे लगी है जिसे वोट दिया उसने 10 वर्षों में क्या किया। केंद्र की मोदी सरकार ने राज्य में ग्रामीण स्तर में पीएम आवास नहीं दिया। रोजगार नहीं दिया। प्रतिवर्ष 2 करोड़ रोजगार देने का वादा, वादा ही रह गया। भाजपा ने सरकारी उपक्रम रेलवे, हवाई सेवा जैसे संस्थानों को गिरवी रखने का काम किया। जहां से नौकरी मिलना था उसे प्राइवेट हाथों में बेच दिया। हेमन्त ने जिस तरह से काम किया, गांव व पहाड़ों पर काम किया, इससे सभी को सीख लेना चाहिए। हेमंत के काम की वजह से साजिश कर उन्हें जेल में डाला गया। जिसका आने वाले समय में यहां की जनता जवाब देगी। कहा कि हेमंत का मतलब सोना होता है। उसे जितना तापाया जाएगा उतना चमकेगा। लोगों में उसकी शाख व विश्वास बढ़ेगी।

मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष मो शाहजहां अंसारी, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अनुकूल मिश्रा, झामुमो नेता सुरेंद्र यादव, स्टीफन मुर्मू, राजू अंसारी, नीलेश यादव, विकास मुर्मू, सुल्तान अंसारी, गोपाल यादव, नीरज चौरसिया, अखिलेश यादव, पप्पू अंसारी, राजा पासवान सहित अन्य मौजूद थे।

## आदिवासियों का खास परब है बाहा सरहुल : योगेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र महतो कसमार प्रखंड के बेमरोटांड़ में आयोजित बाहा सरहुल बोंगा पूजा महोत्सव में पंहुचे। जहां उन्होंने सबसे पहले जाहेर थान में बोंगा स्थल पर मत्था टेका और क्षेत्र की सुख,समृद्धि की मंगल कामना की। महोत्सव में अध्यक्ष सह पूर्व विधायक श्री महतो ने आदिवासियों को बाहा बोंगा महोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सरहुल परब झारखंड की आदि काल की संस्कृति और परंपरा का परिचायक है। प्रकृति के उपासक और रक्षक आदिवासियों में प्रकृति उपासना के इस महापर्व को लेकर उत्साह एवं उमंग खास होता है। इस दौरान समिति द्वारा मुख्य अतिथि श्री महतो को माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उन्होंने आदिवासियों के साथ पारंपरिक सामूहिक सरहुल नृत्य में भी भाग लिया और मांदर बजाकर नृत्य किया। वहीं पूर्व विधायक बबीता देवी पेटरवार प्रखंड अंतर्गत ग्राम लावागढ़ा पहुंची। जाहेर थान में आयोजित बाहा बोंगा महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। उन्होंने सबसे पहले जाहेर थान में बोंगा स्थल पर मत्था टेकी और क्षेत्र की सुख समृद्धि की मंगल कामना की।

## श्रद्धालु ने की यज्ञ कुंड परिक्रमा



**बरहेट।** प्रखंड क्षेत्र के गुमानी नदी तट पर स्थित बाबा भूतेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में महारुद्र यज्ञ के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने यज्ञ कुंड की परिक्रमा करते हुए मन्नत मांगी। वही सुबह 8 बजे से यज्ञ संपन्न के तत्पश्चात 12:00 बजे समापन होता है, पुनः संध्या बेला में 3:00 बजे से शुरू होकर 6:00 बजे समापन होता है। वही यज्ञ परिक्रमा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की संख्या कम थी। इधर शुक्रवार को बरहेट बाजार हाट के दिन मेला में लोगों की भीड़ अच्छी रही।

## रोटरी चास द्वारा बीजीएच के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** रोटरी क्लब चास एवं उसकी इकाई होली क्रॉस इंटरेक्ट क्लब द्वारा बीजीएच के सहयोग से होलीक्रॉस स्कूल बालीडीह में आयोजित रक्तदान शिविर में 12 रक्त वीरों ने रक्तदान किया। मौके पर रोटरी चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि रक्तदान कर मानव जीवन बचाने वाले समस्त रक्तदाता समाज की अनमोल धरोहर हैं। उन्होंने रोटरी क्लब की ओर से रक्तदाताओं का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बीजीएच के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ श्रवण ने कहा कि रक्तदान मानवता के हित में सर्वोपरि कार्य है। स्कूल की प्राचार्य सिस्टर कमला पॉल ने कहा कि रक्तदान को एक अभियान के रूप में लेना होगा। कार्यक्रम की संयोजक कैंडी टबोडा ने कहा कि खून की कुछ बूंदें किसी की खुशियों का सागर बन सकता है। रोटरी चास की सचिव डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी मानव जीवन की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहती है। डिंपल ने बताया कि रक्तदाताओं को एनर्जी ड्रिंक एवं टोपी उपलब्ध कराई गई। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में डॉ सुरेंद्र, सिस्टर अनीता, रंजिता एक्का, कविता कुमार, सोना कुमारी, नरेंद्र सिंह, विनोद चोपड़ा, संजय बैद, मंजीत सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## शिक्षक से गाली गलौज व मारपीट मामले में दो पर मामला दर्ज

**जख्मी कर देने तथा पॉकेट से रुपया ले लेने का मामला प्रकाश में आया है**

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** महेशपुर थाना क्षेत्र के सीलमपुर गांव में 26 मार्च को एक दिव्यांग शिक्षक के साथ दो व्यक्तियों के द्वारा एकमत होकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से मारपीट कर जख्मी कर देने तथा पॉकेट से रुपया ले लेने का मामला प्रकाश में आया है। वही वादी सीलमपुर गांव निवासी मुकेश भगत ने थाने में दिए गए आवेदन में उल्लेख किया है कि चाँदपुर गांव स्थित मडैयाटोला में अपना निमार्णाधीन घर का कार्य देख रहा था। इसी दौरान दोनों आरोपी सीलमपुर गांव निवासी आंनद सिंह और कालू माल उसके साथ अभद्र भाषा मे गाली गलौज करने लगा ओर आनंद सिंह तलवार से वादी के ऊपर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके बाद कालू माल ने वादी को जमीन पर पटककर मारपीट करते हुए वादी के पॉकेट से 12 सौ रुपये निकाल लिया। वादी के लिखित आवेदन के आधार पर स्थानीय थाने में दोनों नामजद आरोपीयों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

## समुदाय विशेष के लोग गुड फ्राइडे पर गिरजाघर में की प्रार्थना

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाकुड़।** 29 मार्च ईसाई धर्म से जुड़ा प्रमुख दिन है। इस दिन प्रभु यीशु के बलिदान को याद किया जाता है। इस दिन दुनिया में जहां भी ईसाई समाज के लोग रहते हैं। अपने आसपास के गिरजाघर में प्रार्थना सभा का आयोजन करते हैं। पाकुड़ जिले के भी सभी गिरजा घरों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसे शोक दिवस के तौर पर भी मनाया जाता है। गुड फ्राइडे को ग्रेट फ्राइडे, ब्लैक फ्राइडे या होली फ्राइडे भी कहते हैं। ऐसी मान्यता है कि आज से 2000 वर्ष पूर्व यरूसलम के गैलिली प्राप्त में ईसा मसीह नाम के एक संत हुआ करते थे। किंतु कुछ लोग उनसे बहुत ही चिढ़ते थे। मानव जाति की रक्षा के लिए प्रभु यीशु अपना सर्वस्व बलिदान दिया। यीशु को यहूदी शासकों ने शारीरिक और मानसिक रूप से कई यातनाएं दी। उन्हें सूली पर चढ़ाया गया। उन पर कील ठोकवाया गया। जिस दिन यीशु को सूली पर चढ़ाया गया था वो दिन शुक्रवार था। इसलिए यह दिन गुड फ्राईडे के रूप में मनाया जाता है। इसी वजह से ईसाई धर्म के लोग गुड फ्राइडे के दिन प्रभु यीशु के बलिदान को याद करते हैं। यह दिन ईसाई धर्म के अनुयायियों के लिए बेहद ही खास होता है। इस दौरान ईसाई समुदाय के लोग गिरजाघरों में जाकर प्रार्थना करते हैं। साथ ही प्रभु यीशु की याद में उपवास भी रखा जाता है। इस उपवास को करने के बाद मीठी रोटी बनाकर खाई जाती है। गुड फ्राइडे ना केवल भारत ही बल्कि दुनियाभर में मौजूद सभी ईसाई धर्म के लोग मनाते हैं।

प्रभु ईसा मसीह प्रेम और शांति के मसीहा थे। दुनिया को प्रेम और करुणा का संदेश देने वाले प्रभु यीशु को उस समय के धार्मिक कट्टरपंथी ने रोम के शासक से शिकायत करके उन्हें सूली पर लटका दिया था। इसी कारण ईसाई धर्म को मानने वाले लोग गुड फ्राइडे को काले दिवस के रूप में मनाते हैं। हालांकि ये भी कहा जाता है कि प्रभु यीशु इस घटना के तीन दिन बाद यानी ईस्टर संडे के दिन पुनः जीवित हो उठे थे।

## 24 घंटे के अखंड हरि कीर्तन का आयोजन

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत करगली गेट पोस्ट आफिस कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। पुजारी नंद कुमार पांडेय ने यजमान अंनिल कुमार सिंह को विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करवा कर अखंड हरि कीर्तन की शुरूआत कराया। जिसके बाद भजन मंडली के झलन सिंह, राजू दूबे, अनिल पाठक, रामप्रवेश, तुलसी, सुमन, जीवाघन, आदि के द्वारा हरे राम हरे कृष्ण के गूंज से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। इस अखंड हरि कीर्तन में महिलाओं की भी अच्छी खासी भागीदारी देखी गई। मौके पर अभय कुमार सिंह, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत, सिर गायब

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** नगर थाना की पुलिस ने शुक्रवार की सुबह रेलवे स्टेशन से थोड़ी दूर पुल से सटे समीप पोल नंबर 70/10 के पास से एक युवक का धड़ बरामद किया। सिर की तलाश के लिए पुलिस ने दो किलोमीटर के एरिया को खंगाला, लेकिन कुछ पता नहीं चला। कपड़ों से घरवालों ने शव की शिनाख्त की। मृतक 21 वर्षीय आकाश मंडल दुधानी के नाग मंदिर मोहल्ले का रहने वाला था। पिता विजय मंडल ने किसी पर शक जाहिर नहीं किया है। पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया। आशीष मानसिक रूप से बीमार था और गुरुवार को ही रांची से इलाज कराकर घर लौटा था। सुबह करीब नौ बजे ट्रैक के समीप से गुजर रहे लोगों की नजर धड़ पर पड़ी तो इसकी जानकारी नगर थाना की पुलिस को दी। इसके बाद एसडीपीओ विजय महतो और नगर थाना प्रभारी अमित लाकड़ा मौके पर पहुंचे। दोनों ने शव कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की। इसी बीच एसपी पीतांबर सिंह खेरवार भी स्थल पर पहुंच अपने स्तर से छानबीन किया। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने सिर की तलाश में दो किलोमीटर में फैले पहाड़ और जंगल में सर्च अभियान चलाया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद सिर का पता नहीं चला।

### कपड़ों से हुई शव की शिनाख्त

शव बरामद होने के बाद लोगों ने इसे इंटरनेट मीडिया में पोस्ट कर दिया। मृतक के भाई ने जब मृतक की शर्ट देखी तो भाई के रूप में पहचान की। दोपहर घर के लोग अस्पताल पहुंचे और शव की शिनाख्त की। प्लंबर का काम करने वाले पिता विजय मंडल का कहना था कि मंझला बेटा आशीष तीन साल से मानसिक रोग से ग्रस्त था। कई जगह इलाज कराने के बाद ठीक नहीं हुआ। एक साल से रांची के कांके में इलाज चल रहा था। गुरूवार को कांके में दिखाने के बाद शाम करीब सात बजे घर लौटे। रात में बेटा खाना खाकर सो गया। सुबह करीब साढ़े चार बजे बेटे ने कहा कि टहलने जा रहा है। इसके बाद वापस नहीं आया। कहा कि बेटे की किसी से दुश्मनी नहीं है। वह अक्सर घर से भाग जाता था। कई बार ट्रेन से भागलपुर तो कभी हंसडीहा चला गया। ट्रेन पर चढ़ने के क्रम में उसके साथ यह हादसा हो गया। इसमें किसी का दोष नहीं है। पिता के बयान पर यूडी केस दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

## साहिबगंज की अंडर-19 क्रिकेट टीम गोड्डा रवाना



**साहिबगंज।** जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-19 टूनामेंट 30 मार्च-04 अप्रैल के लिए साहिबगंज जिला की 15 सदस्यीय टीम शुक्रवार को गोड्डा रवाना हो गई। जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सब कमिटी चेयरमैन चंदेश्वर सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा ने बताया कि साहिबगंज की टीम का गोड्डा, दुमका व जामताड़ा के साथ मैच होगा। चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा व जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने टीम को शुभकामना देकर बस स्टैंड से रवाना किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, सतीश सिन्हा, मो अशफाक आलम, अमित तिवारी, राकेश गुप्ता, प्रभाकर सिंह, सहित अन्य मौजूद थे।

## जिला प्रशासन के अधिकारी हुए ईवीएम वीवी पैट संचालन से प्रशिक्षित




**बोकारो।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष पारदर्शी सुचारू व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु समाहरणालय सभागार में डीडीसी संदीप कुमार की अध्यक्षता में संपन्न ईवीएम वीवीपैट के सैद्धांतिक व व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में सामग्री कोषांग की वरीय नोडल मेनका ईवीएम कोषांग के नोडल पदाधिकारी मो शफीक आलम कार्मिक कोषांग की नोडल पदाधिकारी शालिनी खालखो ईवीएम कोषांग के सहयोगी पदाधिकारी पीयूष समेत निर्वाचन कोषांग के पदाधिकारी कर्मी एवं गोमिया बेरमो बोकारो चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के सहायक निवार्ची पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। मौके पर राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने कहा कि वे मतदान कार्मिकों की भांति ईवीएम वीवीपैट संचालन में पूर्ण रूप दक्षता हासिल करें। उन्होंने कहा कि दायित्वों के निर्वहन में जो भी शंका हो उसका तत्काल समाधान करा लिया जाए ताकि निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू व निर्बाध रूप से सम्पन्न कराया जा सकें। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने सैद्धांतिक प्रशिक्षण में बारीकियों को समझाते हुए ईवीएम प्रशिक्षण के दौरान मतदान कर्मियों को विभिन्न प्रपत्र भरने सहित पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए हैंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया।

## बंद पड़े केपटी पावर प्लांट के स्टोर में लगी भयंकर आग

**स्टोर का दरवाजा तोड़ कर आग पर पाया जा सका काबु**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/कथारा।** सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के कथारा रेलवे कॉलोनी के समीप एशिया का पहला रिजेक्ट कोल से बिजली बनाने की प्लांट की स्थापना सीसीएल द्वारा यह सोच कर किया गया की कंपनी को इस प्लांट से बिजली सस्ते दर पर मिलेगी। मगर विडम्बना देखिए सीसीएल कभी भी इस प्लांट को सुचारू रूप से नही चला सका और दिल्ली की एक प्राइवेट कंपनी को प्लांट लीज पर दे दिया। कुछ वर्षो तक उस कंपनी ने प्लांट को सुचारू रूप से चलाया मगर एकाएक उक्त कंपनी ने प्लांट छोड़ दिया और सीसीएल को सौप दिया। यही से इस प्लांट के बुरे दिन आरंभ हुए और सुरक्षा कर्मियों के तैनाती के बाद भी प्लांट से कमती कल पुर्जो पर चोरो ने हाथ साफ करना शुरू कर दिया। इस बीच सुरक्षा कर्मियों और चोरो के बीच अनेको बार मुठभेड़ भी हुई मगर हर बार चोरो के समुह द्वारा सुरक्षाकर्मियों को ही नुकसान पहुंचाया गया। इसी बीच एकाएक उक्त प्लांट में भयंकर आग लग जाती है और देखते ही देखते आग भयंकर रूप ले लेती है जिसके जद में आकर प्लांट में लगे अधिकांश किमती सामान जल कर तहस नहस हो जाता है। इस घटना के बाद मानो सीसीएल ने इस प्लांट को एक तरह से लावारिस छोड़ दिया और प्लांट की सुरक्षा हटा लिया गया। फिर तो मानो चोरो के लिए यह प्लांट चारागाह बन गया और प्लांट से चोरी की जगह लुट शुरू हो गई। बीच बीच में सीसीएल के सुरक्षा कर्मियों और स्थानीय पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाईयों के दौरान कई बार भारी मात्रा में लोहा बरामद किया गया। इतना ही नहीं चोरो द्वारा प्लांट से लोहा काटने के लिए गैस कटर और चोरी का लोहा ढोने के लिए इस्तेमाल होने वाले ट्रेक्टरो को भी जप्त किया गया। इस मामले में कईयो की गिरफ्तारी भी हुई मगर सच यही था कि भीतर ही भीतर यह प्लांट लोहा चोरी के वजह से खंडहर मे तब्दील हो चुका था अगर कुछ बचा था तो वो सिर्फ प्लांट के स्टोर रुम मे बंद कुछ सामान थे। मगर इस स्टोर में भी बीते देर रात अचानक से आग लग गई जिसे काफी मसक्कत के बाद सीसीएल प्रबंधन द्वारा स्टोर का दरवाजा तोड़ कर आग पर काबु पाया जा सका मगर तब तक स्टोर में रखे सारे सामान जल कर राख हो चुकी थी। वही इस घटना के संबंध में जितनी मुंह उतनी बात वाली कहावत है। कुछ का कहना है कि चोरो ने इस घटना को अंजाम दिया है तो कुछ का कहना है कि सीसीएल प्रबंधन अपनी लापरवाही और प्लांट के प्रति उपेक्षा को छुपाने के लिए साजिश की है ताकि इस घटना के बाद हिसाब किताब का झंझट ही समाप्त हो जाये। बहरहाल मामला कुछ भी हो मगर यह पावर प्लांट अब पुरी तरह खोखला और खंडहर हो चुका है यादगार के तौर पर सिर्फ अब प्लांट की चिमनी शेष खड़ी है।

## बोकारो संयंत्र में आयोजित सुझावों के मेले में कर्मियों ने दिए अपने विचार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग के तत्वावधान में बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न विभागों में सुझाव मेला का आयोजन किया गया। औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष जीएम हिमांशु गुप्ता व प्रबंधक प्रीति प्रिया के नेतृत्व में एसएमएस 2 एवं सीसीएस विभाग में आयोजित सुझाव मेला का उद्घाटन सीजीएम अरविंद कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एसएमएस 2 एवं सीसीएस के जीएम संजय कुमार झा आरएल वस्त्राकर हेमंत कुमार टीपी वर्मा एस पांडा डीके सक्सेना एके तिवारी ने अपने बहुमूल्य अनुभव साझा किए और अधिक से अधिक उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित किया। एसएमएस 2 एवं सीसीएस विभाग में लगभग 300 सुझाव विभाग के कर्मियों के द्वारा दिया गया। सीजीएम अरविन्द कुमार ने कहा कि संयंत्र की बेहतरी के लिए प्रत्येक कार्मिक का रचनात्मक सुझाव जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन जीएम अशोक कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधक एके तिवारी द्वारा किया गया। प्लांट के केंद्रीय अनुरक्षण के भारी अनुरक्षण मैकेनिकल विभाग में सुझाव मेला का उद्घाटन सीजीएम वीके सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभाग के जीएम सके मंगुआल के साथ पीके पांडा सीके गुप्ता एसके मुखर्जी शामिल थे। सुझाव मेला में लगभग 145 सुझाव संयंत्र के कर्मियों के द्वारा दिया गया।

# 96.8 करोड़ मतदाता

देश में लोकसभा के पहले चरण का चुनाव 19 अप्रैल को होगा, दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल, तीसरे चरण के लिए 7 मई, चौथे चरण के लिए 13 मई, पांचवें चरण के लिए 20 मई, छठे चरण के लिए 25 मई और सातवें चरण के लिए 1 जून को मतदान होगा। नतीजों की घोषणा 4 जून को होगी। लोकतंत्र के सबसे पड़े पर्व में इस बार देश भर में 96.8 करोड़ मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे, जिनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 49.7 करोड़ और महिला मतदाताओं की संख्या 47.1 करोड़ है। इसमें फर्स्ट टाइम वोटर्स की संख्या 1.82 करोड़ है। इस बार यंग वोटर्स में 21 से लेकर 29 साल के वोटर्स के आंकड़े भी शामिल किए गए हैं, जिनमें 19.74 करोड़ मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इसके साथ ही बुजुर्ग वोटर्स की संख्या भी चुनाव आयोग ने बताई है, जिसमें 85 साल से ज्यादा उम्र के 82 लाख मतदाता हैं। वहीं, 100 साल की उम्र से ज्यादा 2.18 लाख मतदाता हैं। इस बार ट्रांसजेंडर्स मतदाताओं की संख्या 48 लाख है। 88.4 लाख दिव्यांग मतदाता हैं। इसके साथ ही 2.18 लाख सर्विस इलेक्टर्स मतदाता हैं। इस बार महिलाओं के भी बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के इस सबसे बड़े पर्व में हिस्सा लेने की उम्मीद है। 18 से 19 साल की महिला वोटर्स की संख्या इस बार 85.3 लाख है। इसके साथ ही देशभर के 12 राज्य ऐसे हैं, जहां पर महिला वोटर्स का अनुपात पुरुषों के मुकाबले 1,000 हजार से ज्यादा है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि बड़े-बड़े सेलिब्रिटीज से भी कहा गया है कि वह यूथ को ज्यादा से ज्यादा मोटिवेट करें और लोकतंत्र के इस सबसे बड़े पर्व में अपनी भागीदारी के लिए आगे आने के लिए प्रेरित करें। इस बार जो नए मतदाता हैं, वह हमारे एंबेसडर्स के तौर पर होंगे।

# सड़कों से विकास

देश में 2020-21 में राजमार्गों का निर्माण 36.5 किलोमीटर प्रतिदिन के स्तर पर पहुंच गया। यह राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण की सबसे तेज रफ्तार है। गडकरी ने कई ट्वीट कर कहा कि भारत ने 2.5 किलोमीटर की चार लेन की कंक्रीट की सड़क का निर्माण सिर्फ 24 घंटे में पूरा कर एक विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इसके अलावा 26 किलोमीटर की एक लेन की बिटुमन की सड़क का निर्माण सिर्फ 21 घंटे में पूरा किया गया है। दिल्ली मुम्बई राजमार्ग अगले साल से चालू हो जाएगा। इसमें ठेकेदारों को समर्थन, ठेका प्रावधानों में ढील, उप-ठेकेदारों को सीधे भुगतान तथा ऑन-साइट मजदूरों के लिए खाने-पीने के अलावा चिकित्सा की सुविधा शामिल है। गडकरी ने कहा कि इन परियोजनाओं में गुणवत्ता नियंत्रण के लिए निर्माण उच्च भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) के मानदंडों के अनुरूप किया जा रहा है। नीति दिशानिदेशों के अद्यतन को गुणवत्ता नियंत्रण क्षेत्र बनाया गया है। देश की सड़को को विश्व स्तरीय और बेहतर बनाने का काम तेजी से चल रहा है लेकिन झारखंड और बिहार जैसे राज्य आज भी राष्ट्रीय सड़क औसत से काफी पीछे हैं। इन दोनों राज्यों में सड़क की परियोजना पांच से दस वर्ष तक देर से चल रही है। दूसरी ओर केन्द्र सरकार का कहना है कि इन राज्यों में भूमि के कानून और अधिग्रहण की प्रकिया में देर से सड़क परियोजना समय से पूरा नहीं हो पाती है। आज सड़क विकास की गति को तेज करती है। यूपी, महाराष्ट, और गुजरात में आठ-आठ लेन की सड़क बन रही है जिससे उन राज्यों में निवेश और रोजगार में तेजी आ रही है। आज सड़कों से ही विकास का पैमाना तय हो रहा है। लेकिन झारखंड, बिहार में सिर्फ धोषणाओं की खबर ही चर्चा में है।


# भारतीय जनतंत्र पूर्वजों के सचेत कर्मों का प्रसाद




**एक साथ** चुनाव पर विचार करने वाली समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक हो गई है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में इस मुद्दे पर अध्ययन करने के लिए एक समिति बनाई गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी है। इस रिपोर्ट का विरोध भी प्रारम्भ भी हो गया है। एक साथ चुनाव का विषय देश के हित में है। लेकिन इस रिपोर्ट की सिफारिशों का विरोध भी हो रहा है। बताया जाता है कि यह रिपोर्ट 18000 पृष्ठ की है। इसे ठीक से पढ़े जाने और तथ्यों के विवेचन का काम बड़ा है। विरोध करने वाले भी संभवतः इस रिपोर्ट को पूरी तौर पर पढ़े बिना ही अपने निष्कर्ष निकाल रहे हैं। भारतीय जनतंत्र पूर्वजों के सचेत कर्मों का प्रसाद है। सभा समितियां ऋग्वैदिक काल में ही थीं। संविधान निमार्ताओं ने ब्रिटिश तर्ज का संसदीय जनतंत्र अपनाया। अनेक संवैधानिक संस्थाएं गढ़ी। केन्द्रीय स्तर पर संसद बनी। केन्द्र को संसद के प्रति जवाबदेह बनाया। राज्य सरकारें विधान मण्डलों के समक्ष जवाबदेह बनी। संसद व विधान मण्डल के चुनाव के लिए निष्पक्ष निर्वाचन आयोग (अनुच्छेद 324) बना।

संविधान सभा में निर्वाचन आयोग के कृत्यों पर बहस हुई। आयोग को कर्मचारी अधिकारी देने का प्रश्न उठा। डॉ. आम्बेडकर ने कहा, "आयोग के पास कम काम होगा।" शिब्बन लाल सक्सेना ने कहा कि, "संविधान में निर्धारित नहीं है कि अमेरिकी तर्ज पर यहां 4 वर्ष में निर्वाचन अवश्य होगा। संभव है कि केन्द्र व राज्यों के निर्वाचन एक साथ न हों। तब हर समय कहीं न कहीं निर्वाचन होता रहेगा।" उनकी आशंका सच निकली। सम्प्रति भारत चुनाव व्यस्त देश है। कभी लोकसभा चुनाव तो बहुधा राज्य विधानसभाओं के निर्वाचन। त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव व नगर निकाय निर्वाचन भी अकसर होते रहते हैं। नीति आयोग ने लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का सुझाव दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इसी विचार के हैं। 2014 के चुनाव में भाजपा ने भी घोषणा पत्र में यही विचार व्यक्त किया था।

लगातार चुनाव व्यस्तता राष्ट्रीय विकास में बाधा है। अलग-अलग चुनाव से प्रशासनिक तंत्र की व्यस्तता बनी रहती है। चुनावी अचार संहिता के कारण विकास कार्य रुकते हैं। अरबों का खर्च भी होता है। साथ साथ चुनाव का विचार स्वागत योग्य है।



- हृदयनारायण

> निजीकरण को सही तरीके से अंजाम देना एक ऐसी चुनौती है जिसे विकसित देश भी अच्छी तरह अंजाम नहीं दे सके हैं। निजीकरण का लक्ष्य है परिसंपत्तियों का किफायती इस्तेमाल करना। इरादा यह भी है कि सरकार समुचित राजस्व जुटा सके। इन दो लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सरकार को सही मूल्यांकन करना चाहिए। यह आसान नहीं है। बिक्री का समय सही होना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने सभी दलों से अपील की थी। कहा था, "एक साथ चुनाव से दलों का नुकसान होगा। हमें भी नुकसान होगा लेकिन इसे संकीर्ण राजनैतिक दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए।"

1951-52 में पहली लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। 1967 तक दोनों के चुनाव साथ-साथ हुए थे। 1968 से यह क्रम टूट गया। दरअसल संविधान निमार्ताओं ने सरकारों का कार्यकाल नहीं सुनिश्चित किया। यहां सरकारों का जीवन संसदीय बहुमत की डोर से बंधा हुआ है। डॉ. आम्बेडकर ने संविधान सभा में स्पष्ट किया था कि सरकारी जवाबदेही को स्थिरता (कार्यकाल) की तुलना में ऊपर रखा गया है। सदन में सरकारों की संवैधानिक जवाबदेही है। इस आधारभूत सिद्धांत में सरकारों का कार्यकाल अनिश्चित है। यहां बहुमत स्थाई नहीं होता। दल-बदल प्राविधान में भी छेद किए गए। थोक दल बदल को दल टूट कहा गया। तमाम सरकारें अल्प मृत्यु की शिकार हुईं। साथ-साथ चुनाव का क्रम भंग हो गया।

साथ-साथ चुनाव से राष्ट्रीय दल क्षेत्रीय संदर्भों से जुड़ने की ओर बढ़ेंगे और क्षेत्रीय दलों की दृष्टि राष्ट्रीय होगी। लेकिन कुछ दलों की चिन्ता बड़ी है। बीते कुछेक वर्षों में राष्ट्रीयता का भाव देशव्यापी हुआ है। माकपा, भाकपा जैसे वामपंथी दल स्वयं को अंतरराष्ट्रीय विचारधारा का दल बताते हैं लेकिन उनका प्रभाव क्षेत्र राज्यस्तरीय भी नहीं बचा। चुनाव आयोग ने बेशक केन्द्रीय विधि मंत्रालय के एक संदर्भ के जवाब में दोनों चुनाव एक साथ कराने पर बहुत पहले ही सहमति व्यक्त की थी लेकिन सभी दलों की सहमति प्राप्त करना आसान नहीं। कुछेक दल वर्तमान स्थिति को ठीक मानते हैं और चुनाव अलग-अलग ही चाहते हैं।

लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का विचार आदर्श है। लोकसभा का चुनाव अलग व देश की सभी विधानसभाओं के चुनाव अलग से कराने का विचार भी आया था। कुछ दल इस विचार को उचित मान सकते हैं। लेकिन दोनों ही स्थितियों में संविधान संशोधन की आवश्यकता होगी। संशोधन में केन्द्र व राज्य सरकारों को सुनिश्चित कार्यकाल देना होगा। सदन में बहुमत खो जाने की स्थिति में सरकारी कार्यकाल की समस्या का निराकरण जरूरी होगा। दसवीं अनुसूची के अनुसार दल से भिन्न मतदान के कारण सदन की सदस्यता खो जाने की विधि प्रवर्तन में है। मूलभूत प्रश्न किसी भी कारण से सदन में बहुमत खो चुकी सरकार को पूरा कार्यकाल देने की नई व्यवस्था का है। क्या वैकल्पिक सरकार बनाने का अधिकार संसद या विधानसभा को दिया जा सकता है? क्या हमारा दलतंत्र स्थिर कार्यकाल और संवैधानिक जवाबदेही को एक साथ चला सकता है? क्या संवैधानिक जवाबदेही को छोड़कर स्थिरता को ही अपनाया जा सकता है? अमेरिका में ऐसा ही है।

प्रश्न ढेर सारे हैं। ऐसे प्रश्नों का उत्तर संविधान संशोधन और वैधानिक नैतिकता से ही जुड़ा हुआ है। डॉ. आम्बेडकर ने संविधान सभा में इतिहासकार ग्रोट को उद्धत किया था। "वैधानिक नैतिकता" का अर्थ संविधान और उसकी संस्थाओं के प्रति निष्ठाभाव है। ग्रोट ने लिखा है कि समाज की वैधानिक नैतिकता ही विधान की शक्ति है। भारत का जनसामान्य विधान का आदर करता है लेकिन दलतंत्र में वैधानिक नैतिकता का अभाव है। इसलिए सरकारें बहुधा अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पातीं। तब लोकसभा और विधानसभा के मध्यावधि चुनाव का कोई विकल्प नहीं होता। संसदीय जनतंत्र का मुख्य उपकरण दलतंत्र है। जनतंत्र खूबसूरत विचार है। दलतंत्र ही इसे गतिशील बनाता है। समाज व्यवस्था निरंतर परिवर्तनशील है। लेकिन राजनैतिक व्यवस्था में राजनैतिक सुधार की गति उत्साहवर्द्धक नहीं है। दलतंत्र प्रतिपल चुनाव चिन्तन में ही व्यस्त रहता है।

## खास बात

# एकीकृत मानव दर्शन

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

हाल ही में अंग्रेजी में एक किताब बाजार में आई है-द की टू टोटल हैप्पीनेस। इस पुस्तक में एकात्म मानव दर्शन का गहराई से विवेचन किया गया है। इसका हिंदी में अर्थ होता है-सम्पूर्ण सुख की कुंजी। केंद्र सरकार ने 2022 से 2047 तक की 25 वर्ष की अवधि को ₹अमृत काल₹ घोषित किया है। ऐसे में इस किताब का महत्व और बढ़ जाता है। इस दौरान देश की हर महिला, पुरुष और युवा को यह दिखाना होगा कि 2047 तक भारत एक विकसित देश बनेगा।

इस शुभ समय के दौरान भारत को 'शाश्वत सुख की तलाश में आगे बढ़ने' की कठिन चुनौती का सामना करना होगा। हालांकि, वर्तमान समय में एक तरफ आश्चर्यजनक तकनीकी प्रगति और दूसरी तरफ पूरी मानवता गहरे संकट में है। मानव इतिहास में सबसे आकर्षक प्रयास यह है कि धरती पर हर कोई आदिकाल से ही खुशी के लिए प्रयास करता रहा है। यह कार्य इतना कठिन क्यों प्रतीत होता है? क्या हमें व्यक्ति, समाज और शांति के बीच संबंधों के बारे में कोई गलतफहमी है? पीढ़ियों के संघर्ष के बाद, हमने भौतिक विकास हासिल किया है; फिर भी, पैसे की प्यास कम नहीं हुई है। प्रौद्योगिकी उन्नत हो गई है, लेकिन अभी भी व्यापक तौर पर उथल-पुथल है। 'एकीकृत मानव दर्शन' यह प्रदर्शित करने का प्रयास करता है कि मानवता इन सभी चिंताओं का स्वीकार्य समाधान प्रदान करके कैसे एक खुश, शांतिपूर्ण और व्यवहारपूर्ण अस्तित्व जी सकती है। अब महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इस मिथक को फैलाने से क्या हासिल हुआ है कि पश्चिमी विचार भारतीय दर्शन से श्रेष्ठ और पुरातन है? पिछली शताब्दी में दो विश्व युद्ध, प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक उपयोग, गरीब देशों का शोषण, सामाजिक असंतुलन, नक्सलवाद, समाज में मानसिक और शारीरिक तनाव की समस्या, आतंकवाद, नशीली दवाओं का अत्यधिक उपयोग, आत्महत्या, राजनीतिक शक्ति का ध्रुवीकरण, धर्म परिवर्तन की साजिश, पारिवारिक व्यवस्था के अवमूल्यन के कारण तलाक दर में वृद्धि, क्या इन चिंताओं का कोई समाधान है? क्या वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति के कारण हो रहा है, क्या यह वास्तविक विकास है?

**साल** का नया मास, शुरू हुआ अब,
दिन - दुगने बीत गए, पता नहीं कब
राशि है तुला, और तराजू है संग
कमीज रही ढीली, पतलून हुई तंग !
- अमिताभ बच्चन

## आपके X ट्वीट

**भाजपा** कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष श्री बाबूलाल जी एवं वहाँ मौजूद अन्य सम्मानित नेताओं/कार्यकताओं से मुलाकात हुई। चुनावी रणनीतियों पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। आज जब हम एक संगठन में साथ हैं तब भी, उनका सदैव स्नेह मिलता रहा है। - सीता सोरेन





**अंग्रेजी** शासन के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंकने वाले, अमर शहीद नीलाम्बर- पीताम्बर जी के शहादत दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि।
झारखंड के वीर शहीद अमर रहें।
जय झारखंड !!
- चंपई सोरेन, सीएम

# सत्य की ताकत

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**सुलोचना** ने राम से कहा कि मैं आपको आर्शिवाद देती हूं कि जैसे आप अयोध्यापति है वैसे ही आप लंकापति भी होंगे। जब तक धरती,सूरज, चांद रहेंगे संसार में आपकी कीर्ति अमर रहेगी और मुनष्य आपके नाम का जाप करने को बाध्य रहेंगे। हे रामचन्द्र हे कौशलपति सच्चाई जग को प्यारी है कोशल जिस तरह तुम्हारा है लंका उस तरह तुम्हारी है।

प्रसंग का अध्यात्म

इस प्रसंग का मूल रुप से तीन सबक है।पहला यह कि कहा जारहा था कि मेघनाथ यज्ञ कर रहा है।तो यज्ञ क्या बढ़िया है? भले यज्ञ को अच्छा कहा जाए क्या? यज्ञ के माने क्या होता है? मेघनाथ भी यज्ञ कर रहा था। यज्ञ अच्छा भी हो सकता है खराब भी हो सकता है। उसका दोनों ओर लक्ष्य जाएगा। यज्ञ को धर्म नहीं कह सकते हैं। धर्म के नीचे यज्ञ है। यज्ञ का अर्थ होता है जो ज्ञान की ओर ले जाए। इसमें दो अक्षर होते हैं। य और ज्ञ। जिसका लक्ष्य ज्ञान की ओर हो उसे यज्ञ कहते हैं। अनेक तरह के यत्र होते हैं। द्रव्यमय यज्ञ होता है जिसमें वस्तुओं की आहुति दी जाती है। योग यज्ञ कहते हैं जिसमें प्राण और अपान की क्रिया की जाती है। उसी तरह स्वाध्याय यज्ञ है। अपने ज्ञान का नाश किया जाता है और बुद्धि को विकसित किया जाता है। यह स्वाध्याय यज्ञ है। यज्ञ का सीधा मतलब है कि जो परमात्मा की ओर ले जाए जो ज्ञान की ओर ले जाए। मेघनाथ जो कर रहा था वह कभी भी ज्ञान की ओर नहीं ले जा रहा था। उसका फल तामसी है। तो यज्ञ दोमुंहा होता है दोनों ओर ले जाता है। इसका लक्ष्य क्या है ये देखा जाता है। इस पूरे प्रकरण में दूसरी बात भी थी।

(ब्रह्म विद्यालय एवं आश्रम)

## कार्टून वर्ल्ड




कार्टून मूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### विसंगति और संरक्षण

**आर्थिक** विषमता किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक चिन्ह नहीं माना जा सकता। देश की अर्थव्यवस्था पर, इस आर्थिक विषमता के दूरगामी प्रभाव देखने को मिलेंगे। सरकार को इस दिशा में समय रहते कदम उठाने की आवश्यकता है। अगर निर्धन लोगों की आय में वृद्धि संभव नहीं हो सकती तो कम से कम महंगाई की मार उन पर न पड़े।

– **आदित्य शुक्ला, रांची**

### समता की सोच

**अमीरी**-गरीबी के बीच बढ़ती खाई बेहद चिंताजनक है। संपन्न लोगों को अपने लोभ पर नियंत्रण रखकर जरूरतमंद लोगों का ख्याल रखना चाहिए। सरकारी नीतियां भी अमीरी-गरीबी की खाई को बढ़ाती जा रही हैं। समय आ गया है कि सरकारें जमीनी स्तर की नीतियां बनाएं, जिससे कमजोर व अभावग्रस्त लोग लाभान्वित हो सकें। महंगाई की मार सामान्य जनों पर ही ज्यादा पड़ती है। **रवि, खूंटी**

# अब महिला वोटर करती हैं बड़ी चोट

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में 18 वीं लोकसभा के चुनाव का बिगुल बज गया है। चुनावा आयोग ने सात चरणों में मतदान कार्यक्रम जारी कर दिया है। चार जून को मतगणना की तारीख तय की गई है। सीधी सी बात है कि दोपहर बाद तक 18 वीं लोकसभा की तस्वीर साफ हो जाएगी। खैर यह सब अलग बात है पर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत दो चुनाव में देश की महिला वोटर्स ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मजे की बात यह भी है कि 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया। अब तो यह माना जाने लगा है कि देश के करीब एक दर्जन राज्यों में महिलाओं के वोट ही नई सरकार के गठन में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं।

तस्वीर का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि मतदान ही नहीं चुनाव में सक्रियता से हिस्सा लेने और उम्मीदवार को जिताने में भी महिलाएं आगे आई हैं। देश के पहले और दूसरे लोकसभा के आम चुनाव में जहां 22 महिला सांसद चुन कर आई थीं वहीं गत 2019 के आम चुनाव में 78 महिला सांसद चुन कर आईं। हालांकि आधी आबादी को मुख्य धारा में लाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नए-नए सब्जबाग दिखाने के बावजूद टिकट वितरण के समय महिलाओं की हिस्सेदारी कम ही रह जाती है। अनुभव तो यही बताता है कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा आधी तो दूर की बात एक तिहाई सीटों पर भी महिलाओं को टिकट नहीं दिए जाते हैं।

## चुनाव 2024

खैर सबसे अच्छी बात यह है कि गांव हों या शहर, महिलाएं अब घर की चारदीवारी में कैद रहने वाली या पुरुष के कहे अनुसार मतदान करने वाली नहीं रही हैं। पुरुषों के हां में हां मिलाने वाली स्थिति से बहुत बाहर आ चुकी हैं। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में महिलाएं सक्रियता से हिस्सा लेने लगी हैं। इस साल देश में 96 करोड़ 88 लाख मतदाता हैं तो इनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 47 करोड़ 15 लाख के करीब है। एक मोटे अनुमान के अनुसार पुरुषों की तुलना में करीब दो करोड़ महिला मतदाता कम हैं। यही स्थिति 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान थी। इस सबके बावजूद पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं के मतदान का आंकड़ा अधिक है। 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 67.02 प्रतिशत रहा तो महिलाओं के मतदान का प्रतिशत 67.18 प्रतिशत रहा। पूर्वोत्तर, हिमाचल प्रदेश, गोवा, बिहार सहित बहुत से प्रदेशों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा। यह तो रही मतदान की बात तो दूसरी और नई सरकार बनाने में भी महिला मतदाताओं की अधिक भूमिका रही है। देखा जाए तो महिलाओं ने जिस दल पर अधिक भरोसा जताया उसी की सरकार बनी। मजे की बात यह है कि 2014 में मोदी सरकार बनने और 2019 में रिपीट होने का प्रमुख कारण भी महिलाओं को भाजपा और खासतौर से नरेन्द्र मोदी पर अधिक भरोसा जताने को जाता है। 2004 के चुनाव में 22 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा और 26 प्रतिशत पुरुषों ने कांग्रेस को वोट दिया था वहीं 2019 के चुनाव आते आते इसमें जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। 2019 के चुनाव में महिलाओं द्वारा मोदी में विश्वास व्यक्त करने का आंकड़ा 36 प्रतिशत पहुंच गया। यानी कि 2019 के चुनाव में 36 फीसदी महिलाओं ने भाजपा को वोट दिया। महिलाओं के अधिक मतदान का ही परिणाम रहा कि 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और नरेन्द्र मोदी को जबरदस्त बहुमत प्राप्त हुआ।विगत दो लोकसभा चुनाव परिणामों से सबक लेते हुए अब सभी राजनीतिक दल महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के हर संभव प्रयास में जुट गए हैं। यही कारण है कि महिलाओं को लुभाने वाली योजनाएं की जा रही हैं। केंद्र की उज्ज्वला योजना, मध्य प्रदेश की लाडली योजना, लखपति लाड़ली योजना, महिला मुखिया को नकद राशि और मुफ्त बस यात्रा का करिश्मा देखा जा चुका है।

# आखिर क्यों जरूरी है नागरिकता संशोधन कानून ?

**मुनीष त्रिपाठी**

मोदी सरकार ने बहुप्रतिक्षित नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है । इसी के साथ देश में अब सीएए लागू हो गया है । हम यहां यह समझने की कोशिश करेंगे आखिर यह क्यों जरूरी है । साल 2020 में देशभर में सीएए के खिलाफ प्रदर्शन हुए थे । इन प्रदर्शनों में कई ऐसे लोग भी थे जिन्हें कानून की कम या गलत जानकारी थी । इसलिए आइए समझते हैं कि सीएए लागू होने से क्या बदलेगा । आगामी लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है । इसी के साथ देश में अब सीएए लागू हो गया है । सीएए के अमल में आ जाने के बाद अब बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए गैर मुस्लिम अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो गया है । साल 2020 में देशभर में सीएए के खिलाफ प्रदर्शन हुए थे, इसलिए आइए समझते हैं कि सीएए लागू होने से क्या बदलेगा ?

तकनीकी तौर पर सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट यानी सीएए से सिटीजनशिप एक्ट ऑफ 1955 में संशोधन किया गया है । इससे होगा ये कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए उन लोगों को नागरिकता मिल जाएगी जो 31 दिसम्बर,2014 से पहले किसी न किसी तरह की प्रताड़ना से तंग होकर भारत आए थे । इससे इन

## सामयिक


मुस्लिम देशों के अल्पसंख्यक समुदायों को फायदा होगा जिनमें हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई शामिल हैं । भाजपा पार्टी के एजेंडा में सीएए का काफी पहले से जिक्र होता आया है । मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में साल 2016 में इसे लोकसभा में पेश किया गया । यहां से पास होने के बाद इसे राज्यसभा में भेजा गया, लेकिन वहां इसे बहुमत से पास नहीं कराया जा सका । अटकने के बाद इसे संसदीय समिति के पास भेजा गया था । 2019 में जब लोकसभा चुनाव हुए तो दोबारा बहुमत जीतने के बाद मोदी सरकार बनी । सरकार बनते ही इसे दोबारा लोकसभा में पास किया गया । दो दिन बाद 09 दिसंबर,2019 को राज्यसभा में भी इस पर मुहर लग गई । दोनों सदनों में पास होने के बाद सीएए को 10 जनवरी,2020 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई । हालांकि, इसके लागू में होने में काफी देरी हो गई । इसकी प्रमुख वजह रही देशभर में होने वाले विरोध प्रदर्शन । सरकार ने अपने बयान में कहा है कि सीएए के जरिए मिलने वाली नागिरकता वन-टाइम बेसिस पर ही होगी । यानी कि 31 दिसम्बर,2014 के बाद गैरकानूनी तरीके से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आए गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों को नागरिकता नहीं दी जाएगी । इस कानून के अमल में आने के बाद भारत के किसी भी नागरिक चाहे वो किसी भी धर्म का हो, की नागरिकता को कोई प्रभाव नहीं होगा । सीएए की आवश्यकता इसलिए थी क्योंकि हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन और ईसाई अल्पसंख्यक जो दशकों से भारत में आए और देश में बस गए, वे पूर्व-संशोधित नागरिकता कानून के तहत भारतीय नागरिकता हासिल नहीं कर सकते थे ।

इसके चलते वो भारतीय नागरिकता के कई लाभों से वंचित थे । भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों के आने के कई कारण थे- उत्पीड़न, भेदभाव, शारीरिक असुरक्षा, जबरन धर्म परिवर्तन का खतरा, इत्यादि । आधिकारिक आंकड़े मुस्लिम बहुल पड़ोसी देशों से बड़े पैमाने पर अल्पसंख्यकों के पलायन की गवाही देते हैं ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### एक अप्रैल से नॉर्थ पोल की यात्रा करेंगे पर्वतारोही सत्यरूप सिद्धांत



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए नेवर गिव अप का अटल भाव रखें। यदि कोई शारीरिक कमी है, तो वह भी सफलता में आड़े नहीं आएगी। यह बात प्रसिद्ध पर्वतारोही सत्यरूप सिद्धांत ने कही। सत्यरूप सिद्धांत शुक्रवार को अपनी प्रस्तावित नॉर्थ पोल एक्सपीडिशन को लेकर आयोजित वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। आइ थ्री फाउंडेशन व श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस वेबिनार में सत्यरूप ने अपने पर्वतारोहण के अनुभव को साझा करते हुए नॉर्थ पोल की चुनौतियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बचपन में वे अस्थमा से ग्रसित थे। ऐसे में सामान्य जीवन भी प्रभावित था।सत्यरूप सिद्धांत ने बताया कि एक अप्रैल से उनकी नॉर्थ पोल की यात्रा साइबेरिया की राजधानी क्रास्नोयार्स्क से शुरू होगी। 10 दिनों की स्कीइंग शुरू करते हुए 90 डिग्री उत्तर की ओर 111 किलोमीटर का सफर तय कर उत्तरी ध्रुव पर पहुंचेंगे। मौसम प्रतिकूल होने पर समय लंबा हो सकता है। यात्रा के दौरान तैरते बर्फ पर चलना पड़ता है। पोलर बियर व अन्य बर्फीले जानवरों का खतरा सबसे अधिक होता है। इस सफर के दौरान कमर में टाइअप किया हुआ खाने-पीने और अन्य जरूरी सामान से भरा बॉक्स के स्लेज को भी खींचना पड़ेगा।

### ईसाई धर्मालंबियों ने मनाया गुड फ्राइडे



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर स्थित कैथोलिक आश्रम चर्च में शुक्रवार को ईसाई समुदाय के लोगो ने गुड फ्राइडे का त्यौहार मनाया। कोयलांचल के मसीही परिवार के सैकड़ों लोगो ने चर्च में यीशु के बलिदान को याद करते हुए प्रार्थना सभा में शामिल हुए। इस दौरान लोगों ने प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया। बताया गया की गुड फ्राइडे ईसाई धर्म के लिए खास पर्व होता है। इस दिन लोग प्रभु यीशु के बलिदान को याद करते हैं, और उनके दिखाए गए शांति और प्रेम के मार्ग पर चलने का वचन लेते हैं। मौके पर फादर थोमस, फादर बरनाबस, फादर सेबरेन लकड़ा, फादर जेवियर, सिस्टर सरोज, सिस्टर सुमंती टोप्पो, प्रदीप खलखो, पात्रिक मिंज, सुधीर मिंज, अनिश बारा, बासिल कुजुर, राजेश पांडेरवानी, जुस्टिन बारा, इरेनियुस गिद्ध, अमन कुजुर, जोसेफ ओडिया, उषा किरण कुमारी, मिलरेड एक्का, प्रीतम तिग्गा, प्रमोद कुजुर, जुलिता एक्का, रजनी डुंगडुंग, रजनी बागे, हेलेन किंडो, आनंद कुमार बरला, अमन तिग्गा, बेरोनिका तोपनो, फुलमनी गुड़िया, राशेल तिग्गा, रॉबिन तिग्गा उपस्थित थे।

### अंडर -19 क्रिकेट टीम हुयी रवाना



**रामगढ़।** झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 में भाग लेने के लिए रामगढ़ जिला अंडर 19 की टीम हजारीबाग रवाना हुई । हजारीबाग में कोडरमा, सरायकेला खरसावां, चतरा एवं हजारीबाग के साथ 30 मार्च से प्रारंभ टूर्नामेंट में रामगढ़ जिला की टीम पार्टिसिपेशन करेगी। टीम को रवाना करने के लिए रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन , सचिव अरुण कुमार राय ,कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू , पवन कुमार साहू ,कोषाध्यक्ष सूरज प्रसाद, कोच अलोक शर्मा एवं सदस्य महेंद्र राणा उपस्थित में टीम के कप्तान अनित्यता अनुपम एवं उप कप्तान राहुल राज,टीम मैनेजर लक्ष्मण कुमार गोलू एवं कोच रौशन सिंह के नेतृत्व में रुद्राक्ष कुमार सिंह , सुजल कुमार,सत्यम कुमार शर्मा,मानस गोयल, युवराज सिंह,रूपम कुमार केशरी,कृष,नीरज कुमार महतो,प्रिंस राज, कशिश मुंडा, देवेश गोयल एवं आशीष कुमार चौबे को शुभकामना देते हुए रवाना किया। अध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने कहा कि अंडर 19 टूर्नामेंट में टीम संतुलित एवं ऊर्जावान है जो बेहतर प्रदर्शन करेगी।

### एचीव में नये सत्र के लिए हवन



**कुजू।** एचीव इंस्टीट्यूशन शिवनगर कॉलोनी सांडी में शुक्रवार को नये सत्र के छात्र-छात्राओं के लिए वार्षिक हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मौजूद पुरोहित के रूप में आचार्य राकेश पांडेय ने हवन को संपन्न कराया। संस्थान के संचालक अनिल मेहता व संजीव कुमार झा उर्फ बमबम झा ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन से छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों में भी एक नई ऊर्जा का संचार होता है और वह नई उमंग के साथ नए सत्र में पढ़ाई में लग जाते हैं। उन्होंने बताया कि सत्र 2024 - 25 से इस ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को इंटर साइंस की पढ़ाई के लिए रामगढ़ जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें संस्थान के द्वारा ही कम शुल्क में यहीं पर कोचिंग की सुविधा उपलब्ध की जाएगी। मौके पर सदाशिव, नारायण, अनुग्रह, नरेश, विनय, संदीप, चंदन, राहुल, सानू, संजीव, लक्ष्मी, सीमा के अलावा अनेक छात्र छात्राएं शामिल रहे।

# फटा पोस्टर निकले पटेल, मनीष के अभियान पर कसेंगे नकेल

**हजारीबाग लोकसभा चुनाव क्षेत्र में कांग्रेस और भाजपा के बीच होगा सीधा मुकाबला**

खबर मन्त्र संवाददाता





**हजारीबाग।** काफी जद्दोजहद के बाद इंडिया गठबंधन ने अपना लोकसभा उम्मीदवार हजारीबाग से तय कर दिया है। एक तरफ एनडीए गठबंधन के भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार मनीष जायसवाल पिछले दो सप्ताह में पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में फलांग लगाकर अपने कार्यकर्ताओं को मोटिवेट करने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रख रहे हैं तो इधर काफी मंथन के बाद इंडि गठबंधन ने भाजपा के मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को लोकसभा उम्मीदवार बना दिया है। जयप्रकाश भाई पटेल ने भाजपा को छोड़ कांग्रेस का दामन थाम लिया, जिसके बाद उन्हें टिकट दे दी गयी।

अब हजारीबाग लोकसभा चुनाव में जेपी पटेल कांग्रेस बनाम मनीष जायसवाल भाजपा का मुकाबला होने वाला है। ये सीधी टक्कर है। इसमें किसी तीसरी पार्टी की कही कोई गुंजाइश नहीं है। भुनेश्वर मेहता के भी चुनाव लड़ने की बात सामने आ रही है। लेकिन इसमें संदेह है क्योकि उनकी उम्र और स्वास्थ्य पहले जैसी नहीं है। हां वे लड़ते तो त्रिकोणिय संघर्ष हो सकता था। यर्थाथ यही है कि मनीष जायसवाल और जेपी पटेल इन दोनों के बीच में से किसी एक के सर पर 4 जून को जीत का सेहरा होगा बाकी जो भी उम्मीदवार यहां से अपना दावेदारी पेश करेंगे वो वोटकटवा हीं माने जाएंगे। माना जा रहा है कि भाजपा को कोई अगर यहां की संसदीय सीट से जीतने से रोकने में कामयाब हो सकता है तो वे जेपी पटेल ही हैं। सूत्र बताते है कि जेपी पटेल को हजारीबाग के दिग्गज नेता यशवंत सिन्हा का साथ मिल रहा है। साथ हीं हजारीबाग विधानसभा में बड़कागांव, बरही के विधायक भी कांग्रेस के ही हैं। जेपी पटेल को बरही, चौपारण,बड़कागांव से काफी उम्मीदे होगी और फिर उनका अपना गढ मांडृ विधानसभा तो है ही। पटेल को मुस्लिम मतदाता, यशवंत सिन्हा के लॉयल रहे जातिविशेष के कार्यकर्ता और भाजपा के विरोधियों के वोट मिलने के पूरे आसार हैं। वहीं जायसवाल को आमलोगों के बीच उनकी सुलभता व लोकप्रियता और उनके द्वारा कोरोनाकाल में किये गये सहायता को लोग भूल नहीं पाये हैं।

# कमल खिलाएं, सभी अधूरे काम पूरे होंगे : जयसवाल

- भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने पतरातू में चलाया जनसंपर्क अभियान कहा-कमल का फुल है आपका प्रत्याशी

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। भाजपा के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जयसवाल ने गुरूवार को पतरातू प्रखंड अंतर्गत भदानीनगर मंडल के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान भाजपा भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर कुमार दांगी के नेतृत्व में मनीष जयसवाल ने पतरातू प्रखंड के जुमरा, सांकी, सुद्दी, पाली, चिकोर, लादी, मतकमा, देवरिया चारी टोंगरी कुरसे आदि क्षेत्रों में जन संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान जनसंवाद, नुक्कड़ सभा का भी आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों से विभिन्न समस्याओं से मनीष जयसवाल को अवगत कराया। मौके पर मनीष जयसवाल ने कहा की भाजपा का उद्देश्य ही सबका साथ-सबका विकास करना है। उन्होंने कहा की विकास योजनाओं का धरातल पर उताकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना भाजपा का लक्ष्य है। पीएम मोदी के हाथों को मजबुत करें सभी समस्याओं का समाधान होगा। इधर देर शाम मतकमा-कुरसे फोरलेन स्थित हवेली रेस्टोरेंट में प्रेस कांफ्रेंस किया। मनीष जयसवाल ने कहा कि आपका उम्मीदवार कोई व्यक्ति नहीं कमल का फुल है। आपकी 80 प्रतिशत ओपिनियन मेरे पक्ष में होने के कारण ही मुझे उम्मीदवार बनाया गया है। मुझे जीताकर भेजने की भी जिम्मेवारी अब आप सबों की है।

उन्होंने कहा कि अपने सभी विचारधारा वालों का एक-एक मत कमल के पक्ष में लाने का प्रयास करें और पीएम मोदी के गांरटी को गांरटी दें। भाजपा जो कहती है उसे गारंटी के साथ पूरा भी करती है। श्री जयसवाल ने कहा कि कमल खिलाएं सभी अधूरे काम पूरें होंगे। आपसभी चुनाव की तैयारी में अभी से ही तन-मन से जुट जाएं। प्रेस कांफ्रेंस व जनसंपर्क में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, हजारीबाग लोकसभा के सह संयोजक रणंजय कुमार उर्फ कुटू बाबू, पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, रंजीत पांडेय, भाजपा भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर कुमार दांगी, महामंत्री मोतीनारायण सिंह, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सन्नी प्रसाद कुशवाहा, योगेश दांगी, कुमेल उरांव, युवा मोर्चा अध्यक्ष आशीष शर्मा, रामगढ़ जिला मंत्री सुरेंद्र करमाली, टिकेश्वर महतो, भोला प्रसाद कुशवाहा, अजय पासवान, भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, उपाध्यक्ष अमरेश सिंह, अनिल खरवार, सुखदेव प्रसाद, जगतार सिंह, बालेश्वर राम, अनिल खरवार, लक्ष्मी नारायण, विद्यासागर ओझा, राकेश सिन्हा, अशोक सोनी, राजेंद्र मुंडा, पंचम महतो, आनंद, सोनू कुशवाहा, सहजनाथ महतो, सहजनाथ बेदिया, झागू बेदिया, फुलेश्वर दांगी सहित दर्जनों भाजपाई शामिल थे।

# जनसेवा और विकास हमारी प्राथमिकता रही है : मनीष

- भाजपा प्रत्याशी ने बरही प्रखंड में मांगा वोट
- लोगों में उत्साह का माहौल खिलेगा कमल : मनोज यादव

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही/हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को बरही प्रखण्ड के पूर्वी मंडल अंतर्गत दर्जनों गांव में जनसम्पर्क अभियान चलाया। भारी गर्मी होने के बावजूद ग्रामीणों ने लोकसभा उम्मीदवार मनीष जायसवाल व बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उन्होंने बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के तिलैया बस्ती, महुआटांड़, बेला, करगइयो, जवाड, कोल्हुआ, धोबियापहरी, भंडारों पंचायत के तेतरिया भंडारों, बेहराबाद, पुरहरा, बैरिशाल, विजैया पंचायत के गुड़ियों, विजैया चौक, डपोक पंचायत के गरजामो, डपोक, खुर्दजवाड, ओरपरता, बेलहारा, मलकोको पंचायत के बुंडू, बेलादोहर, मलकोको, पड़रिया, बरसोत पंचायत के श्रीनगर, बरसोत और करियातपुर क्षेत्रों का सघन दौरा किया और जनसम्पर्क अभियान चलाया।

भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता से रुबरु होते हुए मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए फिर एक बार प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने का अपील किया। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत को सम्मान की दृष्टि से देख रहा है, इसका पूरा श्रेय पीएम मोदी को जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता और हजारीबाग की जनता के विश्वास पर पार्टी ने भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि जनसेवा और विकास हमारी प्राथमिकता रही है और भविष्य में भी इसी प्राथमिकता के आधार पर कार्य करूंगा। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से पार्टी ने मनीष जायसवाल को टिकट देकर लोगों में उत्साह का संचार किया है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग से पार्टी की जीत सुनिश्चित है।

जनसम्पर्क अभियान में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, जिला महामंत्री सुनील साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव, शैलेन्द्र सिन्हा, दिनेश सिंह राठौड़, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, डोमन पांडेय, आकाश जायसवाल सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### किसी प्रत्याशी को आंखमूंद कर समर्थन नहीं करेगी वैश्य मोर्चा : महेश्वर साहू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा ने शुक्रवार को उत्सव मैरेज हॉल में मतदाता जागरूकता सम्मेलन किया। इसकी अध्यक्षता रामगढ़ जिला के कार्यवाहक अध्यक्ष बसंत प्रसाद साहु एवं संचालन हजारीबाग लोकसभा प्रभारी बीरेन्द्र कुमार एवं प्रखंड अध्यक्ष मुकेशलाल सिंदूरिया ने संयुक्त रूप से किया। महेश्वर साहु ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। संविधान ने हमें चुनाव के जरिए अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार दिया है। लेकिन कभी-कभी जागरूकता के अभाव में या लोभ लालच में गलत लोगों का चुनाव कर लेते हैं और फिर पांच वर्षों तक नेताओं और अपने आप को कोसते रहते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्य मोर्चा किसी भी प्रत्याशी को आंख मूंद कर समर्थन नहीं करेगी, बल्कि अपने मुद्दों एवं प्रत्याशी का मूल्यांकन करने के बाद किसी को समर्थन करने का निर्णय लिया जायेगा। रांची लोकसभा के प्रभारी हीरानाथ साहु ने कहा कि मतदाताओं को जनप्रतिनिधियों से सवाल पूछने की आदत डालने की जरूरत है।

# शिव नगर में रुद्र महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण

- यज्ञ से क्षेत्र में भक्तिमय का होगा का संचार : रोशनलाल चौधरी
- 20 से 24 अप्रैल तक चलेगा महायज्ञ, 25 को होगा भंडारा

खबर मन्त्र संवाददाता



महायज्ञ को लेकर ध्वजरोहण में शामिल रोशनलाल चौधरी व अन्य।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिवर साइड बुध बाजार भुरकुंडा स्थित शिवनगर कॉलोनी बीटीटीआई में 20 से 24 अप्रैल तक होने वाले पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रुद्र महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को श्री शिव मंदिर परिसर में भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण हुआ। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष सह आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य मनोज राम, पूर्व उपप्रमुख रामाशंकर पांडेय सहित अन्य ने ध्वजारोहण किया। इसके पूर्व पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भूमि पूजन कराया गया। पूजा के दौरान आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। इस दौरान आयोजन समिति द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि रोशनलाल चौधरी ने कहा की यह हर्ष का विषय है की श्री शिव मंदिर जीर्णोद्धार हेतु भव्य महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। यज्ञ से पूरे क्षेत्र में साकारात्मक और भक्तिमय वातावरण का संचार होगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक व धार्मिक कार्यों में मैं हर प्रकार से आप सबों के साथ हूं। आयोजन समिति ने बताया की पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रुद्र महायज्ञ 20 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। इस दौरान पंचांग पूजन, प्रवेश पूजन, मंडप पूजन, मंडप की परिक्रमा सहित अन्य अनुष्ठान होंगे। 21 को मंडप देवता पूजन, नगर भ्रमण, बेदी पूजन, 22 को मटकोर और शिव पार्वती विवाह, 23 को जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास, अग्नि प्रवेश, 24 को प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा और पूर्णाहुति के साथ महायज्ञ संपन्न होगा। 25 अप्रैल को भंडारा होगा। मौके पर आजसू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, समाजसेवी अविनाश पासवान, उपमुखिया प्रशांत कुमार, आयोजन समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार, कौशल सिंह, ददन कुमार, किरण सिंह, बासुकी नाथ, शंभू ठाकुर, आशा देवी, रौशनी देवी, रेशमी देवी, राजकुमार सिंह, सत्रुधन कुमार, धीरेन बक्शी, विश्वजीत बनर्जी, छोटू यादव, दिलीप महतो, बबलू कुमार, कोमल कुमारी, आयुष सिंह, विश्वनाथ भुइयां , विशाल कुमार, छोटू कुमार, दीपक कुमार सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे।

## एक नजर में

### पटेल का विष्णुगढ़ दौरा कल, तैयारी जोरों पर



**बिष्णुगढ।** हजारीबाग संसदीय क्षेत्र क्रांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल के पैतृक गांव एवं बिष्णुगढ प्रखंड के विभिन्न गांवो के दौरे को लेकर भेलवारा,खरकी,बलकमक्का,जोबर विधायक मोड़, सारूकुदर, फराचांच, सिमरबेडा, चिहुटिया,नागी, सपमरावा, चानो,तिलैया,नरकी आदि गांवो में इंडिया गठबंधन के घटक दलों के तमाम कार्यकर्ताओ ने बैठक की। बिष्णुगढ प्रखंड का पहला दौरा 31 मार्च दिन रविवार को होगा। जयप्रकाश भाई पटेल का बिष्णुगढ प्रखंड में जोरदार स्वागत किया जाएगा। बैठक में जयप्रकाश भाई पटेल को भारी मतों से जिताने की अपील की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि इंडिया गठबंधन हजारीबाग लोकसभा में पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगा। इस क्रम में पूरे लोकसभा क्षेत्र में शीघ्र ही इंडिया गठबंधन के बैनर तले सभाओं का आयोजन किया जायेगा।

### बीडीओ ने की लोस चुनाव को लेकर बैठक



**बड़कागांव।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन के द्वारा बुथ सुपरवाइजर और बीएलओ प्रशिक्षण एवं अहम बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल एवं संचालन सहायक निर्वाचि पदाधिकारी सीओ बालेश्वर राम ने किया। बैठक में बीडीओ एवं सीओ ने सभी सुपरवाइजर और बीएलओ को सभी 127 बूथों में बिजली पानी शौचालय फर्नीचर की पूर्ण व्यवस्था करने का निर्देश दिया। मतदान हेतु 85 वर्ष के वृद्ध एवं 40 प्रतिशत से अधिक प्रमाणित दिव्यांगों को घर से ही पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। परंतु वे मतदान केंद्र में भी जाकर मतदान कर सकते हैं। जिसके लिए निर्वाचन आयोग के द्वारा वाहन सुविधा एवं मतदान केंद्र पहुंचने पर लोगों का स्वागत किया जाएगा। प्रशिक्षण में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करने एवं 80■ से अधिक मतदान कराने का लक्ष्य पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण दौरान लोगों ने 80■ से अधिक से अधिक मतदान कराने को लेकर शपथ लिया। ज्ञात हो पूरे प्रखंड में 127 बूथ बनाए गए हैं, जिसमें कुल 68 बिल्डिंग में चुनाव संपन्न कराया जाएगा। जिसके लिए 127 बीएलओ, 13 सुपरवाइजर लगाए गए हैं ।बीडीओ सीओ ने चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर सुपरवाइजर और बीएलओ को प्रत्येक दो दिन में बैठक कर बुथ के दो समस्याओं को दूर करने पर जोर देने को कहा गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल लोगों में मुख्य रूप से शशि कुमार,भास्कर राज,पूजा राय,अनुराधा पासवान,रुखसाना परवीन,संजय निगम,राजू कुमार ,देवेंद्र कुमार,खुश नारायण मेहता,मनीष पाठक,नरेंद्र महतो,जितेंद्र कुमार दास, आशीष कुमार सोनी के अलावा अन्य कई उपस्थित थे।

### भाजपा ने की बूथ कमिटी को लेकर बैठक



**टाटीझरिया।** लोक सभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी टाटीझरिया की बैठक भाजपा कार्यालय में हुई ।जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कैलासपति सिंह ने किया। बैठक में टाटीझरिया प्रखंड अंतर्गत हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र में कुल 33 बूथ में दो कलस्टर बनाया गया ।टाटीझरिया, डहरभंगा, बेड़म तीन पंचायत का एक कलस्टर तथा दूसरा कलस्टर धरमपुर और डूमर पंचायत शामिल हैं। कोडरमा लोक सभा क्षेत्र के तीन पंचायत झरपो, भराजो और खैरा के 21 बूथों का एक कलस्टर बनाया गया। कुल मिलाकर प्रखंड में तीन कलस्टर बनाया गया। निर्णय लिया गया कि शनिवार से बूथ का सत्यापन किया जाएगा ।मंडल अध्यक्ष ने कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का कार्य करें। सभी क्षेत्र में जाकर केंद्र सरकार के कार्यों के बारे में बताने का काम करें ।बैठक में राजू यादव,महेश अग्रवाल,उपेंद्र पांडेय,अमरेश सिंह,परमेश्वर यादव,विजय पांडेय,नितेश पांडेय,जितेंद्र मंडल,विजय ठाकुर,सुखदेव पांडेय,विक्रम सिंह समेत अन्य शामिल थे।

### 21 बकाएदारों के काटे गये बिजली कनेक्शन

**रामगढ़।** गोला प्रखंड क्षेत्र में लंबे समय से बिजली बिल भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जाने से हड़कंप मच गया है। बिजली विभाग की ओर से युद्धस्तर पर बिजली बिल की वसूली की जा रही है। सूचना के बाद भी बिल भुगतान में आना कानी करने वाले उपभोक्ताओं पर सख्ती बरती जा रही है। विभाग की सख्ती के कारण उपभोक्ता अब बिल भुगतान करना ही बेहतर समझ रहे हैं। विद्युत विभाग के अधिकारियों कर्मियों ने शुक्रवार को गोला सहित कोराम्बे व मुरपा गांव में बकाएदारों के खिलाफ छापेमारी अभियान चला कुल 21 उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटते हुए अविलंब बकाया राशि जमा करने का निर्देश दिया है। साथ ही उपभोक्ताओं को चेतावनी दी गई कि बगैर बकाया जमा किए बिजली उपयोग करते पकड़े जाने पर जुमार्ना के साथ केस दर्ज किया जाएगा। विद्युत विभाग के कर्मी महेंद्र कुमार महतो ने बताया बिजली बिल बकाया रहने पर उक्त गांव के 21 लोगों का बिजली कनेक्शन काटा गया है। उन्होंने बताया कि विभागीय दिशा निर्देश पर ऐसे उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा जा रहा है जो लंबे समय से बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी

**चतरा।** आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए, चतरा जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। 29 मार्च, 2024 को मयूरहंड थाना क्षेत्र के पथरा, गोरेया और झरदाग में छापेमारी कर अवैध चुलाई शराब की भट्ठियों को तोड़ा गया। इस दौरान करीब 40 लीटर से अधिक अवैध महुआ चुलाई शराब जब्त की गई और करीब 900 किलोग्राम से अधिक चुलाई योग्य जावा महुआ को नष्ट कर दिया गया। आरोपियों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक जिले में करीब 1200 लीटर अवैध शराब जब्त की जा चुकी है और 15500 किलो जावा महुआ नष्ट किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत 1050000 रुपये है।

### पत्रकार के पिता का सड़क दुघर्टना में मौत

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के तेलियाडीह के समीप एक सड़क दुर्घटना में पत्रकार कृष्ण मुरारी सिंह के पिता सुधीर सिंह धनगड्डा की दर्दनाक मौत हो गई। सुधीर सिंह धनगड्डा अपने मोटरसाइकिल से घर वापस आ रहे थे तभी टंडवा की ओर से जा रही मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। ततपश्चात टंडवा प्रशासन और आपसी समझौते के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया गया। टंडवा पुलिस ने सड़क दुर्घटना की जांच की और उचित कार्रवाई की जा रही है। इस दुखद घटना से टंडवा पत्रकार संघ और जनप्रतिनिधियों में शोक की लहर है।

### आग लगने से घर का सामान जलकर हुआ राख

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत द्वारी पंचायत गांव में बृहस्पतिवार की रात विजय गोप के घर में आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि पूरा घर जलकर राख हो गया। घर में रखा सारा सामान, अनाज, कपड़े और पलंग सब कुछ जल गया। विजय गोप और उनका परिवार बेघर हो गया। विजय गोप ने अंचलाधिकारी को आवेदन लिखकर मदद की गुहार लगाई है। पंचायत मुखिया जगदीश यादव ने घर का जायजा लिया है और मदद करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा है कि अगर संभव हुआ तो विजय गोप को आवास भी दिलवाया जाएगा।

### दशगात्र कार्यक्रम में पहुंचे जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी

**चतरा।** शुक्रवार को मयूरहंड प्रखंड के दिगही निवासी पत्रकार हिमांशु सिंह की माता जी स्वर्गीय मुन्नी देवी (65) वर्ष के दशगात्र कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शामिल हुए। स्वर्गीय मुन्नी देवी का स्वास्थ्य खराब होने के कारण विगत दिनों निधन हो गया था। जिला परिषद उपाध्यक्ष ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। दशगात्र कार्यक्रम में पत्रकार धर्मेन्द्र पाठक, पत्रकार संजय शर्मा, पत्रकार सुनील कश्यप, पत्रकार बिजेश सिन्हा, पत्रकार अशोक पाण्डे, पत्रकार अजय चौरसिया, टुन्नी सिंह, रंजीत सिंह, श्याम सिंह समेत अन्य लोग ने भी दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

### पत्रकार के चाचा का निधन, शोक की लहर

**चतरा।** पत्रकार विजय शर्मा उर्फ गोपी जी के बड़े चाचा जी ब्रह्मदेव प्रसाद शर्मा का निधन गुरुवार दोपहर दिन के दो बजे पटना में हो गया। दिवंगत ब्रह्मदेव प्रसाद शर्मा पटना के रामकृष्ण नगर मिठापुर में रहते थे और पटना के टीपीएस कॉलेज में क्लर्क के पद पर अपनी सेवा 1977 से 2012 तक तक दिया था। 74 वर्ष की आयु में इनका निधन हुआ। अपने पीछे उन्होंने पुत्र समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए। पुत्र राजू जमुई में आपदा प्रबंधन विभाग में प्रोग्रामर के पद पर कार्यरत है। पत्रकार के चाचा के निधन पर जिले भर के पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### 45 किलो अफीम और 25 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

# चतरा पुलिस की यह सबसे बड़ी सफलता है: विकास पांडे, एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** पुलिस ने अफीम कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 45 किलो अफीम और 25 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। अफीम की कीमत करीब एक करोड़ रुपये और हेरोइन की कीमत 5 लाख रुपये बताई जा रही है। चतरा एसपी विकास पांडे को गुप्त सूचना मिली थी कि अफीम की तस्करी की जा रही है, जिसके बाद उनके निर्देश पर चतरा-हजारीबाग की सीमा पर स्थित बलबल चेक प्वाइंट के पास एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 45 किलो अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर की निशानदेही पर गिद्धौर थाना क्षेत्र के पांडेटोला गांव में छापेमारी की गई, जहां से राजेंद्र दांगी के घर से 25 ग्राम प्रतिबंधित हेरोइन बरामद किया गया। पुलिस ने राजेंद्र दांगी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा बरामद की गई अफीम की अनुमानित कीमत 2 करोड़ रुपये है, जबकि बरामद हेरोइन की अनुमानित कीमत 5 लाख रुपये है। इसके अलावा पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक कार और एक स्कूटी भी बरामद किया है। गिरफ्तार दोनों तस्करों के नाम ललन दांगी और राजेंद्र दांगी हैं, दोनों गिद्धौर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

## डीजे मसीन चोरी मामले में एक को जेल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नीरोपहाड़ी से 26 फरवरी को डीजे मसीन चोरी मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार नीरो नावाडीह निवासी रोहित साव के द्वारा कोडरमा थाना में दिये गये आवेदन के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त मामले में संलिप्त थाना गावां, ग्राम मालडा, जिला गिरिडीह निवासी 22 वर्षीय रौशन कुमार पिता स्व माकीनचंद साहू को डोमचांच से गिरफ्तार किया।

जिसे कोडरमा थाना कांड संख्या 60/24 के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। वहीं जानकारी के अनुसार चोरी किये गये समान की कीमत लगभग तीन लाख रुपया बताया जा रहा है।

### दो मोटरसाइकिल की टक्कर में युवक घायल

**डोमचांच (कोडरमा)।** कोडरमा-जमुआ मुख्य मार्ग स्थित टैक्सी स्टैंड के समीप दो मोटरसाइकिल की आपस में टक्कर में एक युवक घायल हो गया। वहीं घायल युवक की पहचान यश कुमार झलकडीहा घोड़थम्बा निवासी के रूप में की गई। मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक कोडरमा की ओर जा रहा था, इसी दौरान एक अन्य मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई और वह अनियंत्रित होकर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## पशुओं में फैलने वाली दो खतरनाक बीमारियों की रोकथाम को लेकर प्रशासन अलर्ट





### 31 मार्च तक पशुओं को लगा लें वैक्सीन

लखन सिंह

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** पशुपालन के कार्य से जुड़े लोगों को पशुओं में फैलने वाले बीमारी खुरहा और मुंहपका की रोकथाम को लेकर जिला पशुपालन विभाग की तरफ से टीकाकरण की विशेष मुहिम चलाई जा रही है। वहीं जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. राम सरीख प्रसाद ने बताया कि वायरस से होने वाले इस बीमारी की रोकथाम को लेकर टीकाकरण ही एकमात्र उपाय है। समय पर टीका लगाने से पशु इस वायरस की चपेट में आने से बचते हैं।

### पशु चिकित्सालय से संपर्क कर पशु का कराएं वैक्सीनेशन

खबर मंत्र से बातचीत में जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ.राम सरीख प्रसाद ने बताया कि विभिन्न प्रखंडों में स्थित पशु चिकित्सालय में यह टीका मुफ्त उपलब है। पशुपालक पशु चिकित्सालय में संपर्क कर अपने पशुओं को टीका लगवा सकते हैं। वहीं उन्होंने बताया कि इसके अलावा 4 से 8 माह की बाछी को विभाग के द्वारा ल्यूसोसिस बीमारी से बचाव को लेकर 31 मार्च तक वैक्सीनेशन का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन मुख्य रूप से बाछी को दिया जाता है, जिससे भविष्य में गाय बनने में बांझपन की समस्या उत्पन्न न हो।



### वायरस की चपेट में आने से दूध उत्पादन पर भारी असर

उन्होंने बताया कि खुरहा व मुंहपका बीमारी की चपेट में आने से पशु खाना पीना बंद कर देते हैं, यह वायरस सबसे पहले पशु के मुंह पर अटैक करता है। जिससे पशु के मुंह के भीतर घाव बन जाते हैं और मुंह से लार गिरना शुरू हो जाता है। इसके बाद यह वायरस पशु के पैर की खुर में जगह बना लेता है, जिससे पशु के पैर में कीड़े लग जाते हैं और उन्हें चलने फिरने में काफी तकलीफों का सामना करना पड़ता है। वहीं उन्होंने कहा समय पर इलाज नही होने से इस बीमारी की चपेट में आए पशुओं के दू उत्पादन में काफी गिरावट होती है, पशु की मौत भी हो जाती है।

### बकरियों के लिए पीपीआर वैक्सीनेशन

उन्होंने बताया कि बकरी के लिए पीपीआर (पेस्ट डेस पेटिट्स रूमिनेंट्स) की वैक्सीन राज्य स्तर से विभाग को प्राप्त हुई है। शीघ्र इसे बकरियों को लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पीपीआर एक वायरल बीमारी है, जिसके चपेट में आने से बकरियों को बुखार, मुंह में घाव, दस्त, निमोनिया और बकरियों की मौत तक हो जाती है। वहीं उन्होंने कहा 4 महीने से 1 साल तक के बकरियों में यह बीमारी होने की संभावना अधिक रहती है।

### ईसाई समुदाय के लोगों ने मनाया गुड फ्राइडे, किया प्रार्थना

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड में ईसाई समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को गुड फ्राइडे मनाया। इस क्रम में विमरला कैथोलिक चर्च में ईसाई समुदाय के लोगों ने उपवास कर ईसा मसीह को याद करते हुए प्रार्थना किया। फादर ब्लासियुश धनवार, फादर संजय मिंज, फादर ओरकर किंडो, फादर जॉन टोप्पो ने पवित्र मिस्सा कराया। ईसाई समुदाय के लोगों ने बताया कि पवित्र किताब बाइबल के अनुसार जब ईसा मसीह को जब यातनाएं दी जा रही थी तो उनके समर्थक और शिष्य रो रहे थे। वह मन ही मन में उनके वापस लौटने और उन्हें बचाने की प्रार्थना कर रहे थे। यीशु मसीह ने मुस्कुराते हुए अपने शिष्य और समर्थकों की ओर देखते हुए उन्हें दिलासा दिया था कि वह इंसानियत के लिए फिर से वापस आएंगे। बाइबल के अनुसार ईसा मसीह के दोनों हाथों और पैरों पर कील ठोककर उन्हें लकड़ी में बने क्रॉस पर लटकाया गया था। इस क्रूरता से पूरा अंधेरा छा गया था और बहुत तेज आंधी बारिश आने लगी थी। इस क्रूरता और यातनावों के बाद प्रभु यीशु मसीह ने अपने प्राण त्याग दिए। लेकिन इसके बाद एक चमत्कार होने की ही बात कही गई और तीन दिनों के बाद प्रभु यीशु मसीह पुनः जाग गए थे।

## बीडीओ ने किया विभिन्न बूथों का निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन को लेकर शुक्रवार को बीडीओ सौरभ कुमार, सीओ ओमप्रकाश बड़ाईक एवं थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने संयुक्त रूप से प्रखंड के मीरगंज, खूंटा तथा कलीडीह स्थित विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविाा जैसे शौचालय, बिजली, फर्नीचर, पेयजल व भवन की स्थिति का जायजा लिया। इस संबां में बीडीओ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सभी बूथों में बुनियादी सुविााएं उपलब्ध पाया गया।

साथ ही कुछ बुथों पर साफ-सफाई करने के निर्देश दिया गया। मौके पर पंचायत सचिव बालेश्वर यादव, प्रसादी यादव व पुलिस जवान मौजूद थे।

## नमाजियों ने मस्जिदों में अमन चैन एवं भाईचारे की मांगी दुआ



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों के मस्जिदों में शुक्रवार की दोपहर रमजान के तीसरे जुमे की नमाज अदा की गई। इस दौरान नमाजियों ने अमन चैन एवं भाईचारे की दुआ मांगी। नमाज अदा करने को ले काफी संख्या में नमाजी निर्धारित समय के पूर्व ही मस्जिदों में पहुंच गए तथा निर्धारित समय पर एक साथ नमाज अदा की। इसे लेकर नमाजियों में काफी उत्साह देखा गया। वहीं मस्जिदों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ज्ञात हो कि प्रखंड मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद शाहगंज, कर्बला नगर, देवीपुर, खेशमी, विंडोमोह, दरदाही, नावाडीह, लालूडीह, दशारो, पपलो समेत सभी मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ काफी देखी गई।

## पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान, काटा चालान



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** प्रतापपुर पुलिस ने गुरुवार को गजवा पिकेट पर वाहन जांच अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व थाना के एसआई प्रेम संगा ने किया। अभियान के दौरान आने-जाने वाले चार पहिया और दो पहिया वाहनों की हेलमेट, डिक्की, जूता और कागजात की जांच की गई। मौके पर दस बाइक चालकों को हेलमेट नहीं पहनने पर चालान काटा गया। काटे गए चालान की रिपोर्ट जिला परिवहन विभाग को भेज दी गई है। अभियानकर्ता प्रेम संगा ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है। मौके पर दस वाहनों के चालकों को हेलमेट नहीं पहनने पर चालान काटा गया है। थाना प्रभारी आईपीएस शुभम खंडेलवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव और एंटीक्राइम के खिलाफ वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को दस और अभी तक कुल 50 बाइक चालकों को चालान काटा गया है। उन्होंने कहा कि खासकर सीमावर्ती इलाकों में सख्ती से वाहन जांच की जा रही है ताकि चुनाव को प्रभावित करने वाली सामग्री राज्य की सीमा पार न कर सके। उन्होंने बाइक चालकों से हेलमेट पहनकर बाइक वाहन चलाने की अपील की है ताकि लोग सुरक्षित रहें।

## निजी क्लिनिकों के गोरखधंधे में खुलकर सहयोग कर रही हैं स्वास्थ्य सहीयाएं

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** लावालौंग क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए सरकार और विभाग के द्वारा स्वास्थ्य सहियाओं को तैनात किया गया है। ताकि सुरक्षित और संस्थागत प्रसव कराया जा सके। परंतु कई सहियाएं चंद रूपयों के लोभ में निजी क्लीनिक संचालकों के गोरखधंधे में खुलकर साथ दे रही हैं। जो ना केवल विभाग की छवि को धूमिल कर रही हैं, बल्कि जच्चा- बच्चा के जीवन के साथ खिलवाड़ भी कर रही हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला लावालौंग थाना क्षेत्र में सामने आया है। जहां कमिशनखोरी के लोभ में बान्दू गांव की सहिया सरिता देवी गांव की ही एक गर्भवती महिला सुदामा देवी को लेकर लावालौंग में अवैध तरीके से संचालित मुन्ना कुमार के क्लीनिक में पहुंच गई।

जहां सुदामा का प्रसव समय से पूर्व आठवें महीने में ही करवा दिया गया। नतीजा यह हुआ कि बेहद कमजोर बच्चे का जन्म हुआ। उसकी स्थिति इतनी नाजुक हो गई की आनन- फानन में उसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग ले जाना पड़ा। जहां बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है और वहां बच्चे की माँ को बुलाया जा रहा था।इस बीच सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बच्चे की मां सुदामा देवी को क्लीनिक के संचालक मुन्ना कुमार यह कह कर रोक लिया कि जब तक मेरा पूरा पेमेंट नहीं हो जाता है तब तक मैं बच्चे की मां को अपने क्लीनिक से नहीं जाने दूंगा। हालांकि बाद में पुलिस में मामला दर्ज करने की बात पर मुन्ना ने बच्चे की मां को अपने क्लीनिक से डिस्चार्ज कर दिया। इस बावत सहीया सरिता देवी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि होली का दिन होने के कारण लावालौंग अस्पताल में कोई भी नहीं था जिसके कारण मैं महिला को मुन्ना के पास लेकर गई। वहीं पूछे जाने पर मुन्ना कुमार नें मीडिया कर्मियों के साथ भी अभद्र व्यवहार करते हुए कहा कि मैं किसी को अपने क्लीनिक में नहीं बुलाता हूं। कमिशन के लिए खुद मेरे पास लेकर लोग आते हैं। इसमें पत्रकारों को दर्द क्यूँ होता है। इस बावत चिकित्सा प्रभारी डॉ. अशोक कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि होली को ध्यान में रखते हुए लावालौंग अस्पताल में दो चिकित्सकों के अलावा दो एएनएम की चौबीस घंटे ड्यूटी की गई थी। लेकिन अस्पताल के बंद होने और प्राइवेट क्लीनिक में प्रसव होने की जानकारी फिलहाल मूझे नहीं है। मैं जांचोपरांत ही कुछ कह पाऊंगा। ज्ञात हो कि पूर्व में भी मुन्ना के द्वारा नवजात बच्चे को बेचने और नकली खून चढ़ाने जैसे गंभीर आरोप लगते रहे हैं।

इन मामलों में मुन्ना जेल की सजा भी काट चुका है और अब यह कहकर धडल्ले से अपना गोरखधंधा चला रहा है कि प्रखंड के पत्रकार मेरा क्या बिगाड़ लेंगे मैं जिले के पत्रकारों को पैकेट में रखता हूँ। इधर होली जैसे जोखिम भरे त्योहार में घोर लापरवाही करते हुए स्वास्थ्य कर्मियों को अस्पताल से गायब रहना बड़ा सवाल खड़ा करता है।

स्पीड न्यूज

## समाजसेवी बीपी शाही का आकस्मिक निधन अंत्येष्टि आज



जमशेदपुर। लौहनगरी के नामी बिल्डर एवं उद्योगपति बीपी शाही का आकस्मिक निधन उनके मानगो डिमना चौक स्थित आवास पर शुक्रवार की अपरान्ह हो गया। वे अपने पीछे पूत्र राकेश कुमार के अलावा भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनकी अंत्येष्टि शनिवार को स्वर्णरेखा श्मशान घाट पर की जायेगी। शवयात्रा दिन के 11 बजे से उनके डिमना चौक बसंत बिहार कालोनी स्थित आवास से निकलेगी। परिवार के लोगों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही उनके पैर का ऑपरेशन हुआ था और अस्पताल से छुट्टी पाकर घर पर स्वास्थ्य लाभ कर रहे थे। अचानक आज अपरान्ह 4.10 बजे उन्हें हिचकी आई और उन्होंने अंतिम सांस ले ली।

## अवैध बालू-गिट्टी लदे तीन हाइवा किया जब्त

चांडिल। शुक्रवार को चांडिल एसडीएम शुभ्रा रानी ने नेतृत्व में गठित टीम ने एनएच 33 पर अवैध कारोबार के खिलाफ वाहन जांच अभियान चलाया। एसडीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि पाटा टोल प्लाजा पर लगभग साढ़े तीन बजे दो अवैध बालु लदे हाइवा एवं नारगाडीह के पास एक गिट्टी एवं एक बालु लदे हाइवा को जब्त किया गया है। एसडीएम ने कहा अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगा। कहा चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में अवैध कारोबार नहीं चलने दिया जायेगा। संलिप्त लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

## लालबाबा फाउंड्री के तीन गोदामों में भयंकर आग



जमशेदपुर। बर्मामाइंस थाना अंतर्गत लाल बाबा फाउंड्री के तीन गोदाम में शुक्रवार की रात आग लगने से अफरा- तफरी मच गई। घटना रात के 7:30 बजे की है । गोदाम क्रमशः बृजेश जायसवाल, काली शर्मा और टुल्लु शर्मा के बताए जा रहे हैं। यहां काफी मात्रा में रबर होने की वजह से आग तेजी से फैल गया। मौके पर अग्निशमन विभाग के दो दमकल पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं । समाचार लिखे जाने तक आप पर काबू नहीं पाया जा सका है। बर्मा माइंस पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई है पुलिस आग लगने क की घटना की जानकारी ले रही है। दमकल विभाग के अनुसार संभवत आग शॉर्ट सर्किट से लगी है।

## 31 को रविंद्र भवन में दिव्यांग बच्चों के लिए रंगारंग कार्यक्रम



जमशेदपुर। अभया बनर्जी फाउंडेशन ने बिष्टुपुर स्थित होटल बुलेवर्ड में शुक्रवार को प्रेसवार्ता की। जिसमें फाउंडेशन के संस्थापक डॉ जौहर बनर्जी ने बताया कि 31 मार्च, दिन रविवार को समय संध्या 6:30 बजे से साकची स्थित रविंद्र भवन के प्रेक्षागृह में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष रुप से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम अभिव्यक्ति का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में जमशेदपुर शहर में विशेष रूप से संचालित दिव्यांग बच्चों के नौ विद्यालयों जिसमें मुख्य रुप से आशा किरण विद्यालय टेल्को, स्कूल ऑफ होप, बिस्टुपुर, सिद्धेश्वर मुख बधिर विद्यालय बारीडीह, ज्ञानोदय नोबल एकेडमी इंद्रा नगर, पीएटीएच - जमशेदपुर, पीएएमएचजे - जमशेदपुर, नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड - करनडीह, दिव्या ज्योति नेत्रहीन विद्यालय - कदमा और अभया आदर्श शिक्षा केंद्र - नीलडीह(टेल्को) के लगभग 70 से अधिक छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।

# माउंट एवरेस्ट फतह करेगी 16 वर्षीय काम्या कार्तिकेयन

विशेष संवाददाता

जमशेदपुर। देश में साहसिक खेलों को बढ़ावा देने वाली भारत की अग्रणी संस्था टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) ने आज माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने के लिए एक नए अभियान को गर्व से रवाना किया, जिसमें भारत की सबसे सफल और सबसे कम उम्र की पर्वतारोही काम्या कार्तिकेयन शामिल हैं, जो 29,031.7 फीट पर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी के शिखर तक पहुंचने का अपना पहला प्रयास करेंगी। टीम को शुक्रवार को टाटा स्टील के कॉरपोरेट सर्विसेज के वाईस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी ने फ्लैग ऑफ किया, जिसमें काम्या के पिता और भारतीय नौसेना के कमांडर एस कार्तिकेयन भी शामिल हैं। काठमांडू से 6 अप्रैल से शुरू होने वाले इस सात सप्ताह के अभियान की मई के अंतिम सप्ताह में पूरा होने की उम्मीद है। माउंट एवरेस्ट शिखर पर अभियान के लिए एवरेस्ट बेस कैंप में लगभग 40-45 दिनों की लंबी जलवायु-अनुकूलन अवधि की आवश्यकता होती है, जिसमें उच्च शिविरों में कई चक्कर लगाना शामिल है। शिखर तक के रास्ते में बेस कैंप के बाद 4 कैंप हैं।



एवरेस्ट अभियान के लिए टीएसएएफ का झंडा देते बायें से हेमंत गुप्ता, एस कार्तिकेयन, टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी, काम्या कार्तिकेयन और मुकुल विनायक चौधरी।

### काम्या की उपलब्धियां

- 20,000 फीट से अधिक ऊंची चोटी पर चढ़ने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की युवती।
- माउंट एकॉनकागुआ पर चढ़ने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की लड़की।
- माउंट एल्ब्रस के शिखर से स्की करके नीचे उतरने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की लड़की।
- माउंट डेनाली पर चढ़ने वाली सबसे कम उम्र की गैर-अमेरिकी।

- टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन काम्या को दे रही मदद
- पीएम राष्ट्रीय बाल शक्ति पुरस्कार विजेता है काम्या
- पहले से ही छह महाद्वीपों के शिखर पर कर चुकी है चढ़ाई

### काम्या के माता-पिता भी हैं पर्वतारोही

अपने पिता की पर्वतारोहण गतिविधियों से प्रेरित होकर, काम्या ने तीन साल की छोटी सी उम्र से ही सह्याद्री या पश्चिमी घाटों में ट्रेकिंग शुरू कर दी थी। उनकी हिमालय यात्रा सात साल की उम्र में शुरू हुई, जब काम्या ने 2015 में चंद्रशिला चोटी (12,000 फीट) की ऊंचाई पर ट्रेकिंग शुरू की। 2016 में, उन्होंने हर-की-दून (13,500 फीट), केदारकांठा चोटी (13,500 फीट) और रूपकुंड झील (16,400 फीट) जैसी अधिक कठिन और ऊंची ट्रेकिंग पूरी की। मई 2017 में, काम्या ने नेपाल में 17,600 फीट की ऊंचाई पर एवरेस्ट बेस कैंप तक ट्रेकिंग की और यह उपलब्धि हासिल करने वाली दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की लड़की बन गईं।

### माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई के दौरान साथ रहेंगे पर्वतारोही पिता

माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने के काम्या के प्रयास को उनके पिता कमांडर एस कार्तिकेयन, जो स्वयं एक कुशल पर्वतारोही हैं, समर्थन देंगे और इस महान साहसिक कार्य में उनके साथ रहेंगे। अक्टूबर 2017 में, मात्र नौ वर्ष की आयु में 20187 फीट ऊंचे माउंट स्टोक कांगरी पर अपनी सफलता के बाद, काम्या ने अंतिम पर्वतारोहण चुनौती, द एक्सप्लोरर्स ग्रैंड स्लैम पर कदम रखा।

### आश्चर्यजनक है काम्या की उपलब्धियां : चाणक्य चौधरी



जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी ने कहा, पर्वतारोहण दुनिया के सबसे कठिन लोकप्रिय खेलों में से एक है और इसके लिए गंभीर मष्तिष्क वाले उम्मीदवारों के लिए बहुत कठिन अनुशासन की आवश्यकता होती है। काम्या जैसी युवा स्पोर्ट्स स्टार को देखना, जिसने पहले ही वह हासिल कर लिया है जिसे हासिल करने में हममें से अधिकांश लोगों के लिए एक से अधिक जीवन लग सकता है, वास्तव में एक ही समय में आश्चर्यजनक और उत्साहजनक है। वह पहले से ही वैश्विक पर्वतारोहण सर्किट में एक पहचान बन चुकी है। हमें काम्या का स्वागत करते हुए प्रसन्नता हो रही हैं और सभी चोटियों की जननी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने के उनके पहले प्रयास का समर्थन करने पर गर्व हैं। मैं काम्या को इस अभियान के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

# कदमा बायो डायवर्सिटी पार्क में दिखा तेंदुआ

## वन विभाग ने पकड़ने के लिए लगाया पिंजड़ा, टीम तैनात

- तेंदुआ को डिनर देने के लिए वन विभाग ने रखे तंदरुस्त चिकन

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। शहर के बीचो बीच कदमा स्थित बायोडायवर्सिटी पार्क में तेंदुआ देखने की पुष्टि हो चुकी है। तेंदुआ को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम ने आज पार्क में छह मोशन कैमरा के अलावा एक पिंजड़ा भी लगा दिया है। पिंजड़े में मोटे मुर्गे रखे गए हैं ताकि उनका भक्षण करने के लिए तेंदुआ उनके भीतर प्रवेश करे और वहां फंस जाय। वन विभाग ने यहां आठ सदस्यीय टीम को भी 24 घंटे ड्यूटी पर लगा दिया है।

बताया जाता है कि पार्क के गार्डे ने गुरुवार की आधी रात 12.30 बजे एक तेंदुआ नुमा जानवर को पार्क में विचरते पाया। गार्ड ने अपने मोबाइल से उसका दूर से विडियो बना कर अपने कंट्रोल रुम को भेजा और गेट बंद कर सुरक्षित हो गया। सुबह-सुबह वन विभाग की टीम सूचना मिलने पर मानगो रेंज के रेंज पदाधिकारी दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में वहां पहुंची और तेंदुआ की खोज शुरु की। इस दौरान टाटा स्टील यूआइएसएल के सुरक्षा टीम भी वन विभाग की टीम की मदद करती रही।





कदमा बायो डावर्सिटी पार्क में मोशन कैमरा और पिंजड़ा लगाती वन विभाग की टीम और गार्ड से जानकारी लेने के बाद रणनीति बनाते अधिकारी।

दूसरी ओर, जमशेदपुर की डीएफओ सुश्री ममता प्रियदर्शी ने **खबर मन्त्र** से कहा, पार्क में देखे गए जानवर की विडियो को वन विभाग ने देखा है, कल हमारे विशेषज्ञ पुष्टि कर पायेंगे कि वह जानवर तेंदुआ है अथवा अन्य जानवर। इधर, बायो डावर्सिटी पार्क में वन विभाग ने मोशन कैमरे लगा दिए हैं ताकि जंगली बिल्ली के मूवमेंट को पकड़ा जा सके। इतना ही नहीं जंगली बिल्ली पार्क में ही रहे इसके लिए डिनर के लिए मोटे-मोटे मुर्गे वहां एक पिंजड़े में रख छोड़े गए हैं। जंगली बिल्ली जैसे ही मुर्गे का डिनर करने पिंजड़े में प्रवेश करेगी पिंजड़े का दरवाजा स्वतः बंद हो जायेगा। अगले दिन उसे वन विभाग रेसक्यू कर लेगा। इस बारे में संपर्क करने पर क्षेत्रीय वन पदाधिकारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि हमलोगों ने दिन भर पार्क में सर्च किया है। फॉरेस्ट कैट के पद चिन्ह तो नहीं मिले हैं किन्तु विडियो की पुष्टि हो चुकी है। जानवर के पकड़े जाने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

### वन विभाग ने जारी की सलाह

- बच्चों को घर के बाहर अकेले ना छोड़े।
- रात्रि के समय किसी भी प्रयोजन के लिए घर से बाहर कम से कम 4-5 व्यक्तियों के समूह में निकलें।
- मवेशियों को चारागाह में ले जाते समय कम से कम पांच वयस्क समूह के साथ रहें।
- मवेशियों के गले में ध्वनि उत्पन्न करने वाले उपकरण का प्रयोग किया जाए।
- अपने पालतू जानवरों को घर से बाहर अकेले ना छोड़े।
- झाड़ीनुमा क्षेत्र में शाम या सुबह के समय शौच के लिए बाहर नहीं निकलें।
- अपने घरों के आसपास रसोई का कचरा जमा न करें क्योंकि यह आवारा कुत्तों को आमंत्रित करता है जो बदले में तेंदुए की आवाजाही की संभावना बनाता है।
- घरों के पास झाड़ी को साफ रखें एवं घर के बाहर एवं गलियों में प्रकाश की व्यवस्था रखें।
- नशे की हालत में घर से बाहर नहीं निकलें।
- किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों पर विश्वास ना करें एवं वन विभाग से अभिलंब संपर्क करें ।
- किसी भी व्यक्ति को यदि तेंदुए के बारे में कोई सूचना हो तो अभी निम्न में मोबाइल नंबर पर दें : 89877 90334/9771283269 .

## एक नजर में

### ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास पहुंचे जमशेदपुर



जमशेदपुर। ओडिशा के राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास अपने तीन दिवसीय जमशेदपुर प्रवास के तहत शुक्रवार को पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस से टाटानगर पहुंचे। टाटानगर रेलवे स्टेशन पर जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वहीं, टाटानगर रेलवे स्टेशन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका शहर आगमन पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, घाघीडीह मंडल अध्यक्ष संदीप शर्मा बौबी, बारीडीह मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर, संतोष कुमार, कुमार अभिषेक, मिथिलेश साव, दिलीप पासवान, मुकेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

### आदिवासी +2 उवि के विद्यार्थियों ने किया जू भ्रमण



जमशेदपुर। आदिवासी +2उच्च विद्यालय सीतारामडेरा के 60 विद्यार्थी शुक्रवार को टाटा जू का भ्रमण किये। गौरव सिंह ने बच्चों को पर्यावरण, जीव-जंतुओं की सुरक्षा में हमारी भूमिका के बारे में बताये। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे विभीषण गोराई,पंकज कुमार गिरी एवं उदित नारायण ने सहयोग दिया।

### शौडिक कल्याण परिषद ने हलधर को किया सम्मानित



जमशेदपुर। साकची में शौडिक कल्याण परिषद जमशेदपुर द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में परिषद कमेटी ने भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के नव मनोनीत प्रदेश महामंत्री हलधर नारायण को समारोह में शौडिक कल्याण परिषद के अध्यक्ष शशि नाथ साहा की मौजूदगी में सम्मानित किया। मौके पर परिषद के महासचिव अरुण कुमार प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष शैलेश कुमार, उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद, कोषाध्यक्ष राजेश प्रसाद, परमानंद प्रसाद, वरुण प्रसाद, शैलेश प्रसाद, संजय जायसवाल, दिनेश प्रसाद, रूपम साहू, विनोद प्रसाद, प्रदीप जायसवाल, सुजीत साहू, ब्रजेश कुमार, राजकुमार प्रसाद, डब्बु साहू तिलक होली खेल हलधर नारायण साह जी को सम्मानित किया।

### तुलसी भवन में याद किये गये पूर्व महासचिव नर्मदेश्वर



जमशेदपुर। साहित्य समिति, तुलसी भवन के प्रत्येक महीने होने वाले मासिक बैठक के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण कार्यों के अलावे तुलसी भवन के पूर्व मानद महासचिव डॉ नर्मदेश्वर पांडेय की तीसरी पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गयी। सदस्यों ने उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की। फिर सबने उनसे जुड़ी अपनी यादें साझा की। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के मानद महासचिव सह साहित्य समिति के अध्यक्ष डॉ प्रसेनजीत तिवारी तथा संचालन साहित्य समिति के सचिव डॉ अजय कुमार ओझा ने किया। बैठक में डॉ रागिनी भूषण, डॉ यमुना तिवारी 'व्यथित', डॉ वीणा पाण्डेय भारती, नीलिमा पांडेय, निवेदिता श्रीवास्तव, उपासना सिन्हा, नीता सागर चौधरी, दिव्येंदु त्रिपाठी, शकुंतला शर्मा, वसंत जमशेदपुरी, अशोक पाठक 'स्नेही', कैलाश नाथ शर्मा 'गाजीपुरी', राजेंद्र साह 'राज', अरुणा भूषण शास्त्री एवं पूनम महानंद उपस्थित रहे।

### श्रीनाथ विवि बना आइआइआरएस-इसरो का नोडल केंद्र



जमशेदपुर। श्रीनाथ विश्वविद्यालय को भारतीय रिमोट सेंसिंग संस्थान (आईआईआरएस)-भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आउटरीच कार्यक्रमों के लिए नोडल केंद्र के रूप में नियुक्त किया है। यह साझेदारी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। रिमोट सेंसिंग और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी शिक्षा आईआईआरएस-इसरो के साथ सहयोग, श्रीनाथ विश्वविद्यालय में छात्रों और सहायक प्राध्यापको लिए इस क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पहल में शामिल होने के कई अवसर लाएगा। कुमार शुभम एवं कमलिका दास को कार्यक्रम का समन्वयक एवं सह समन्वयक नियुक्त किया गया है। कुलाधिपति श्री सुखदेव महतो ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग को हार्दिक बधाई दी। प्रो (डॉ) एसएन सिंह श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति ने भी इस साझेदारी के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, हमें आईआईआरएस-इसरो द्वारा आउटरीच कार्यक्रमों के लिए नोडल केंद्र के रूप में चुने जाने पर खुशी है। यह सहयोग अंतर्विषयक शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए हमारे विश्वविद्यालय के दृष्टिकोण के अनुरूप है। उभरती प्रौद्योगिकियों में यह हमारे छात्रों के लिए व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने और अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी की प्रगति में योगदान करने के रास्ते खोलेगा।

## टाटा मोटर्स कैंटीन में आरोग्य मेनू आरंभ

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। शुक्रवार को टाटा मोटर्स कंपनी में मजदूरों को एवं प्रबंधन के लोगों के लिए जो कैंटीन सुविधा है। उसमें मूलभूत परिवर्तन किया गया है। फाइनल डिवीजन के कैंटीन को पहले केवल आहार मेनू था। आज से आरोग्य मेनू भी आरंभ किया गया है। आरोग्यं में खाने की गुणवत्ता को वैसे लोगों के मापदंड के आधार पर बनाया गया है जिन्हें तेल मसाला कम करने की हिदायत डॉक्टर द्वारा दी गई है या फिर कोई जो अन्य बीमारी से ग्रसित लोग हैं। जिन्हें सादा भोजन चाहिए उनके लिए सहूलियत प्रदान होगा। वही कैंटीन में महिलाओं की सेवा को देखते हुए उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए जनरल ऑफिस के पैंट्री एवं सीटर के पैंट्री को पिंक पैंटी घोषित किया गया है। इसमें आप पूरा प्रबंध महिलाओं के द्वारा किया जाएगा। तीनों कार्यक्रम में उद्घाटन कर्ता के तौर पर एचआर हेड मोहन घंट आई आर हेड सौमिक राय, मनीष वर्मा टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह महामंत्री श्री आरके सिंह एवं सभी ऑफिस वेयर एवं वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कोई कसर न छोड़ें, चुनाव की तैयारी में जुट जायें सभी भाजपा कार्यकर्ता : सुधांशु ओझा

- चुनाव की तैयारियों और सांगठनिक चर्चा पर कई मंडलों में भाजपा ने की मैराथन बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। देश में लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही भाजपा ने कमर कस ली है। लोकसभा चुनाव में विजयी लक्ष्य को साधने के लिए भाजपा जमशेदपुर महानगर के कार्यकर्ता भी पूरी तरह से चुनावी मोड में आ गए हैं। जहां जमशेदपुर महानगर के विभिन्न मंडलों में भाजपा संगठनात्मक बैठक के जरिये कार्यकताओं में जोश भर रही है। इसी क्रम में, जमशेदपुर महानगर अंतर्गत कमलपुर, बोड़ाम एवं एमजीएम मंडल में आगामी लोकसभा चुनाव में कार्यकताओं की भूमिका और बूथ संरचनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा एवं विभिन्न कार्यक्रमों के संदर्भ में अलग-अलग बैठक सम्पन्न हुई। उपरोक्त बैठक में भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा मुख्यरूप से शामिल हुए। बैठक में कमलपुर मंडल अध्यक्ष प्रधान महतो, बोड़ाम मंडल अध्यक्ष शांतनु मुखर्जी एवं एमजीएम मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह मुंडा समेत शक्ति केंद्र के प्रमुख एवं मंडल अंतर्गत विभिन्न बूथों के अध्यक्षगण शामिल हुए।



एक बैठक को संबोधित करते महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा।

## लोयोला स्कूल चर्च और बेल्डीह चर्च में मना गुड फ्राइडे

- विश्वासियों ने रखा उपवास, की क्रूस आराधना

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। लोयोला स्कूल चर्च और बेल्डीह चर्च में शुक्रवार को गुड फ्राइडे बड़े ही श्रद्धा के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया। बेल्डीह चर्च में पास्टर मनोज चरण ने सदस्य मसीही समुदाय के बीच प्रवचन दिये। दूसरी ओर, लोयोला स्कूल, नार्दर्न टाउन में खुले मैदान में प्रभु यीशु मसीह के 14 क्रूस मार्ग की आराधना हुई। प्रत्येक मार्ग का विस्तार से उल्लेख किया गया। इसके उपरांत सभी रोमन कैथोलिक विश्वासी चर्च में गए और तकरीबन 2 घंटे तक क्रम की उपासना हुई और उसके बाद मिसा बलिदान किया गया। रेक्टर फादर केएम जोसेफ, प्रोविंशियल फादर जेरोम कुटीनो, फादर पास्कल धनवार, फादर चार्ल्स परेरा, फादर जोसेफ एंथोनी आदि ने गुड फ्राइडे के महत्व को सामने रखा। बताया कि प्रभु यीशु मसीह ने समस्त मानव जाति की रक्षा के लिए खुद को क्रूस पर बलिदान दे दिया। ऐसे में हमें उनके बलिदान को याद रखना है। परमपिता परमेश्वर के पुत्र यीशु ने जो दुख भोगा था, उसे हमें महसूस करना है और अपने आप को क्रूस के लिए और सत्य मार्ग के लिए समर्पित कर देना है।





लोयला स्कूल में जुटे मसीही और बेल्डीह चर्च में मसीही समुदाय को संबोधित करते पास्टर मनोज चरण।

## हिंदू नववर्ष पर जुलूस निकालने की अनुमति न दे प्रशासन : बाबर खान

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। ऑल इंडिया माइनोरिटी सोशल वेलफेयर फ्रंट के केंद्रीय महासचिव सह झामुमो नेता बाबर खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि जमशेदपुर पुलिस को ये सूचना मिल चुकी होगी के हिंदू नव वर्ष का जुलुस पहली बार मानगो गांधी मैदान से निकलेगा जिस की तयारी कुछ गिने चुने चिन्हित लोग कर रहे हैं। बाबर खान ने कहा समय रहते इस पर गंभीरता से ज़िला प्रशासन को विचार कर किसी भी हाल में मानगो गांधी मैदान से जुलुस निकलने की अनुमति नहीं दे क्योंकि मानगो में एक खास समुदाय के लोग रहते हैं। इस को ध्यान में रखा जाए। जुलुस निकलने वाले को चिन्हित करें कि यह कौन लोग हैं जो पहली बार मानगो गांधी मैदान से जुलुस निकलना चाहते हैं। इन की नियत किया है? ज़िला प्रशासन किस भी सुरत में इस की अनुमति न दे। वरना विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

# टाटा वर्कर्स यूनियन की कमेटी मीटिंग में हंगामा

- हंगामे के बीच एकाउंट पारित

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। टाटा वर्कर्स यूनियन की कमेटी मीटिंग में आज अकाउंट को लेकर लंबे अरसे बाद हंगामा देखने को मिला। कमेटी मीटिंग के दौरान अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी (टुन्नु) और उनकी टीम के क्रियाकलापों पर कई कमेटी मेंबरों ने सवाल उठाए( यद्यपि विरोध के बाद अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने अकाउंट को पारित करने की घोषणा कर दी।

पूर्व निर्धारित समय के अनुसार कमिटी मीटिंग यूनियन अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में शुरू हुई। सबसे पहले दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद अकाउंट को लेकर कोषाध्यक्ष आमोद दुबे ने रिपोर्ट पेश किया। इस अकाउंट के दौरान ही कमेटी मेंबर ओमप्रकाश शर्मा उर्फ बमबम में अकाउंट में एक संदिग्ध रिपोर्ट को पकड़ लिया और उनके साथ पूर्व सहायक सचिव सरोज सिंह ने भी दिया। अकाउंट्स विभाग की कमेटी मेंबर ओम प्रकाश शर्मा और टीम डिवीजन के कमेटी मेंबर सरोज कुमार सिंह ने सदन में कहा कि दिसंबर छुट्टियों का महीना होता है। इस दौरान यूनियन के द्वारा पूरी में दो रूम की बुकिंग होती है। उसके बारे में लगभग हर सदस्यों और सेवानिवृत कर्मचारियों द्वारा जब भी बुक करने का प्रयास किया गया तो वहां के स्टाफ रजत महंता द्वारा बराबर नो रूम की बात बताई गई। इसके कारण कोई भी सेवा निवृत कर्मचारी या सदस्य दिसंबर माह के लिए इसकी बुकिंग नहीं करवा पाया।



कमेटी मीटिंग को संबोधित करते अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी।

## स्पीड न्यूज

### हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज बीएन कॉलेज के समीप दो लोगों को संदिग्ध अवस्था में हिरासत में लिया गया। जिसे तलाशी के दौरान 5 .65 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हेरोइन बरामद किया गया। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विधि व्यवस्था तथा अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच गुप्त सूचना के आधार पर बीएन कॉलेज मैदान के समीप गश्ती दल ने जांच की। उस दौरान पुलिस को देख दो व्यक्ति भागने लगे। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। दोनों के पास से अवैध मादक पदार्थ हेरोइन बरामद किया गया। इसमें रोहित रंजन पिता रामविलास राम अघोर आश्रम हरिजन कॉलोनी व दूसरा आलोक कुमार गुप्ता पिता अजय प्रसाद गुप्ता ग्राम सोनपुरवा रामबांध तालाब जिला गढ़वा को गिरफ्तार किया गया।

### मोबाइल नंबर मांगने पर खाना पड़ा चप्पल



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर में गुरुवार को अंबेडकर चौक मुख्य बाजार में नजारा देखने को मिला। देखते ही देखते महिला उस भीड़ की शेरनी साबित हुई। मामला यह है अंबेडकर चौक थाना रोड से एक महिला बाजार में अपनी जरूरत की सामग्री खरीदने जा रही थी। तभी एक मनचले युवक ने महिला का पीछा करने लगा, रास्ते में चलते समय बाजार में कई जगहों पर मनचले युवक ने इशारा करते हुए अपनी बातों की ध्यानाकर्षण कराया परंतु महिला ने अनदेखा करती गयी फिर उक्त मनचले की मनोबल और बढ़ा और वह उससे मोबाइल नंबर मांगने पर उतारू हो गया।

### पूर्व सांसद जोरावर राम की जयंती मनी



**मेदिनीनगर।** भट्ठी मुहल्ला स्थित आवास पर पूर्व सांसद स्व जोरावर राम की जयंती मनायी गयी। मौके पर पूर्व सांसद के पुत्र झारखंड जन क्रांति मोर्चा (जोरावर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान ने अपने निजी आवास कार्यालय में स्वर्गीय जोरावर राम पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री बिहार सरकार के जन्मोत्सव के अवसर पर फूलमाला पहनाकर अपने कई साथियों के साथ भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने कहा कि मेरे पिता ने पलामू में जब 92 में सांसद थे तो ढाई साल के कार्यकाल में ही उन्होंने पलामू प्रमंडल के लिए चहुंमुखी विकास का एक ग्राफ खींचा था, जो आज भी पलामू की धरती के पटल पर लाइव दिखाता है। उन्होंने सैकड़ों ऐसे काम किये सिंचाई, रोजगार से संबंधित खनन कई ऐसे कार्य किया जो आज भी पलामू के आम नागरिक सराहना करते हैं। विशिष्ट अतिथि ललन वर्मा ने कहा कि स्व जोरावर राम पलामू प्रमंडल के लिए ही हमेशा सोचा करते थे और गरीबों का साथ पुरजोर देते थे। उन्होंने अपने संसदीय कार्यकाल में सर्वांगीण विकास पलामू के लिए किया। मौके पर विकास कुमार, रिंकू पासवान, उदय सिंह, दिनेश सिंह, राजू कुमार समेत कई लोगों ने पूर्व विधायक को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

### एमएसए स्कूल का फाइनल रिजल्ट घोषित, 300 मेधावी छात्र हुए पुरस्कृत



**मेदिनीनगर।** शफीक एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित एमएसए पब्लिक स्कूल का आज फाइनल परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। रिजल्ट घोषित करने से पहले सभी पैरेंट्स और शिक्षक के बीच बैठक की गयी। इसके बाद बच्चों की विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करवाया गया। इसके बाद वार्षिक परीक्षा परिणाम प्रकाशित किया गया। जिसमें हर क्लास से टॉप 10 छात्र-छात्राओं के साथ गुड हैंडराइटिंग, अधिक उपस्थिति, विज्ञान प्रदर्शनी और वार्षिकोत्सव में अनेक प्रस्तुति देने वाले के साथ साथ कई अन्य प्रतियोगिताओं में बेहतर परफॉर्मेंस देने वाले विद्यार्थियों को एकेडमिक अवार्ड ट्राफी, सर्टिफिकेट एवं मैडल देकर 300 विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों के साथ पुरस्कृत किया गया। स्कूल के संस्थापक सह अध्यक्ष मो शफीक अंसारी ने कहा कि मेरा उद्देश्य छात्र-छात्राओं को कम फीस में बेहतर शिक्षा देकर आत्मनिर्भर बनाना है। मौके पर स्कूल के सचिव सह उप प्राचार्य अफजल शफीक, प्राचार्य सुनिता प्रसाद, प्रो सौरभ सिंह, सुग्रीम मेहता, विनोद बैठा, लालजी यादव, मंजीत यादव, पुष्पा देवी, मिहिर दास, असफाक आलम, रागिनी त्रिपाठी, करमदेव उरांव, नागेंद्र पासवान, परशुराम मांझी, देवेंद्र भारती, सफीना खातून, आर्यन दुबे थे।

### महावीर नवयुवक दल जेनरल का चुनाव विवाद में फंसा



**मेदिनीनगर।** रामनवमी पूजा को शांतिपूर्वक सफल संचालन के लिए वर्षों से महावीर नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष पद का चुनाव विभिन्न पूजा कमिटी के द्वारा संरक्षक के नेतृत्व में कराया जाता रहा है। वर्ष 2024 के कमिटी के लिए चुनाव शिवाला घाट मंदिर परिसर में कराया गया। जिसमें विभिन्न पूजा समिति के लोग एवं अखाड़ाधारी लोग पहुंचे थे। जिसमें संरक्षक गणेश गिरी ने जेनरल के अध्यक्ष पद के लिए दुर्गा जौहरी के नाम का प्रस्ताव दिया। जिस पर मौजूद लोगों ने सहमति व्यक्त करते हुए दुर्गा जौहरी को फूल माला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इसी बीच कुछ पूजा समिति एवं श्रीराम सेना के पंकज जायसवाल ने विरोध जताया। विवाद इतनी बढ़ गयी कि कुछ पूजा समिति के लोगों ने पंकज जायसवाल को जेनरल का अध्यक्ष चयन किया।

# पलामू सांसद व स्थानीय विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**लोकसभा चुनाव**

- अनुभवी कार्यकताओं के बदौलत हीं पार्टी जीतती रही है चुनाव : बीडी राम
- सांसद के द्वारा क्षेत्र में किया गया है अभूतपूर्व कार्य : रामचंद्र चंद्रवंशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर शुक्रवार को विश्रामपुर आरसीआईटी सभागार विश्रामपुर नगर व ग्रामीण मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता विश्रामपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी व संचालन नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने की।



**खास बातें :** बैठक में सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पलामू जिले में भाजपा संगठन काफी मजबूत है। यहां के सभी कार्यकर्ता अनुभवी हैं। पलामू के कार्यकर्ता बूथ पर कड़ी मेहनत करते हैं, जिससे पार्टी बूथ जीतने के साथ-साथ चुनाव भी जीतती है। श्री राम ने कहा कि प्रभावकारी सरकार को दो तिहाई बहुमत की जरूरत है ताकि देश हित में कोई भी निर्णय लिया जा सके। यह सब पूर्ण बहुमत के बाद हीं संभव है। भाजपा लक्ष्य बनाकर देश हित के लिए कार्य कर रही है। पिछले चुनाव में बूथ वार प्राप्त मतों की समीक्षा की गयी। कम मत प्रतिशत वाले बूथों की जानकारी देते हैं विशेष रुप से कार्य करने की जरूरत बताई। साथ हीं मतदान के लिए माहौल बनाने की बात कही, तैयार माहौल जीत की दरवाजे स्वयं खोल देंगे। वहीं अधिक से अधिक मतदान कमल फूल छाप में कराने की बात कही। स्थानीय विधायक सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि क्षेत्र का अभुतपूर्व विकास कार्य सांसद विष्णु दयाल राम के द्वारा किया गया है। कोयल नदी व सोन नदी पर पुल का निर्माण, फोरलेन का निर्माण, रेलवे अंडरब्रिज का निर्माण, सिंचाई के क्षेत्र में सोन व कनहर के पानी खेतों में पहुंचाने की योजना सहित कई जनोपयोगी कार्य किया गया है।

# डीसी के निर्देश पर डीएमओ ने किया नौडीहा क्षेत्र के माइंस का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार पलामू।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर शुक्रवार को जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार नौडीहा पहुंचे व यहां संचालित माइंनिस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डीएमओ श्री कुमार ने माइंनिस में हो रहे खनन कार्य एवं स्टोक का निरीक्षण किया एवं स्पष्ट रूप से माइंनिग संचालको को सरकार द्वारा बनाये गये नियमानुसार खनन कार्य करने को लेकर निर्देशित किया। साथ ही क्षमता से अधिक माइंनिग नहीं करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी माइंस संचालकों को ससयम राजस्व जमा करवाने की बात की। उन्होंने सभी माइंस संचालको को नियम विरूद्ध कार्य नहीं करने को लेकर निर्देशित किया एवं ऐसा करने पर नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी।

**इन माइंस का किया गया निरीक्षण**



डीएमओ आनंद कुमार शुक्रवार को नौडीहा में यूपीएस स्टोन एंड चिप्स, संचालक अनुप कुमार एवं पार्टनर, यूपीएस स्टोन, चिप्स, संचालक यूके सिंह एवं पार्टनर, यूपीएस स्टोन चिप्स, संचालक प्रदीप सिंह एडं पार्टनर, नावाडीह स्टोन माइंनिस, संचालक विश्वनाथ प्रसाद, जय मां शेरवाली स्टोन चिप्स, डीगले माइंनिग सर्विस प्राइवेट लिमिटेड एवं संजय कुमार सिंह माइंनिग का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# रामगढ़ में एकनाली बंदूक के साथ एक गिरफ्तार, जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**




गिरफ्तार आरोपी को मीडिया के समक्ष प्रस्तुत करते पदाधिकारी और बरामद बंदूक।

**रामगढ़ पलामू।** थाना क्षेत्र के चुनगा बांसडीह जंगल से एक व्यक्ति को अवैध एकनाली बंदूक के साथ गिरफ्तार किया गया। रामगढ़ थाना प्रभारी नीलेश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक की गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम गठन कर ग्राम चुनगा बांसडीह के जंगल में छापेमारी की गयी।

उस दौरान पुलिस को देखकर खिरौद परहिया पिता रामजीत परहिया ग्राम मारगड़ा भागने लगा। जिसे दौड़ाकर पकड़ा गया। उसके पास से एक दो नाली बंदूक बरामद किया गया। बंदूक से संबंधित कागजात मांगने पर वह नहीं दिया। बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त थी कि एक व्यक्ति बांसडीह के जंगल में हथियार लेकर कहीं जा रहा है। इसपर त्वरित कार्रवाई की गयी। साथ ही बंदूक को जब्त कर खिरौद परहिया को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया। खिरौद परहिया हथियार कहां से लेकर आ रहा था और कहां जा रहा था इसकी जांच की जा रही है। छापेमारी दल में पुअनि संतोष गिरी, आरक्षी सुनील यादव, रामप्रताप कुमार, अशोक कुमार पासवान, पिंटू कुमार शामिल थे।

**महुगाईं दुर्गा ऑफिस में मना शहीद नीलांबर पीतांबर का 165वां शहादत दिवस**

# देश की आजादी के नायक थे नीलांबर पीतांबरः अरबिंद सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बिश्रामपुर पलामू।** खरवार आदिवासी एकता संघ एवं खरवार लोक सेवा संघ पलामू के तत्वावधान में नावाबजार के महुगाई के दुर्गा ऑफिस प्रांगण में स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद नीलांबर-पीतांबर का 165वां शहादत दिवस मनाया गया। सबसे पहले शहीद नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा पर उपस्थित अतिथियों ने माल्यार्पण किया। माल्यार्पण के बाद सभी अतिथियों ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि खरवार आदिवासी एकता संघ झारखंड के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह और उनकी पत्नी अल्का सिंह और विशिष्ट अतिथि केंद्रीय उप सचिव अखिलेश सिंह खरवार विशेष रूप से उपस्थित थे। श्री अरबिंद ने कहा कि नीलांबर-पीतांबर ने देश की आजादी के लिए जो बलिदान दिया है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। शहीद नीलांबर पीतांबर देश के आजादी के महानायक थे। इन्होंने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिये थे। श्री सिंह ने कहा कि दोनों वीर भाइयों ने शोषण के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंका। इसके बाद देश की आजादी के लिए अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि सन 1857 के सिपाही विद्रोह काल में अंग्रेजों के विरुद्ध पीपुल्स वॉर सैन्य संगठन बनाकर दोनों भाइयों ने गुरिल्ला युद्ध किया था।

### सो रहे व्यक्ति को अपराधी ने मारी गोली, मौत

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के भरैया टोला निवासी कईलू साव की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया। उनकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। यह घटना बीती रात को घटी। जब कईलू अपने घर में सो रहा था उस समय रात करीब 10 बजे अपराधियों ने कईलू के मुंह पर गोली मार फरार हो गये। गोली की आवाज सुन परिजन जब पहुंचे तो देखा कि कईलू खून से लथपथ होकर गिरा पड़ा है। जिसे पांकी स्वास्थ्य केद्र में प्रारंभिक इलाज कराकर मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया गया। जिसे बेहतर ईलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया। घटना की जांच में पुलिस जुट गयी है।

## बूथ स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन जल्द करायें : मोहन विश्वकर्मा

- पलामू में राजद की जिलास्तरीय बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राजद का जिला स्तरीय बैठक बाइपास रोड स्थित जिला कार्यालय में आयोजित किया गया। बैठक में पलामू जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष शामिल थे। जिन्होंने अपने अपने प्रखंड के सभी बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की सूची समर्पित किया। प्रखंड अध्यक्षें ने प्रखंड के सभी बूथों पर कार्यकर्ता का चयन करते हुए सूर्चि समर्पित कर कहा कि सभी प्रखंडों के बूथों पर कार्यकर्ताओं का चयन कर लिया गया है। इस बार लोकसभा चुनाव में राजद पूरी मजबूती के साथ कार्यकर्ताओं के बल पर चुनाव लड़ेगी। साथ ही शत प्रतिशत मतदान पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में कराने के लिए बूथ स्तरीय कार्यकर्ता समर्पित भाव से लगेंगे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने कहा कि पलामू जिला का कोई भी बूथ कार्यकर्ता विहिन न रहे इसके लिए हम सबों को मिलकर प्रयास करना है।

## मनातू थाना क्षेत्र के मिटार से डोडा व अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

- पुलिस ने मोटरसाइकिल, मोबाइल व तराजू किया बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मनातू पलामू।** मनातू पुलिस ने गुप्त सूचना पर ग्राम अप्ट्टी मिटार से अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। लेस्लीगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार झा व मनातू थाना प्रभारी पुअनि निर्मल उरांव ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 28 मार्च को गुप्त सूचना मिली थी कि मनातू थाना अंतर्गत ग्राम अप्ट्टी मिटार के जंगल में डोडा सुखाया हुआ है। वहां कुछ व्यापारी अफीम व डोडा खरीदने हेतू आनेवाले हैं। इस सूचना के आलोक में मनातू थाना में सनहा दर्ज करते हुए पुलिस अधीक्षक को जानकारी दी गयी। एसपी के निर्देश पर लेस्लीगंज एसडीपीओ मनोज कुमार झा के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। सूचना के सत्यापन व छापेमारी के लिए पुलिस टीम भारतोलक यंत्र एवं डीडी किट के साथ मिटार पिकेट पहुंचे। वहां से सअनि वाहिद खान, परमानंद यादव, अहमद रजा को भी छापेमारी दल में शामिल किया गया।

### डीएवी में झारखंड जोन आई के शिक्षकों की तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ शुभारंभ



**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में डीएवी सीएई के तत्वाधान में त्रिदिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 29 मार्च से प्रारंभ होकर 31 मार्च को समाप्त होगा। इस कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के अंतर्गत 6 जिलों के कुल आठ विद्यालयों के शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, लातेहार गढ़वा, भवनाथपुर एवं मेदिनी नगर के शिक्षक भाग लेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी की परंपरा अनुसार अतिथियों को वेद मंत्रोच्चार के साथ तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं समस्त विद्यालयों के आगंतुक प्राचार्यों ने गायत्री मंत्र कर के साथ दीप प्रज्वलित किया। डीएवी गान का समूह गायन भी हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर के सम्मानित व्यवसायी एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के स्थानीय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष सह भूमि प्रदाता सतवीर सिंह राजा थे। कहा कि विद्यादान सर्वोत्तम दान है। आप सभी इस पुनीत कार्य में लगे हैं, किंतु आज बदलते समय के साथ अनेक चुनौतियां भी खड़ी हैं जिन्हें पार करने हेतु इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के प्राचार्य डॉक्टर जीएन खान ने आगंतुक अतिथियों एवं प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत किया।

## रमजान : तीसरे जुमे पर मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भारी भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** रमजान उल मुबारक के तीसरे जुमे पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए रोजेदारों की भीड़ उमड़ी। शहर के जामा मस्जिद, इस्लामगंज, चिक टोली, जपला चौबे, मोहम्मदाबाद के अलावा देवरी, दंगवार, बेलबिघा, ऊपरी, काकोरिया, बुधुवा समेत कई ग्रामीण क्षेत्रों के मस्जिदों में नमाज अदा की, नमाज अदा करने के बाद लोगों ने लोगों ने खुदा पाक से दुनिया में अमन चैन वा हिंदुस्तान की तरक्की खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के पूर्व सभी मस्जिदों के इमाम ने रोजा और इसकी फजीलत के साथ लोगों को जकात और फितरा के संबंध में लोगों को विस्तार से बताया। कहा कि जो साहब ए निशाब हैं उन्हें चाहिए की समय रहते जकात और फितरा की रकम निकालकर जरूरतमंदों को दे दें।

### श्रीरामनवमी पूजा समिति की बैठक कल

**पांडू पलामू।** श्रीराम जानकी विवाह मंडप सीता राम नगर मेन रोड कजरू कला के सभागार में श्रीरामनवमी पूजा महासमिति की बैठक 31 मार्च को 11 बजे से होगी। पूजा समिति के अध्यक्ष धर्मदेव सिंह याढव व सचिव जवाहर पासवान ने बताया कि नौ अप्रैल को 24 घंटे का अखंड कीर्तन व 18 को श्रीरामनवमी धूमधाम से मनाने पर विमर्श बना।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत क्रिकेट मैच आज से

**मेदिनीनगर।** जिले में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन में अधिकाधिक मतदान करवाने व इस कार्य हेतु दूसरे मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत शनिवार और रविवार को शाम 5 बजे से रात के 10 बजे तक पुलिसलाइन मैदान में क्रिकेट मैच होना है।

## देसी कट्टा और गोली के साथ दो लोग गिरफ्तार

**मनीष दुबे**



**पाटन पलामू।** पाटन पुलिस ने गुप्त सूचना पर देसी कट्टा व जिंदा गोली के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पाटन थाना के पुलिस अवर निरीक्षक शैलभ कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से ग्राम सहदेवा के तरफ हथियार के साथ घूम रहे हैं। सूचना का सनहा दर्ज कर इसकी जानकारी वरीय पदाधिकारी को दी गयी। एसपी के निर्देश पर छापामारी टीम का गठन किया गया। पुअनि शैलभ कुमार सशस्त्र बल के साथ ग्राम सहदेवा चौक के पास चेकिंग लगाया। कुछ देर बाद सहदेवा-लेस्लीगंज मुर्ख्य मार्ग की तरफ से एक अपाची मोटरसाइकिल से दो लोग आये। पुलिस ने दोनों को रोका तभी दोनों व्यक्ति वाहन छोड़कर भागने लगे। छापेमारी दल ने दोनों को दौड़ाकर पकड़ लिया।

# अविश्वास प्रस्ताव खारिज, चैनपुर प्रमुख गायत्री देवी की कुर्सी बरकरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के सभी 19 पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी को प्रमुख पद से हटाने के लिए 14 मार्च दिन गुरुवार को अविश्वास प्रस्ताव पारित किया था। जिसका पुनः वोटिंग मतदान तिथि 29 मार्च दिन शुक्रवार को 11 बजे वोटिंग मतदान का समय निर्धारित अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी ने दिया था, लेकिन प्रखंड कार्यालय के सभागार में एक भी पंचायत समिति सदस्य वोटिंग मतदान के लिए उपस्थित नहीं हुए तो एसडीओ अनुराग तिवारी ने अविश्वास प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि पूर्व प्रमुख ही वर्तमान प्रमुख गायत्री देवी रह गयी। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत समिति सदस्यों को समय से अधिक पांच मिनट का समय उपस्थिति दर्ज करने के लिए दिया गया था लेकिन पंचायत समिति सदस्य समय पर एक भी अपना उपस्थिति दर्ज नहीं कराये जिसके कारण अविश्वास प्रस्ताव को खारिज किया गया। इधर प्रखंड प्रमुख का लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया और पुनः प्रमुख बनने पर बधाई दी। प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि हमको सभी पंचायत समिति सदस्य गणों पर भरोसा था कि हमारा सभी सदस्य सहयोग जरूर करेंगे और उन्होंने कहा कि सभी सदस्य को हम हमेशा साथ लेकर चले हैं और हमेशा साथ लेकर चलेंगे। मौके पर प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी, अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, बीडीओ नितेश भास्कर, जेपीएस राधे श्याम राम, प्रखंड समन्वयक अमित चौबे वोटिंग मतदान में शामिल थे।

**भाजपा प्रत्याशी कालीचरण के पक्ष में कार्यकर्ताओं की बैठक**

# भाजपा प्रत्याशी को जिताने का निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक कर जीत की रणनीति बनाते भाजपा कार्यकर्ता।

**सतबरवा पलामू।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में पूर्व जिप सदस्य चिंता देवी के आवास पर शुक्रवार को क्षेत्र के मुख्य कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से चतरा लोस भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने तथा भाजपा के 400 के आंकड़े पार करने का निर्णय लिया गया। मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो ने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी को भारी मतों से जितना है ताकि क्षेत्र का तेजी गति से विकास हो सके। उन्होंने कहा कि भाजपा एकता, अखंडता और राष्ट्रवाद की नीति पर चलती है। आज पूरे विश्व में पीएम मोदी एवं उनके मंत्रिमंडल में शामिल सदस्यों का सिक्का चल रहा है। उन्होंने कहा कि कालीचरण सिंह सौम्य स्वभाव तथा जन-जन के प्रिय नेता हैं। वह शिक्षक पद से त्यागपत्र देकर राजनीति की शुरूआत की थी।किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के अलावे पलामू लोकसभा के प्रभारी बनाए गए हैं। मौके पर पलामू सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, धीरज कुमार, विकास पाठक, गुड्डू सिंह, मुकेश कुमार संतोष सिंह विकास तिवारी, राजेश प्रसाद, शिवप्रसाद, संदीप कुमार, सौरभ कुमार, पूर्व जिला परिषद चिंता देवी ने अपने विचारों को रखा। मौके पर किशुन साव, बेचन मुंडा, रूपा देवी, दामोदर मेहता, राजेंद्र ठाकुर, गुड्डू पाठक, धनंजय पांडेय, दशरथ यादव, अरुण प्रसाद, डॉ रविंद्र सिंह, मनोज सिंह, चरकु तुरी, शैलेश सिंह, शिव सिंह, टीभू यादव ,मंटू कुमार, विनय

## स्पीड न्यूज

### एसपी ने किया विद्यालयों का निरीक्षण


निरीक्षण करते एसपी।

**गढ़वा।** पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय एवं सीआरपीएफ 172 बटालियन के समादेष्टा ने रमकंडा एवं भंडरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नक्सल प्रभावित सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीआरपीएफ के जवानों के आवासन के लिए मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर एसपी ने रमकंडा तथा भंडरिया थाना प्रभारी को मूलभूत सुविधाओं को ससमय उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। साथ ही इन क्षेत्रों में निवास कर रहे लोगों से बातचीत कर निर्भीक हो कर मतदान करने का आग्रह किया।

### अवैध हथियार देसी कट्टा के साथ दो गिरफ्तार



**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मुरपा पिकेट अंतर्गत सीरम ग्राम से अवैध हथियार देशी कट्टा के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने बताया कि गुरुवार की देर रात सूचना प्राप्त हुई की कुछ लोग सीरम ग्राम में हथियार के साथ घूम रहे हैं सूचना के बाद एस०आई होसेन डांग के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अवैध हथियार लोडेड देशी कट्टा के साथ दो लोगों को पकड़ा गया। जिसमें आनंद मुंडा 20 वर्ष पिता कैला मुंडा ग्राम सिरम थाना बालूमाथ निवासी, राहुल गंझु 19 वर्ष पिता नारायण गंझु ग्राम बरवाटोली भीगिया थाना बालूमाथ निवासी शामिल है। जिसके बाद बालूमाथ थाना में कांड संख्या 39/24 धारा 25(1-बी)/ए 26, 35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों को मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया।

### मोटरसाइकिल से अवैध कोयला का परिवहन करते चार धराये

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मोटरसाइकिल से अवैध कोयला का परिवहन कर रहे चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने बताया की सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ लोग मोटरसाइकिल से अवैध कोयला का परिवहन कर रहे हैं। सूचना के बाद अमरवाड़ीह पिकेट प्रभारी पवन कुमार द्वारा अवैध कोयला लदे चार मोटरसाइकिल को मगध कोलवारी के 32 नंबर कांटा के पास पकड़ा गया। जिसमे धीरेंद्र यादव 27 वर्ष पिता जगेश्वर यादव, देवलाल यादव 33 वर्ष पिता रामधनी यादव दोनों ग्राम ओकिया थाना बालूमाथ निवासी एवं चेतलाल यादव 26 वर्ष पिता बीरबल यादव ग्राम जीपुआ थाना बालूमाथ निवासी, सुनील साव पिता राजू साव ग्राम मुरपा थाना बालूमाथ निवासी शामिल है। जिसके बाद बालूमाथ थाना में कांड संख्या 40/24 धारा 379, 414 आईपीसी 30 कोल माइन्स एक्ट, 21 एमएमडीआर एक्ट, 13 जे०एम रूल्स 2017 के तहत मामला दर्ज करते हुए सभी गिरफ्तार लोगों को लातेहार जेल भेज दिया गया। वही छापामारी दल में टिकट प्रभारी एवं पवन कुमार एवं आईआरबी 4 के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### दरभंगा : गुड फ्राइडे पर ईसाई धर्मावलम्बियों ने निकाली क्रूस यात्रा

**दरभंगा।** गुड फ्राइडे को लेकर दरभंगा के कैथोलिक समुदाय के ईसाइयों ने शुक्रवार को स्थानीय होली क्रॉस स्कूल के प्रांगण से दोनार रोड स्थित होली रोसरी कैथोलिक चर्च तक चौदह (14) मुकाम (स्थानों) की क्रूस यात्रा निकाली। क्रूस यात्रा में बड़ी संख्या में ईसाई धर्मावलंबी लोगों ने भाग लिया। इस यात्रा के पूर्व ईसाइयों ने प्रभु यीशु मसीह की कुबार्नी और बलिदान की चर्चा करते हुए प्रेम, सत्य, शांति, भाईचारे और विश्वास के मार्ग पर चलने का प्रण लिया। गुड फ्राइडे की क्रूस यात्रा को लेकर पूरे ईसाई समाज के लोग शोक में डूब गए।

### मोतिहारी में सनकी साधु ने युवक की पीट-पीटकर की हत्या

**पूर्वी चंपारण।** जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर में सनकी साधु ने एक युवक की लाठी-डंडे से पीट पीटकर जान ले ली। युवक की हत्या करने के बाद साधु प्रभाकर पांडेय भागने की जुगत में था। इसी बीच पुलिस ने उसे दबोच लिया। हत्या की घटना मोतिहारी नगर व मुफसिल थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित नरसिंह बाबा आश्रम मठ के समीप की है। मृतक रघुनाथपुर ओपी थाना क्षेत्र निवासी राहुल कुमार है। मृतक राहुल मूलतः कल्याणपुर का रहने वाला है। उसकी मां तुरकौलिया में नर्स का काम करती है। लोगो ने बताया कि राहुल हर रोज मठ में आता था लेकिन शुक्रवार को वह जैसे ही मठ में पहुंचा। आरोपी साधु उसे ताबडतोड़ लाठी डंडा से पीटने लगा। स्थानीय लोग जब तक बीचबचाव करते तब तक राहुल के नाजुक अंगो पर लगी चोट के कारण उसने दम तोड़ चुका था।

# प्रखंड प्रमुख ने विधायक के आरोप को बताया निराधार

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रेस कॉन्फ्रेंस करते सतेन्द्र कुमार पांडेय।

**कांडी।** प्रखण्ड प्रमुख सह प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय ने शुक्रवार को अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी द्वारा उनके ऊपर लगाए गए आरोप को निराधार बताया। श्री पांडेय ने कहा कि विधायक द्वारा मेरे विरुद्ध भ्रष्टाचार में लिप्त होने का पत्र डीडीसी को दिया जाना हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि विधायक स्वयं भ्रष्टाचार में लिप्त रहते हुए दूसरे के विरुद्ध पत्र लिख रहे हैं। विधायक द्वारा विधायक मद की राशि अपने निजी संस्थान में खर्च की जा रही है और मेरे ऊपर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का झूठा आरोप लगाया जा रहा है। प्रमुख ने कहा कि विधायक द्वारा चुनाव के समय से ही मेरे विरुद्ध षडयंत्र रचा जा रहा है। प्रमुख ने विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे मेरी हत्या कराने की नियत से मेरे विरुद्ध अपराधियों को लगाए थे किंतु वे अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सके। उन्हें विकास देखना है तो गढ़वा विधानसभा में जा कर देखें। इनके 20 वर्ष के कार्यकाल पर गढ़वा विधानसभा क्षेत्र का 4 वर्ष भारी है। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड सचिव अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि प्रखंड प्रमुख पिंकू पांडेय हर वक्त प्रखंड की जनता के दुख सुख में खड़े रहते हैं। विधायक को प्रमुख की लोकप्रियता नहीं पच रही है यही कारण है कि वे गलत आरोप लगाते हुए अधिकारियों को पत्र लिख रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना ठाकुर, प्रखण्ड सचिव अंजनी कुमार सिंह मौजूद थे।

## रोबिन कश्यप बनें जिला टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता


रोबिन कश्यप।

**गढ़वा।** नीलांबर पीताम्बर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर द्वारा आयोजित स्नातक सेशन 2020-23 की फाइनल परीक्षा का रिजल्ट एनपीयू के ऑफिसियल वेबसाइट पर जारी कर दिया गया। जिसमें श्री सदगुरू जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय गढ़वा के छात्र रांकी मुहल्ला निवासी गोपाल प्रसाद कश्यप के पुत्र रोबिन कश्यप ने पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। रोबिन पॉलिटिकल साइंस के विद्यार्थी हैं। रोबिन कश्यप ने 75.06 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे गढ़वा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त और अपने महाविद्यालय तथा जिले को गौरवान्वित करने का कार्य किया। रोबिन शुरू से ही अपने महाविद्यालय में एक सक्रिय छात्र के रूप में पढ़ाई के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में भी अपनी रुचि रखते थे। नामधारी महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई में बतौर स्वयंसेवकों अपने दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं, जिसमें इन्हें सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक पुरस्कार से सम्मानित भी किया जा चुका है। अपने इस उपलब्धि पर रोबिन ने बताया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। जैसे हम नदी में उतरे बिना कभी तैरना नहीं सीख सकते वैसे ही बिना संघर्ष और मेहनत किये कभी सफलता नहीं प्राप्त कर सकते। मेरे इस सफलता के पीछे मेरे शिक्षकों का अहम योगदान है। पत्रकारिता के क्षेत्र में जाना मेरे लिए प्राथमिकता रहा है और उसी को अपना लक्ष्य मान कर

## झोला छाप डॉक्टर के इलाज से नवजात शिशु की मौत, महिला अस्पताल में भर्ती

**लापरवाही की वजह से 10 घंटे बाद महिला ने मृत बच्चे को जन्म दिया**

खबर मन्त्र संवाददाता


अस्पताल में महिला।

**कांडी।** बाजार स्थित एक महिला चिकित्सक (झोला छाप डॉक्टर) की लापरवाही से नवजात शिशु की मौत हो गई। जबकि महिला गंभीरावस्था में गढ़वा स्थित एक अस्पताल में भर्ती है। जानकारी के अनुसार कांडी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत मझिगवां के शिवंडी टोला निवासी पंकज यादव ने प्रसव पीड़ा से व्याकुल उसकी पत्नी पूजा कुमारी को गुरुवार की अहले सुबह कांडी बाजार स्थित महिला चिकित्सक प्रतिमा देवी के पास लाया। महिला चिकित्सक द्वारा इलाज जारी रखने के 9 घंटे बाद भी कोई खास लाभ नहीं मिलने पर परिजनों ने प्रसव पीड़ित महिला को बाहर ले जाने के लिए महिला चिकित्सक से डिस्चार्ज करने का आग्रह किया। किंतु उक्त महिला चिकित्सक द्वारा झूठा आश्वासन देते हुए महिला का इलाज किया जाता रहा। परिजनों के अनुसार 10 घंटे बाद महिला ने मृत बच्चे को जन्म दिया। साथ ही अधिक रक्तस्राव होने की वजह से महिला की स्थिति काफी नाजुक हो गई। महिला के पति व उसके परिजनों ने महिला चिकित्सक के खिलाफ कांडी थाना, रेफरल अस्पताल मझिआंव व सिविल सर्जन गढ़वा को आवेदन देते हुए कड़ी कार्रवाई का आग्रह किया है। गंभीरावस्था में पूजा कुमारी को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा में एक अस्पताल में भर्ती कराया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांडी थाना द्वारा उक्त मामले से संबंधित प्रतिवेदन सिविल सर्जन को भेजा जा रहा है।

## छापामारी अभियान में बियर एवं अंग्रेजी शराब की बोतल जप्त, दो गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता


जानकारी देते थाना प्रभारी।

**मझिआंव।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुरुवार की देर शाम थाना प्रभारी आकाश कुमार ने शस्त्र बल के जवानों के साथ खरसोता गांव के दो अलग-अलग घरों में छापामारी कर 17 बोतल किंगफिशर बियर एवं 48 बोतल अंग्रेजी शराब जप्त किया। इस दौरान इस अवैध कारोबार में शामिल खरसोता गांव निवासी अभिजीत प्रसाद एवं जयशंकर प्रसाद को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। शराब कारोबार में संलिप्त दोनों आरोपियों को शुक्रवार को उत्पाद अधिनियम एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गई। जिसमें किंगफिशर बियर के अलावे सिग्नेचर, रॉयल स्टैग, लेंडर प्राइड, ओल्डमांक रम, इंपीरियल ब्लू, 8 पीएम सहित कई कंपनी के अंग्रेजी शराब जप्त किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों के घरों से कुल 65 बोतल विदेशी शराब जप्त किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में अवैधकारोबार करने वाले लोगों को बख्सा नही जायेगा। छापामारी अभियान में बीडीओ सतीश भगत, एसआई चंदन प्रधान एवं संजय मुंडा, मिथिलेश तिवारी व शस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## हैवान पति ने पत्नी और 3 बेटियो की गला रेत की हत्या

**फरार पति पर 15 हजार का इनाम घोषित**





**पूर्वी चंपारण।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में ह्रदय विदारक घटना सामने आई है। जहां एक वहशी पति ने पत्नी समेत 3 बच्चों की गला काटकर हत्या कर दी। घटना पहाड़पुर थाना क्षेत्र के बावरिया गांव की है। बताया जा रहा है कि बीती रात उसने सोते वक्त पत्नी और 3 बच्चों की गला काटकर हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपित इदु मियां घर छोड़ फरार है। मृतकों में इदु की पत्नी अफरीना खातून (40), अबरुन खातून (13), तबरुन खातून (11) व शहजादी खातून (9) शामिल हैं। चारो की बेरहमी से गला काट हत्या की गई है। घटना के कारणो का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। मृतका आरोपित की दूसरी पत्नी थी।पहली पत्नी की मौत हो चुकी है। पहली पत्नी से दो पुत्र हैं जो बाहर काम करते हैं। जबकि दूसरी पत्नी मृतका अफरीना से पांच बच्चियां थी। इनमें एक की शादी हो चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार इदु साइको है। पांच बच्चियो में एक को पूर्व में यूपी में चलती ट्रेन से फेंक कर मार डाला था। इस मामले में वह जेल भी जा चुका है। कुछ माह पूर्व ही वह जेल से छुटने के बाद घर आया था। दुसरी पत्नी मृतका अफरीना का मायका पश्चिम चंपारण जिले के जगदीशपुर का झखरा गांव में है। घटना के बाद अरेराज डीएसपी रंजन कुमार व कई थाना की पुलिस एफएसएल टीम व श्वान दस्ता के साथ मामले की छानबीन में जुटी हैं। ग्रामीणो के अनुसार गुरुवार की देर रात किसी बात को लेकर इदु और उसकी पत्नी के बीच विवाद हुआ था। जिसके बाद उसने सोते वक्त पत्नी और तीन बच्चों की गला काटकर हत्या कर दी और फिर मौके से फरार हो गया। एक साथ चार लोगों की हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैला हुआ है। पुलिस ने चारो शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि मामले की जांच के साथ ही आरोपी पति की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

### लोकसभा चुनाव से पहले बिहार संग मोदी वीडियो गाना हुआ लॉन्च

**अररिया।** आगामी लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने अपने 10 सालों के कामकाज को लेकर मोदी संग बिहार थीम सॉन्ग जारी किया है। यह थीम गाने को बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने लगभग तीन मिनट का वीडियो सॉन्ग लॉन्च किया है। इस मौके पर अररिया के आश्रम रोड स्थित जिला भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा,भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह एवं प्रदेश से आये जिला मीडिया प्रभारी धीरज झा ने पार्टी के कार्यकर्ता एवं जिला पदाधिकारियों के साथ वीडियो सॉन्ग मोदी संग बिहार को लॉन्च किया। वीडियो सॉन्ग लॉन्च के दौरान जिला भाजपा कार्यालय पर मौजूद प्रदीप कुमार सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने बीते 10 वर्षो में सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास नारे के साथ जनहित में जो काम किया है उसे इस वीडियो गाने के माध्यम से दिखाया गया है।

### हैकर्स का बढ़ता जा रहा है आतंक

## पहले प्रशासनिक अधिकारियों का एकाउंट किया हैक, अब हैकर्स के निशाने पर पत्रकार

- वरिष्ठ पत्रकार अमित कुमार सिन्हा का फेसबुक एकाउंट किया हैक




**रामगढ़।** इन दिनों हैकर्स ने आतंक मचा रखा है। पहले हैकर्स ने रामगढ़ डीसी चंदन कुमार सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों के सोशल मीडिया एकाउंट हैक किया। हैकर्स द्वारा अब पत्रकारों को निशाना बनाया जा रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रामगढ़ जिले के वरिष्ठ पत्रकार अमित कुमार सिन्हा का फेसबुक एकाउंट हैकरों द्वारा हैक कर लोगों से पैसों की डिमांड की जा रही है। साथ ही लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजे जा रहे है। अपना एकाउंट हैक होने पर वरिष्ठ पत्रकार अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि यह एक गंभीर और चिंता जनक विषय है। उन्होंने कहा कि एक विशेष सेल का गठन कर हैकरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने कि जरूरत है तभी इस प्रकार कि घटनाओं को रोका जा सकता है। साथ ही उन्होंने कहा है कि हैकरों द्वारा मेरे नाम से बनाये गए फर्जी एकाउंट से कोई मेसेज या फ्रेंड रिकवेस्ट भेजा जाए तो उस आईडी को ब्लॉक करें और कोई भी रिप्लाय नही दें। संबंधित कार्रवाई के बाद फेसबुक द्वारा उक्त आईडी फेक को बंद किए जाने की सूचना है।

## पूर्णिया में कांग्रेस और राजद की फ्रेंडली लड़ाई, पप्पू यादव 4 अप्रैल को कांग्रेस के सिंबल पर करेंगे अपना नामांकन



एजेंसी

**पूर्णिया।** पूर्व सांसद पप्पू यादव द्वारा अपनी पार्टी जाप का कांग्रेस में विलय करने के बाद से लगातार पूर्णिया संसदीय सीट पर कांग्रेस और राजद के खींचतान के बीच काफी माथा पच्ची होती रही। आज पूर्ण रूप से पप्पू यादव ने प्रेस वार्ता कर स्पष्ट करते हुए घोषणा किया कि मैं चार अप्रैल को कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल करूंगा। मेरा सपना है कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बने और इसके लिए सीमांचल के सभी सीटों के लिए जी जान लगा दूंगा। पूर्णिया मेरी माटी है और पूर्णिया मेरा जीवन इसलिए पूर्णिया से जीत हासिल करके कांग्रेस के हाथ को मजबूत करूंगा। उन्होंने कहा कि लालू यादव मेरे पिता समान है तथा बीमा भारती मेरी बेटी की तरह है इसलिए उनके संबंध में मैं कुछ भी नहीं कहूंगा। मेरी इच्छा है कि बिहार की 40 की 40 सीट कांग्रेस की झोली में जाए और राहुल गांधी प्रधानमंत्री बने। इस ऐलान के बाद पप्पू यादव के समर्थक पप्पू यादव जिंदाबाद और कांग्रेस जिंदाबाद का नारा लगा रहे थे। इस घोषणा से पप्पू यादव के समर्थकों में काफी खुशी है। इस घोषणा के बाद पूर्णिया सीट पर राजग गठबंधन के संतोष कुशवाहा तथा राजद से बीमा भारती एवं कांग्रेस से पप्पू यादव की लड़ाई पक्की हो गई है। अंदर खाने यह भी चर्चा है कि उदय सिंह उर्फ पप्पू सिंह भी एक-दो दिन में कुछ घोषणा पूर्णिया संसदीय सीट को लेकर कर सकते हैं। इस घोषणा के बाद एनडीए गठबंधन के नेताओं ने कहा कि अब पूर्णिया में पप्पू को पप्पू जिताएंगे। पूर्णिया की जनता को अच्छे और बुरे की पहचान है। पूर्णिया की जनता नृत्य कर लिया है कि एनडीए गठबंधन के संतोष कुशवाहा को जीत हासिल करवा कर मोदी जी तथा नीतीश जी के हाथों को मजबूत करना है जिस देश का विकास और बिहार का विकास हो सके।

### जमुई सीट पर राजग और महागठबंधन के नवोदित प्रत्याशी की होगी टक्कर

**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 में जमुई (सु) संसदीय सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और महागठबंधन के उम्मीदवारों के बीच चुनावी रणभूमि में टक्कर होगी। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जमुई (सु) सीट पर राजग में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के टिकट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के पुत्र चिराग पासवान पासवान ने राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (रालोसपा) उम्मीदवार और पूर्व सांसद भूदेव चौधरी को पराजित किया था। इस बार के चुनाव में राजग के घटक दल लोजपा-रामविलास से चिराग पासवान ने जमुई (सु) सीट से अपने जीजा अरुण भारती को उम्मीदवार बनाया है। चिराग पासवान ने हाजीपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। अरुण भारती कांग्रेस की पूर्व मंत्री डॉ. ज्योति के पुत्र हैं। डॉक्टर ज्योति बिहार में कांग्रेस की कद्दावर नेता रही हैं। वह बिहार में विधायक, बिहार विधान परिषद् की सदस्य रहने के साथ ही बिहार सरकार में मंत्री रह चुकी हैं।

### औरगाबाद सीट पर सांसद से लोहा लेगा पूर्व विधायक

**पटना।** लोकसभा चुनावा 2024 में बिहार के चितौड़गढ़ कहे जाने वाले औरगाबाद संसदीय सीट पर महागठबंधन के उम्मीदवार और पूर्व विधायक अभय कुशवाहा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार और इस सीट पर चार बार जीते सांसद सुशील कुमार सिंह से लोहा लेते नजर आयेंगे। वर्ष 2019 के चुनाव में औरंगाबाद संसदीय सीट पर राजग में शामिल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार पूर्व सांसद स्व. राम नरेश सिंह के पुत्र सुशील कुमार सिंह ने महागठबंधन उम्मीदवार और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) प्रत्याशी उपेन्द्र प्रसाद को पराजित किया था। इससे पूर्व सुशील कुमार सिंह इस सीट पर वर्ष 1998 में समता पार्टी, वर्ष 2009 में जदयू और वर्ष 2014 में भाजपा के टिकट पर जीत हासिल कर चुके हैं। इस तरह सुशील कुमार सिंह औरंगाबाद सीट पर चार बार जीत दर्ज कर चुके हैं।

### नवादा सीट से चंदन सिंह चुनवी रेस से बाहर, राजग और महागठबंधन प्रत्याशी पहली बार में आजमायेंगे किस्मत

**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 में नवादा संसदीय सीट से जहां लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के सांसद चंदन सिंह चुनावी रेस से बाहर हो गये हैं वहीं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और महागठबंधन के उम्मीदवार पहली बार इस सीट पर किस्मत आजमायेंगे। नवादा सीट से चंदन सिंह ने वर्ष 2019 के चुनाव में राजग के घटक दल लोजपा के टिकट पर जीत हासिल की थी। चंदन सिंह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रत्याशी और पूर्व बाहुबली विधायक राजवल्लभ यादव की पत्नी विभा देवी को पराजित किया था। लोजपा में टूट के बाद चंदन सिंह अपने बड़े भाई सूरजभान सिंह के साथ पशुपति पारस के खेमे में शामिल हो गये थे।

## पेज एक का शेष

### मुख्तार की मौत...

देर रात शव गाजीपुर पहुंचा। शनिवार सुबह काली बाग के कब्रिस्तान में सात गुणा तीन फीट की जमीन मिली है। उनको सुपुर्दे खाक किये जाने के समय उनकी पत्नी अफसा बेगम व पुत्र अब्बास अंसारी विधायक इस अवसर पर मौजूद रहेंगे या नहीं इस पर अभी तक संशय है। जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार देर रात मेडिकल कॉलेज में मौत हो गयी थी। उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। निधन की सूचना के बाद से ही उनके आवास और कब्रिस्तान में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद पूरे राज्य में पुलिस हाई अलर्ट पर है। मऊ, बांदा और गाजीपुर में धारा 144 लागू है। गाजीपुर में मुहम्मदाबाद में मुख्तार अंसारी के घर के आगे बैरिकेटिंग कर दी गयी है।

### कांग्रेस को मिला ...

पार्टी ने यह दावा भी किया कि लोकसभा चुनाव से पहले कर आतंकवाद' (टैक्स टेररिज्म) के जरिये विपक्ष पर हमला किया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स' पर पोस्ट किया, भाजपा द्वारा 42 करोड़ रुपये जमा करने के लिए 4,600 करोड़ रुपये के जुर्माने की अनदेखी की गयी, जबकि कांग्रेस के विधायकों और सांसदों द्वारा 14 लाख नकद जमा करने के लिए 135 करोड़ रुपये के जुर्माने की मांग की गयी। उन्होंने सवाल किया कि केवल विपक्ष के खिलाफ इस अनुचित तरीके से कार्रवाई करने के लिए आयकर विभाग पर कौन दबाव डाल रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया, मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को परेशान करने के लिए आयकर विभाग को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की अनुमति क्यों दी जा रही है। लोकतंत्र को नष्ट करने और संविधान को कमजोर करने के लिए आयकर विभाग, ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग कर रहे हैं। पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने यहां पार्टी मुख्यालय में एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार सरकारी संस्थाओं का प्रयोग करके विपक्षी पार्टियों को लगातार कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि आयकर की जिन धाराओं में कांग्रेस को नोटिस भेजे जा रहे हैं और मांग की जा रही है , उन्हीं धारा में भाजपा पर 4620 करोड़ की मांग बनती है। इसकी वसूली के लिए बहुत जल्दी उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की जायेगी।

स्पीड न्यूज

## भारत एक मजबूत न्यायिक प्रणाली वाला देश है : उपराष्ट्रपति

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि भारत एक मजबूत न्यायिक प्रणाली वाला एक लोकतांत्रिक राष्ट्र है और देश को किसी अन्य देश से विधि के शासन पर सीख लेने की जरूरत नहीं है। श्री धनखड़ ने शुक्रवार को यहां भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) के 70 वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय लोकतंत्र अद्वितीय है और देश को विधि के शासन पर किसी से सीख लेने की जरूरत नहीं है। श्री धनखड़ ने कहा कि आज भारत में कानून के समक्ष समानता एक नया मानदंड है और कानून उन लोगों को जवाबदेह बना रहा है जो खुद को इससे परे समझते हैं। उन्होंने कहा कि जैसे ही कानून अपना काम करता है, वे सड़कों पर उतर आते हैं, ऊंची आवाज में बहस करते हैं और मानवाधिकारों की आड़ में दोषी को छिपाते हैं।

## धार भोजशाला में 8वें दिन भी हुई सर्वे

**धार।** धार की ऐतिहासिक भोजशाला में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का सर्वे 8वें दिन शुक्रवार को भी हुई। सर्वे टीम सुबह छह बजे भोजशाला परिसर में पहुंची और दोपहर 12 बजे बाहर आ गई। शुक्रवार की नियमित नमाज के मद्देनजर एएसआई की टीम ने करीब छह घंटे सर्वे का काम किया। इस दौरान हिंदू-मुस्लिम पक्षकार भी मौजूद थे मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के आदेश पर धार की ऐतिहासिक भोजशाला में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभा द्वारा 22 मार्च को इस सर्वे की शुरूआत की गई थी।

## पाक में चीन की एक और कंपनी ने काम किया बंद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में एक जलविद्युत परियोजना पर आत्मघाती हमले में पांच चीनी नागरिकों के मारे जाने के दो दिन बाद चीन की एक कंपनी ने इसी अशांत प्रांत में एक अन्य जलविद्युत परियोजना में निर्माण कार्य रोक दिया और सैकड़ों श्रमिकों को काम से हटा दिया है। खैबर पख्तूनख्वा के बिशम इलाके में मंगलवार को विस्फोटक लदा एक वाहन एक बस से टकराया था जिसमें उसमें सवार दासू जलविद्युत परियोजना में काम करने वाले पांच चीनी नागरिकों सहित छह व्यक्तियों की मौत हो गई। किसी आतंकी संगठन ने आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## अफगानिस्तान में फिर भूकंप से कांपी धरती

**काबुल।** अफगानिस्तान में 24 घंटे में दूसरी बार भूकंप से धरती कांपी। शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 5:11 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.6 दर्ज की गई। यह जानकारी नई दिल्ली में भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने दी। फिलहाल जनहानि के नुकसान की सूचना नहीं है। भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने एक्स हैंडल पर अफगानिस्तान में आए ताजा भूकंप का ब्यौरा साझा किया है। इससे पहले गुरुवार सुबह समयानुसार 5:44 बजे रिक्टर पैमाने पर 4.2 तीव्रता का भूकंप आया था।

## गायक कमलेश अवस्थी का निधन

**नयी दिल्ली।** मुकेश की आवाज कहे जाने वाले गायक कमलेश अवस्थी का निधन हो गया है। वह पिछले एक महीने से कोमा में थे। कमलेश अवस्थी ने फिल्म गोपीचंद जासूस में राज कपूर के लिए पार्श्वगायन किया। उनके गाने तेरा साथ है तो.., जिंदगी इम्तिहान लेती है.. कमलेश अवस्थी के निधन से संगीत जगत में शोक छा गया है। कमलेश अवस्थी का जन्म 1945 में सावरकुंडला गुजरात में हुआ था। उन्होंने भावनगर यूनिवर्सिटी से पीएचडी की। उन्होंने अपने संगीत करियर की शुरूआत कला गुरु भरभाई पंड्या के मार्गदर्शन में भावनगर से की।

# कांग्रेस का घर-घर गारंटी अभियान तीन अप्रैल से

## पांच अप्रैल को जारी कर सकती है घोषणापत्र

**लोकसभा चुनाव**

- पांच न्याय और 25 गारंटी के बारे में लोगों को बताएंगे कार्यकर्ता, आठ करोड़ लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य
- छह अप्रैल को जयपुर में जनसभा में सोनिया गांधी और कई नेता शामिल होंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस इस लोकसभा चुनाव के लिए पांच अप्रैल को घोषणापत्र जारी कर सकती है और इसके बाद वह देश के विभिन्न हिस्सों में चुनावी सभाओं का आगाज करेगी। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने यह भी बताया कि कांग्रेस तीन अप्रैल से घर-घर गारंटी अभियान भी शुरू करेगी जिसके तहत पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जाकर कांग्रेस के पांच न्याय और 25 गारंटी के बारे में लोगों को बताएंगे। पार्टी ने घर-घर गारंटी अभियान के तहत देश के आठ करोड़ परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि पांच अप्रैल को दिल्ली में कांग्रेस का घोषणापत्र जारी किए जाने की संभावना है। इसके बाद देश भर में जनसभाएं शुरू होंगी। छह अप्रैल को जयपुर में जनसभा होगी जिसमें कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हो सकते हैं। पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की अध्यक्षता वाली घोषणापत्र समिति ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र तैयार किया है। कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय, हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय- पर आधारित होगा।

पार्टी ने युवा न्याय के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा शामिल है। पार्टी ने हिस्सेदारी न्याय के तहत जाति जनगणना कराने और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की गारंटी दी है। उसने किसान न्याय के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा, कर्ज माफी आयोग के गठन तथा जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया है। कांग्रेस ने श्रमिक न्याय के तहत मजदूरों को स्वास्थ्य का अधिकार देने, न्यूनतम मजूदरी 400 रुपये प्रतिदिन सुनिश्चित करने और शहरी रोजगार गारंटी का वादा किया है। उसने नारी न्याय के अंतर्गत महालक्ष्मी गारंटी के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को एक-एक लाख रुपये प्रति वर्ष देने समेत कई वादे किए हैं।



## आयकरके नोटिस पर आज देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस पार्टी को मिले आयकर नोटिस के खिलाफ पार्टी देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने सभी राज्य इकाइयों को इस मुद्दे पर शनिवार को सभी प्रदेश और जिला कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर प्रदर्शन करने का निर्देश दिया है। केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि अब जबकि लोकसभा के चुनाव की घोषणा हुए एक माह हो गए हैं, ऐसे में आयकर विभाग ने गुरुवार को 1823.08 करोड़ रुपये का नोटिस भेज दिया, जो स्वीकार्य नहीं है।

## भ्रष्टाचार की जननी है कांग्रेस : अनुराग ठाकुर

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस के पास पैसे ना होने वाले राहुल गांधी के बयान पर शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी है। इसके नेता खुद को देश के कानून से ऊपर समझते हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश का पहला रक्षा घोटाला 1947 में जीप घोटाला कांग्रेस के कार्यकाल में हुआ। इन्हीं की सरकार के समय बोफोर्स घोटाला, अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला समेत अन्य कई घोटाले हुए। इतने सारे पैसे कहां गए? राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे पर इनकम टैक्स नहीं लगता परंतु सभी दलों को इनकम टैक्स रिटर्न भरना होता है। क्या कांग्रेस इतनी व्यस्त थी कि वह टैक्स रिटर्न नहीं भर पाई? क्या इनके लिए हम नए कानून बना दें ताकि यह भ्रष्टाचार करें ।

# तमिलनाडु में बाजी पलटने वाली है भाजपा : प्रधानमंत्री

## नमो एप से मोदी ने कार्यकर्ताओं से की बात, कहा-नौ पार्टियां एनडीए का हिस्सा

- डीएमके और सहयोगियों पर भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था नशा और परिवारवाद को लेकर जमकर हमला बोला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमाम राजनीतिक विश्लेषकों के हवाले से दावा किया कि भाजपा तमिलनाडु में बाजी पलटने वाली है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ गुस्सा चुनाव के दौरान निकलेगा। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को नमो ऐप के माध्यम से तमिलनाडु के भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में नौ पार्टियां एनडीए गठबंधन का हिस्सा हैं। ये नौ रत्न एक साथ आए हैं और इनमें बहुत बड़ी ताकत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि एनडीए के सभी सदस्य हर बूथ पर मिलकर काम करेंगे। मोदी ने कहा कि भाजपा आज महिला नेतृत्व वाले विकास के मॉडल पर काम कर रही है। हमारी प्रतिबद्धता भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की है और महिलाएं इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु की सत्तारूढ़ डीएमके और उसके सहयोगियों पर भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था, नशा और परिवारवाद को लेकर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इनके सत्ता में आने के बाद से राज्य में शासन की हालत खराब है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं को ऐसे सभी मुद्दों को बूथ के हर परिवार तक पहुंचाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि डीएमके जैसे राजनीतिक दल मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से डरते हैं और इसलिए वे इन योजनाओं का लाभ लोगों तक नहीं पहुंचने देते हैं। इसके अलावा वे मोदी सरकार की सभी



योजनाओं पर अपनी योजनाओं के स्टीकर भी चिपकाते हैं, इसलिए भाजपा के सभी कार्यकताओं का कर्तव्य बनता है कि वे जनता को योजनाओं और उनके लाभों के बारे में जागरूक करें। इससे तमिलनाडु के लोगों में विश्वास पैदा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कार्यकताओं से जुड़ा कार्यक्रम उन्हें आनंद से भर देता है। उन्होंने स्वयं एक कार्यकर्ता के रूप में लंबे समय तक काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की तमिलनाडु टीम के सभी सदस्य लंबे समय से शानदार काम कर रहे हैं। 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' का ये प्रोग्राम एक-दूसरे से कनेक्ट करने का और एक-दूसरे से सीखने का कार्यक्रम है।

## मंडी में कंगना रनौत ने मंडयाली में खूब तड़का लगाया, कहा

# तुहां एड़ा नी सोचणा कि कंगना कोई हिरोइन ई

**चार जून को केंद्र के साथ ही हिमाचल में भी भाजपा की सरकार बनेगी**

एजेंसी



**मंडी।** दिल्ली में पार्टी हाईकमान से मुलाकात कर भाजपा की प्रत्याशी व अभिनेत्री कंगना रनौत शुक्रवार को अपने गृह क्षेत्र पहुंची। उन्होंने चुनाव प्रचार का आगाज भी गृह क्षेत्र से किया। कंगना रनौत का भांबला पहुंचने से पहले बनोहा में जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान कंगना ने रोड शो भी किया।

हॉट सीट मंडी से भाजपा प्रत्याशी कंगना ने अपने गृह क्षेत्र में मंडयाली बोली में खूब तड़का लगाया। उन्होंने लोगों से कहा कि तुहां एड़ा नी सोचणा कि कंगना कोई हिरोइन ई। कंगना कोई स्टार ई, तुहां एड़ा सोचना कंगना अहां री बेटी, अहां री बैण ई। कदी नी एड़ा सोचणा कंगना कने कियां गलांगे। ऐथी सारे मेरे रिश्तेदार। कोई मेरा चाचा ता कोई ताऊ, कोई भाई तां कोई बैण। सभी दया दृष्टि रखणी। गलती हुई तो माफ करें और अपना समझकर मुझे गाइड करें। भांबला में जनसभा के दौरान कंगना ने कांग्रेस की टिप्पणी, जिसमें उन्हें मुंबई का बताया गया का जवाब मंडयाली बोली में दिया। साथ ही उन्होंने तंज कसा कि कांग्रेस भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रही है। कंगना ने जनता से आग्रह किया कि भ्रमित होने की जरूरत नहीं है। यह मत सोचना कि कंगना से मेहनत नहीं होगी। जनता काम बताए, सभी काम किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चार जून को केंद्र के साथ ही हिमाचल में भी भाजपा की सरकार बनेगी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह से मुकाबले के सवाल पर भाजपा प्रत्याशी कंगना ने कहा कि मैं तो कहूंगी कि उनको अब रेस्ट ले लेना ही अच्छा रहेगा। अब नई पीढ़ी को मौका देना चाहिए। अब नई ऊर्जा के साथ नए चेहरे भी आगे आने चाहिए, जिस तरह से भाजपा नए लोगों को मौका दे रही है।

# गोला-बारूद और टारपीडो ले जाने वाली बार्ज नौसेना के बेड़े में शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गोला- बारूद, टारपीडो तथा मिसाइलों को समुद्र में एक स्थान से दूसरे स्थान पर लाने - ले जाने में सक्षम तीसरी बार्ज नौका एलएसएएम-18 गुरुवार को नौसेना के बेड़े में शामिल हो गयी। नौसेना ने शुक्रवार को कहा कि इस बार्ज नौका को ठाणे के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम शिपयार्ड, मेसर्स सूर्यदिप्ता प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने बनाया है।



रक्षा मंत्रालय ने इन नौकाओं के निर्माण के लिए मेसर्स सूर्यदीप्ता प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ पांच मार्च 2021 में एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। इन नौकाओं के भारतीय नौसेना में शामिल होने से नौसेना की संचालन क्षमता को बढाने एवं अभियानों को पूरा करने में तेजी आयेगी। इन नौकाओं से बांधों , घाटों और बाहरी बंदरगाह पर भारतीय नौसेना के जहाजों के लिए सामान, गोला-बारूद के परिवहन, लदान तथा चढ़ाने-उतारने की सुविधा मिलेगी। ये छोटे जहाज नौसेना नियमों और भारतीय शिपिंग रजिस्टर के विनियमन के तहत स्वदेशी रूप से तैयार तथा निर्मित किए गए हैं। डिजाइन चरण के दौरान बार्ज नौकाओं का मॉडल परीक्षण विशाखापत्तनम की नौसेना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला में किया गया था। ये बार्ज नौकाएं मेक इन इंडिया पहल की गौरवशाली ध्वजवाहक हैं।

## पूरे देश में गूंज रही है मोदी की गारंटी : योगी



**अमरोहा ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि वर्ष 2014 के बाद दुनिया में भारत का सम्मान तो बढ़ा ही है, साथ में देश की सीमाएं भी सुरक्षित हुई हैं। देश में आतंकवाद और नक्सलवाद का खात्मा हुआ। इसके अलावा आज देश में वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर है। दस साल पहले तक अमरोहा से दिल्ली की दूरी तय करने में पांच-छह घंटे लगते थे, वहीं आज दो घंटे में यह दूरी तय की जाती है। यह सब पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो पाया है। पूरे देश में मोदी की गारंटी गूंज रही है। मुख्यमंत्री ने अमरोहा में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में लोगों से पूर्व सांसद और भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के पक्ष में वोट की अपील की।

# राजू पाल हत्या में छह को उम्रकैद

- बसपा विधायक राजू पाल की 25 जनवरी 2005 को गोली मारकर कर हुयी थी हत्या

एजेंसी

**लखनऊ।** लखनऊ की एक विशेष सीबीआई अदालत ने बसपा के विधायक रहे राजू पाल की हत्या के मामले में शुक्रवार को 6 आरोपियों को उम्रकैद और 1 आरोपी को 4 साल की सजा सुनाई है। इस मामले में माफिया से नेता बना अतीक अहमद भी आरोपी था। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि अतीक अहमद, उसके भाई एवं मुख्य आरोपी खालिद अजीम उर्फ अशरफ और गुलबुल उर्फ रफीक के खिलाफ सुनवाई उनकी मौत के बाद बंद कर दी गई थी। उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद से बसपा नेता राजू पाल की अतीक अहमद के भाई अशरफ के साथ राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के परिणामस्वरूप 25 जनवरी 2005 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। राजू पाल ने नवंबर 2004 में प्रयागराज पश्चिम सीट पर हुए उपचुनाव में अतीक के छोटे भाई मोहम्मद अशरफ को हराकर जीत हासिल की थी। बसपा नेता राजू पाल 2002 में इस सीट पर अतीक अहमद से चुनाव हार गया था लेकिन जब अतीक ने लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद यह सीट खाली की तो पाल ने उपचुनाव में अशरफ को हरा दिया था।

## आलिया भट्ट ने वंचित बच्चों के लिए जुटाया फंड



**मुंबई ।** एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने लंदन में चल रहे चैरिटी इवेंट होप गाला को होस्ट किया। उन्होंने इस इवेंट में भारत में वंचित बच्चों के लिए काम करने वाले सलाम बॉम्बे फाउंडेशन की मदद करने के लिए फंड जुटाया। आलिया ने कहा कि मुझे इन बच्चों की कहानियों को नया आकार देने में मदद करने में एक छोटी सी भूमिका निभाकर खुशी हुई है। आज हमारे प्रयासों की शुरूआत है और लोगों के समर्थन से मुझे विश्वास है कि हम आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति करेंगे।

# मेरठ-हापुड़ सीट पर सपा व रालोद का अब तक नहीं खुला खाता

**लोकसभा चुनाव**

- मेरठ-हापुड़ सीट पर वर्ष 1952 से अब तक कांग्रेस, भाजपा, बसपा, सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार चुने गये
- 1980 में मेरठ में कांग्रेस उम्मीदवार मोहसिना किदवई ने जनता पार्टी उम्मीदवार हरीश पाल को हराया था

एजेंसी

**मेरठ।** मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर वर्ष 1952 से अब तक कांग्रेस, भाजपा, बसपा, सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार चुने गए, लेकिन सपा और रालोद का एक बार भी खाता नहीं खुल सका। वर्ष 1952 में देश में हुए पहले आम चुनावों में मेरठ जिले को तीन लोकसभा क्षेत्रों में बांटा गया था। इसमें मेरठ जिला (पश्चिम), मेरठ जिला (दक्षिण) और मेरठ जिला (उत्तर पूर्व) शामिल रहे। इस चुनाव में मेरठ सीट से तीन सांसद चुनाव जीतकर लोकसभा में पहुंचे थे। मेरठ पश्चिम लोकसभा सीट से पहली बार कांग्रेस के खुशीराम शर्मा ने निर्दलीय उम्मीदवार हुकुम सिंह को हराया था। मेरठ दक्षिण सीट से कांग्रेस उम्मीदवार कृष्णचंद्र शर्मा (त्यागी) ने भारतीय जनसंघ के हरसरन दास को हराकर चुनाव जीता। इसी तरह से मेरठ उत्तर-पूर्व लोकसभा सीट से कांग्रेस के शाहनवाज खान ने अखिल भारतीय रामराज्य परिषद के सूरज बल स्वामी को पराजित किया। 1957 में मेरठ सीट से कांग्रेस के जनरल शाहनवाज खान ने भाकपा के बृजराज किशोर को हराया। 1962 में तीसरे आम चुनाव में भी कांग्रेस के शाहनवाज खान ने सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार महाराज सिंह भारती को हराया। 1967 में सोशलिस्ट पार्टी के



महाराज सिंह भारती ने कांग्रेस के शाहनवाज खान को करारी शिकस्त दी। 1971 के चुनाव में कांग्रेस के शाहनवाज खान ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (ऑर्गनाइजेशन) के उम्मीदवार हरीकिशन को हराया। 1977 में जनता पार्टी के कैलाश प्रकाश ने कांग्रेस उम्मीदवार शाहनवाज खान पराजित कर दिया। 1980 में मेरठ लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार मोहसिना किदवई ने जनता पार्टी उम्मीदवार हरीश पाल को हराया। 1984 में भी कांग्रेस की मोहसिना किदवई ने जनता पार्टी की अंबिका सोनी को हराया। 1980 में हरीश पाल ने मोहसिना किदवई को चुनाव में पराजित किया।

### वर्ष 1991 में पहली बार खुला भाजपा का खाता

वर्ष 1991 में मेरठ-हापुड़ सीट पर भाजपा का खाता पहली बार खुला। भाजपा उम्मीदवार अमरपाल सिंह ने यहां से जीत दर्ज की। इसके बाद 1996 और 1998 में भी अमरपाल ने जीत दर्ज की। 1999 में हुए मध्यावधि चुनाव में कांग्रेस ने यह सीट भाजपा से छीन ली। कांग्रेस उम्मीदवार अवतार सिंह भड़ाना ने भाजपा उम्मीदवार को हराकर जीत हासिल की। 2004 के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार शाहिद अखलाक ने राष्ट्रीय लोकदल के मलूक नागर को हराया।

2009 में हुए चुनाव में भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल ने बसपा के मलूक नागर को हराकर चुनाव जीता। इसके बाद 2014 की मोदी लहर में भाजपा उम्मीदवार राजेंद्र अग्रवाल ने बसपा के शाहिद अखलाक को हराकर दूसरी बार लोकसभा में पहुंचने में कामयाबी पाई।

2019 के चुनाव में नजदीकी मुकाबले में राजेंद्र अग्रवाल ने फिर से बसपा के याकूब कुरैशी को शिकस्त देकर जीत की हैट्रिक लगाई। अभी तक सपा और रालोद को मेरठ सीट पर जीत का इंतजार है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर अभिनेता अरुण गोविल को चुनाव मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले बसपा के देवव्रत त्यागी चुनाव मैदान में हैं।

VERMA PRESS ®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !